चैत्र कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 28 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 2, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



क्षुद्रग्रह बेन्नु के नमूनों को संग्रहालयों में रखा 16
अदिति राव हैदरी ने साउथ एक्टर सिद्धार्थ से रचाई शादी 15

## दिलीप, सुप्रिया को आयोग का नोटिस

नयी दिल्ली, एजेंसी




● निर्वाचन आयोग की कंगना और ममता बनर्जी पर टिप्पणियों को लेकर कार्रवाई

निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियों के लिए बुधवार को भाजपा नेता दिलीप घोष और कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत को कारण बताओ नोटिस जारी किया। रनौत को भाजपा ने आम चुनाव के लिए हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से उम्मीदवार बनाया है।

निर्वाचन आयोग ने घोष और श्रीनेत की टिप्पणियों को अशोभनीय और गलत बताया। आयोग ने कहा कि प्रथम दृष्टया, दोनों टिप्पणियां आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) और चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिक दलों को गरिमा बनाए रखने की सलाह का उल्लंघन हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता लागू हो गई। घोष और श्रीनेत को 29 मार्च की शाम तक कारण बताओ नोटिस का जवाब देने को कहा गया है। आयोग ने भाजपा की शिकायत के बाद श्रीनेत के खिलाफ कार्रवाई की, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने 'एक्स' पर 'अशोभनीय टिप्पणियों' के साथ रनौत की तस्वीर पोस्ट की थी। आयोग के अनुसार सुप्रिया ने पोस्ट किया था, 'मंडी में क्या भाव चल रहा है, कोई बताएगा?' पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता घोष को नोटिस टीएमसी द्वारा आयोग का रुख करने के बाद जारी किया गया। आयोग के मुताबिक घोष ने कहा था, 'जब दीदी गोवा जाती हैं, तो वह गोवा की बेटी बन जाती हैं, त्रिपुरा में कहती हैं कि मैं त्रिपुरा की बेटी हूं, तय करें आपके पिता कौन हैं। स्पष्ट करें...' आयोग ने कहा कि टिप्पणी अशोभनीय और एमसीसी के प्रावधानों और आयोग की सलाह का उल्लंघन करने वाली है।

### मेरठ, मथुरा, गाजियाबाद में बोले मुख्यमंत्री- परिवार पहले मानने वाला पक्ष माफिया राज को प्रश्रय देता है

## लोस चुनाव 'फैमिली फर्स्ट' और 'नेशन फर्स्ट' के बीच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/मथुरा/मेरठ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चुनावी समर में दो पक्ष स्पष्ट नजर आ रहे हैं। एक के लिए फैमिली फर्स्ट है तो मोदी के पक्ष के लिए नेशन फर्स्ट है। एक पक्ष अपने कृत्यों से माफिया राज को प्रश्रय देता है तो प्रधानमंत्री का पक्ष कानून के राज को प्रभावी ढंग से लागू करता है। एक पक्ष भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है तो एक पक्ष जीरो टालरेंस का पक्षधर है। एक तरफ फैमिली फर्स्ट की बात करने वाले लोग हैं तो दूसरी तरफ 140 करोड़ लोगों को परिवार मानने वाले मोदी हैं। मुख्यमंत्री ने बुधवार से चुनाव प्रचार की कमान संभालते हुए मथुरा में भाजपा उम्मीदवार हेमामालिनी के पक्ष में वोट देने की अपील की। सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण, सांसद तेजवीर सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, विधायक श्रीकांत शर्मा, पूरन प्रकाश, राजेश चौधरी, विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया, नीलश्याम सिंह आदि रहे।




मथुरा में सभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

### मेरठ इतिहास में दर्ज नहीं होता, इतिहास रचता है

**मेरठ।** अरुण गोविल आज मेरठ की पहचान बनने जा रहे हैं। अरुण गोविल अब मेरठ में इतिहास रचेंगे, क्योंकि मेरठ इतिहास में दर्ज नहीं होता, बल्कि इतिहास रचता है। ये बातें मुख्यमंत्री ने चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी के नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रेक्षागृह में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में कही। क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, मंत्री कपिलदेव अग्रवाल, सोमेन्द्र तोमर, सांसद राजेन्द्र अग्रवाल, सांसद प्रत्याशी अरुण गोविल सहित पार्टी पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

### ...हम शासन करने आए हैं दमदारी से करेंगे

**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री ने गाजियाबाद में भी प्रबुद्धजनों से संवाद किया। योगी ने यहां विधायक व भाजपा से लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग के पक्ष में वोट देने की अपील की। सीएम ने कहा कि हमें भजन गाना होगा तो मठ में जाएंगे। हम शासन करने आए हैं और शासन दमदारी से चलेगा, जिसे काम नहीं करना होगा, लिखकर दे, उसे छुट्टी दे दूंगा। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मंत्री असीम अरुण, कपिलदेव अग्रवाल, नरेंद्र कश्यप, सांसद अनिल अग्रवाल आदि रहे।

### एक नजर

#### अमरावती से नवनीत व चित्रदुर्ग से गोविंद को मिला टिकट

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र की अमरावती (सु.) सीट से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा भाजपा की उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल विधानसभा सीट के उपचुनाव में उम्मीदवार होंगे। भाजपा ने बुधवार शाम लोकसभा चुनावों के लिए अपनी सातवीं सूची में महाराष्ट्र एवं कर्नाटक की दो सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित किए हैं। कर्नाटक की चित्रदुर्ग (सु.) सीट से गोविंद करजोल को भाजपा का टिकट दिया गया है। पार्टी ने आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 10 उम्मीदवार घोषित किए जबकि हरियाणा की करनाल विधानसभा सीट के उप चुनाव में मुख्यमंत्री सैनी को उतारा गया है।

#### छत्तीसगढ़ : दो महिला नक्सलियों समेत छह ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में दो महिला नक्सली समेत छह नक्सलियों को मार गिराया है। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि बासागुड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत चिपुरभट्टी गांव के करीब तालपेरू नदी के किनारे जंगलों में हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने दो महिला समेत छह नक्सलियों को मार गिराया है।

## मुरादाबाद में सपा ने बदला प्रत्याशी रामपुर से दो दावेदारों का नामांकन

### अंतिम दिन मुरादाबाद में रुचिवीरा और रामपुर में मोहिबुल्लाह नदवी ने भरा पर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/रामपुर





● आजम के दबाव में मुरादाबाद से पर्चा भर चुके एसटी हसन का पत्ता साफ

● रामपुर से सपा के अधिकृत प्रत्याशी के सामने करीबी आसिम राजा को किया आगे

**अमृत विचार :** आजम खां ने जेल में रहते हुए सपा के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी। आजम के दबाव में ही सपा ने मुरादाबाद से मौजूदा सांसद एसटी हसन का 24 घंटे में ही टिकट काटकर बिजनौर की पूर्व विधायक रुचि वीरा को प्रत्याशी घोषित कर दिया। जबकि हसन मंगलवार को नामांकन कर चुके थे। रामपुर से सपा के प्रत्याशी के सामने आजम के करीबी आसिम राजा ने खुद को सपा उम्मीदवार बताते हुए नामांकन किया। रामपुर से मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार हैं। सपा प्रमुख ने बुधवार सुबह चार्टर्ड प्लेन से देवेंद्र उपाध्याय को सिंबल लेकर रामपुर भेजा, जिसके बाद मोहिबुल्लाह ने नामांकन किया। दोनों लोकसभा सीटों पर अब पार्टी से ही जुड़े दो उम्मीदवार सामने हैं।

पहले चरण के चुनाव में नामांकन के आखिरी दिन बुधवार को रामपुर सीट से दो उम्मीदवारों और मुरादाबाद से रुचि वीरा ने सपा के दूसरे उम्मीदवार के तौर पर नामांकन किया। रुचिवीरा भी सपा के वरिष्ठ नेता आज़म खान की करीबी हैं। रामपुर में जहां पूर्व में लोकसभा उपचुनाव लड़ चुके आसिम राजा ने खुद को सपा उम्मीदवार बताते हुए नामांकन किया। यही दावा करते हुए मोहिबुल्लाह ने भी पर्चा भरा।

मोहिबुल्लाह ने नामांकन के बाद कहा, 'मुझे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भेजा है। आजम खां भी मेरे हमदर्द हैं और मैं उनके लिए दुआ करता हूं। मैंने सपा से नामांकन किया है और मुझे साइकिल का सिंबल मिला है। वहीं, रामपुर सीट से ही खुद को सपा प्रत्याशी बताकर नामांकन करने वाले आसिम राजा ने कहा कि हमने सपा के उम्मीदवार की हैसियत से नामांकन भरा है।

### सपा ने बताये अधिकृत प्रत्याशी

राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि मुरादाबाद से मौजूदा सांसद एस टी हसन का टिकट काट कर बिजनौर की पूर्व विधायक रुचि वीरा को अधिकृत प्रत्याशी बनाया गया है। इसके अलावा रामपुर से मोहिबुल्लाह नदवी पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार हैं। नदवी दिल्ली के संसद मार्ग पर स्थित जामा मस्जिद के इमाम हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि पूर्व में दोनों सीटों पर उम्मीदवारों को लेकर कुछ संशय की स्थिति थी लेकिन बाद में उसे ठीक कर लिया गया है।

### रामपुर से 24 घंटे के अंदर ही बदला प्रत्याशी

**मुरादाबाद।** रामपुर सीट से आजम खां के इशारे पर आसिम राजा ने भी पर्चा भरा है। ऐसे में सपा के दो प्रत्याशियों ने बुधवार को नामांकन किया। 30 मार्च को नाम वापसी है, इस दिन तस्वीर साफ होगी। मुरादाबाद में सपा ने पहले मौजूदा सांसद डॉ. एसटी हसन को टिकट दिया था, लेकिन 24 घंटे में उनकी जगह रुचि वीरा को प्रत्याशी बना दिया। रुचि वीरा बिजनौर की पूर्व विधायक हैं। रिटर्निंग अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने रुचि वीरा के पक्ष में सपा का सिंबल व अधिकार पत्र होने की बात कही।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी में दिल्ली हाईकोर्ट का हस्तक्षेप से इनकार

नयी दिल्ली, अमृत विचार नेटवर्क/एजेंसी



● दायर की गयी याचिका पर ईडी को नोटिस, जवाब दाखिल के लिए समय मांगा

● कोर्ट ने दायर याचिका पर दो अप्रैल से पहले ईडी से मांगा जवाब

दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले में ईडी द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने गिरफ्तारी और बाद में ईडी की हिरासत में भेजे जाने को चुनौती देते हुए केजरीवाल की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया तथा दो अप्रैल से पहले उससे जवाब मांगा। न्यायमूर्ति शर्मा ने रिहाई की अंतरिम राहत देने के केजरीवाल के अनुरोध पर भी ईडी का रूख जानना चाहा।

न्यायमूर्ति शर्मा ने स्पष्ट किया कि अंतिम निस्तारण के लिए इस विषय पर तीन अप्रैल को सुनवाई होगी। हाईकोर्ट ने कहा कि कोई स्थगन नहीं लगाया जाएगा। हाईकोर्ट ने ईडी को अपने जवाब की डिजिटल एवं मुद्रित प्रति याचिकाकर्ता के वकील को देने का निर्देश दिया। केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। बाद में दिल्ली की एक अदालत ने उन्हें 28 मार्च तक के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया था। केजरीवाल ने उच्च कोर्ट से इस आधार पर उन्हें रिहा करने का अनुरोध किया है कि उनकी गिरफ्तारी अवैध है। केजरीवाल के वकील अभिषेक सिंघवी ने अपने मुवक्किल की ओर से कहा, गिरफ्तारी का मकसद सबूत ढूंढना नहीं बल्कि मुझे और मेरी पार्टी को पंगु बनाना था।

मेरी प्रार्थना है कि मुझे अभी रिहा किया जाए। ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलीसीटर जनरल एस वी राजू ने कहा कि कई पन्नों वाली याचिका की प्रति मंगलवार को ही ईडी को दी गयी है और उस पर जवाब के लिए समय दिया जाना चाहिए। इस बीच इस बात की संभावना है कि ईडी केजरीवाल को उनकी हिरासत खत्म होने पर बृहस्पतिवार को दिल्ली की एक अदालत में पेश कर सकती है।

### आप नेता के परिसरों पर ईडी की छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन से जुड़े मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को दिल्ली में आम आदमी पार्टी के नेता दीपक सिंगला के परिसरों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सिंगला ने विश्वास नगर सीट से आप के टिकट पर दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ा था लेकिन हार गए थे। सूत्रों ने कहा कि छापेमारी कुछ कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ी थी।

### दिल्ली सरकार जेल से नहीं चलेगी: उपराज्यपाल

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी सरकार जेल से नहीं चलने दी जाएगी। सक्सेना की यह टिप्पणी आप नेताओं के उन बयानों की पृष्ठभूमि में आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि अरविंद केजरीवाल जेल में रहने के बावजूद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे। उपराज्यपाल ने कहा कि दिल्ली सरकार जेल से नहीं चलेगी।

## जिस दिन आप शेयर बेचेंगे पैसा भी उसी दिन मिलेगा

मुंबई, एजेंसी

● शेयर बेचने और खरीदने पर भुगतान की व्यवस्था में किया गया बदलाव

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज शेयरों के खरीदने और बेचने पर उनके भुगतान की व्यवस्था में गुरुवार से बदलाव कर रहा है। स्टाक एक्सचेंज टी 0 सेटलमेंट सिस्टम का ट्रायल 25 शेयरों के साथ शुरू कर रहा है। यानी जिस दिन आप इन शेयरों को बेचेंगे, पैसा भी उसी दिन आपको मिलेगा।

अभी शेयर बाजार में टी 1 सेटलमेंट सिस्टम लागू है। यानी शेयरों के बेचने पर भुगतान एक दिन बाद किया जाता है। तीन महीने पहले मार्केट रेगुलेटर ने टी 0 के लिए कंसल्टेशन पेपर जारी किए थे और 12 जनवरी तक इस पर लोगों से राय मांगी थी। 6 दिन पहले 6-स्टेप गाइडलाइन जारी की थी।

शेयर खरीदने में उसी दिन शेयर डीमेट अकाउंट में क्रेडिट हो जाएगा, जिससे अगर चाहे तो उसी दिन शेयर प्लेज भी कर सकेंगे। अभी अगले दिन डीमेट अकाउंट में शेयर्स क्रेडिट होते हैं। इससे मार्केट में लिक्विडिटी बढ़ेगी, जिससे वेटिंग पीरियड का इंतजार किए बिना इन्वेस्टर्स अन्य शेयर्स को खरीद सकेंगे। साथ ही कम समय तक के लिए पैसा होने पर भी इन्वेस्टर्स मार्केट में पैसा सकेंगे।

## प. यूपी में स्टार प्रचारकों में मोदी, शाह और योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ






● भाजपा के 40 स्टार प्रचारकों में राजनाथ और दुर्विजय भी शामिल

● आधी आबादी को लुभाएंगी स्मृति हेमामालिनी, बेबी और गीता

**अमृत विचार:** पश्चिमी उप्र से शुरू हो रहे लोकसभा चुनाव के पहले चरण के प्रचार में भाजपा ने बुधवार को 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी समेत राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री सभी आठ सीटें जीतने का बिगुल फूंकेंगे। आधी आबादी के लिए महज चार स्टार प्रचारकों में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, सांसद व अभिनेत्री हेमा मालिनी, प्रदेश की महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्या और महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य का नाम है।

लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण में आठ सीटों पर मतदान 19 अप्रैल को होगा। इस चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत सीट शामिल है। स्टार प्रचारकों की सूची में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी है, लेकिन पड़ोसी हरियाणा राज्य से सीमाएं और रिश्ते जुड़े होने के बावजूद वहां के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रचारकों की सूची से गायब हैं।

अन्य स्टार प्रचारकों में प्रदेश के लोकसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, चुनाव संचालन समिति के संयोजक व मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, धर्मपाल सिंह शामिल है। केंद्रीय मंत्रियों में पीयूष गोयल, एसपी सिंह बघेल, बीएल वर्मा, संजीव कुमार बालियान है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी, दुर्विजय सिंह शाक्य, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह समेत राज्य सरकार के मंत्री जयवीर सिंह, नरेंद्र कश्यप, असीम अरुण, कपिल देव अग्रवाल, सुरेंद्र सिंह नागर, चौधरी लक्ष्मी नारायण, सुनील शर्मा के अलावा मुख्तार अब्बास नकवी, सोमेंद्र तोमर, जसवंत सैनी, दानिश आजाद, अश्विनी त्यागी, सुभाष यदुवंश, सत्येंद्र सिसोदिया, संतोष सिंह शामिल हैं।

## आप सांसद सुशील रिंकू और अंगुराल हुए भाजपा में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी



● रिंकू ने कहा- राज्य सरकार ने विकास के मामले में उनका साथ नहीं दिया

पंजाब के जालंधर से आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद सुशील कुमार रिंकू और जालंधर पश्चिम के विधायक शीतल अंगुराल बुधवार को भाजपा में शामिल हो गए। पार्टी मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, पार्टी महासचिव विनोद तावड़े और पार्टी की पंजाब इकाई के अध्यक्ष सुनील जाखड़ की मौजूदगी में दोनों ने सदस्यता ग्रहण की।

तावड़े ने कहा कि दोनों नेताओं के आने से पंजाब में भाजपा मजबूत होगी। आने वाले दिनों में दोनों नेताओं की क्षमताओं का पंजाब व पार्टी के हित में उपयोग किया जाएगा। पुरी ने कहा कि जहां 'डबल इंजन' की सरकार है वहां तो विकास हो रहा है, लेकिन पंजाब पीछे रह गया। केंद्र व राज्य में एक ही पार्टी की सरकार को भाजपा के नेता अक्सर 'डबल इंजन' की सरकार कहते हैं। जाखड़ ने दोनों नेताओं का भाजपा में स्वागत किया और बताया कि पार्टी मुख्यालय पहुंचने से पहले रिंकू ने लोकसभा अध्यक्ष को इस्तीफा भेज दिया है और आप की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया।

## मोदी बोले-ईडी के जब्त 3000 करोड़ गरीबों को लौटाएंगे

नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी

● महुआ मोइत्रा के खिलाफ भाजपा कैंडिडेट से बात की, कहा- यह बात सबको बताएं

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में गरीबों से लूटा गया और ईडी द्वारा कुर्क किया गया धन जनता को वापस मिले। भाजपा नेताओं ने बताया कि मोदी ने कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा के खिलाफ पार्टी की उम्मीदवार और पूर्ववर्ती राजघराने की सदस्य अमृता रॉय के साथ टेलीफोन पर यह बात कही।

भाजपा नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजमाता अमृता रॉय से कहा कि भ्रष्टाचारियों ने जनता का पैसा लूटा है और ईडी ने उनसे जो भी संपत्ति और धन जब्त किया है, उसे गरीबों को वापस दिया जाए... यह सुनिश्चित करने के लिए वह कानूनी विकल्प तलाश रहे हैं। मोदी ने कहा कि एक केंद्र सरकार देश से भ्रष्टाचार को उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध है तो दूसरी तरफ सारे भ्रष्ट एक साथ आ गए हैं। प्रधानमंत्री और रॉय के बातचीत का विवरण देते हुए नेताओं ने बताया कि प्रधानमंत्री का अनुमान है कि राज्य में नौकरी के लिए रिश्वत के रूप में दी गई राशि 3,000 करोड़ है। मोदी ने रॉय से कहा कि वह लोगों को इसके बारे में बताएं।

### मोइत्रा, हीरानंदानी को ईडी ने किया तलब

**नई दिल्ली।** ईडी ने विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा) उल्लंघन मामले में पूछताछ के लिए तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा और कारोबारी दर्शन हीरानंदानी को नया समन जारी कर 28 मार्च को तलब किया है। केंद्रीय एजेंसी ने इससे पहले भी तृणमूल नेता को दो बार पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन वह आधिकारिक काम का हवाला देकर उपस्थित नहीं हुईं और नोटिस को टालने की मांग की थी।

## पहले चरण के लिए कुल 155 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**लखनऊ।** पहले चरण की आठ सीटों पर चुनाव के लिए अब तक 155 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन के आखिरी दिन 109 प्रत्याशियों ने पर्चे भरे। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सहारनपुर सीट पर अब तक कुल 13, कैराना में 17, मुजफ्फरनगर में 38, बिजनौर में 23, नगीना सुरक्षित में 12, मुरादाबाद व रामपुर में 18-18 और पीलीभीत में 16 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। बताया कि 28 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 30 मार्च को प्रत्याशी नाम वापस ले सकेंगे। इन सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा।

### बढ़ी परेशानियां | यूपी मदरसा बोर्ड में प्रदेश में 12 लाख 70 हजार 36 छात्र हैं पंजीकृत

## बोर्ड के फेर में फंसा 13 लाख छात्रों का भविष्य

जीशान कदीर, लखनऊ



**अमृत विचार :** यूपी मदरसा बोर्ड के सामने 12 लाख 70 हजार 36 पंजीकृत छात्रों को सुरक्षित करने का लक्ष्य है। समायोजित छात्रों की इतनी बड़ी संख्या यूपी बोर्ड में कैसे जोड़ी जाए, इसको लेकर विभागीय अधिकारी किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सके हैं।

हाईकोर्ट का यूपी मदरसा बोर्ड को लेकर दिया गया अहम फैसला शासन के लिए किसी बड़ी मुसीबत से कम नहीं बन रहा। न्यायालय के आदेश के बाद बोर्ड का क्या होगा, छात्रों का समायोजन सहित अन्य विषयों पर बैठकें जारी हैं। बुधवार को अपर मुख्य सचिव अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ मोनिका गर्ग और निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ जे. रीभा सहित अन्य उच्च अधिकारियों ने मिलकर बैठक की। मदरसा बोर्ड में पंजीकृत 12 लाख 70 हजार 36 पंजीकृत छात्रों को समायोजित किये जाने का मामला प्रमुखता से उठा। जानकारों की मानें तो बैठक में इन छात्रों को यूपी बोर्ड में समायोजित करने को लेकर एक राय हुई। ऐसे में मदरसा बोर्ड के छात्रों को लेकर यूपी बोर्ड की व्यवस्थाएं नाकाफी मिलीं। बोर्ड रजिस्ट्रार डॉ. प्रियंका अवस्थी का कहना है कि अब तक 12 लाख से अधिक छात्र फीडिंग के क्रम में पंजीकृत हो चुके हैं। बोर्ड को लेकर शासन क्या निर्णय लेगा, इसको लेकर उच्चाधिकारियों ने बैठक की है, निष्कर्षों के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

### मिनी आईटीआई सिमटी, रोजगार पर ग्रहण

यूपी मदरसा बोर्ड प्रदेश भर में 536 मिनी आईटीआई संचालित करता रहा है। कोर्ट के आदेश के बाद इस व्यवस्था को विराम दे दिया गया। रजिस्ट्रार का कहना है कि मिनी आईटीआई से छात्रों को प्रशिक्षण और रोजगार मिलता रहा है।

### 33 हजार से अधिक शिक्षकों की सेवाओं पर संशय

मदरसा बोर्ड के पोर्टल पर 33 हजार 692 शिक्षक पंजीकृत हैं। 13 हजार 329 मान्यता प्राप्त मदरसों और 560 एडेड मदरसों में 9646 शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी अब तक सेवाएं देते रहे हैं। हाईकोर्ट के रुख के बाद इनकी सेवाओं पर संशय बना हुआ है।



## रमजान मुबारक

**28 मार्च, इफ्तार**
सुन्नी- 6 बजकर 34 मिनट
शिया- 6 बजकर 41 मिनट

**29 मार्च सहरी**
सुन्नी- 4 बजकर 33 मिनट
शिया- 4 बजकर 37 मिनट

**नोट-** क्षेत्रानुसार सहरी और इफ्तार के समय में परिवर्तन हो सकता है।




## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

## शहर में आज



- ज्वालानगर स्थित मनोकामना मंदिर में साईं बाबा की पूजा अर्चना प्रातः 6:30 बजे।
- भारतीय किसान यूनियन की पंचायत जिला कार्यालय पर दोपहर 1:15 बजे।

## एक नजर

### सपा प्रत्याशी मोहिबुल्लाह पहुंचे आप पार्टी के कार्यालय

**रामपुर, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी बुधवार को आम आदमी पार्टी कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने आप के प्रदेश प्रवक्ता फैसल खां लाला से मुलाकात की। चुनाव को लेकर चर्चा हुई। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आनन-फानन मोहिबुल्लाह नदवी को रामपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है।

### एक अप्रैल से संचारी, 10 से चलेगा अभियान दस्तक

**रामपुर, अमृत विचार :** संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार की रोकथाम के लिए एक से 30 अप्रैल तक प्रदेश में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा।

### प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी का कराया नामांकन, पूर्व मंत्री आजम खां के इशारे पर आसिम राजा ने पर्चा किया दाखिल

# लोकसभा प्रत्याशी के नामांकन को लेकर आजम खां-अखिलेश यादव की रार उजागर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव-2024 के लिए रामपुर सीट से सपा के दो प्रत्याशियों ने गुरुवार को नामांकन किए हैं। इनमें आसिम राजा और मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी शामिल हैं। नदवी राजनीति में नया चेहरा हैं। आसिम राजा विधानसभा और 2022 में लोकसभा का उपचुनाव लड़ चुके हैं। फिलहाल नदवी को उतारने से पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बीच रार बढ़ने के संकेत हैं।

इस लोकसभा चुनाव में पहली बार नवाब परिवार और आजम खां परिवार दूर रहेगा। सपा-कांग्रेस गठबंधन होने पर पूर्व सांसद बेगम नूरबानो ने लोकसभा चुनाव लड़ने से कदम पीछे खींच लिए। हालांकि, उन्होंने लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए स्वयं ही ऐलान कर दिया था। लेकिन, पार्टी हाईकमान के निर्णय का सम्मान करते हुए उन्होंने चुनाव से दूरी बना ली। समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता मोहम्मद आजम खां की तकरीरें भी रामपुर के लोगों को सुनने नहीं मिलेंगी। आजम खां 18 अक्टूबर 2023 से सीतापुर जेल में दो जन्म प्रमाण पत्र मामलों में सात साल की सजा काट रहे हैं। कोर्ट ने उनके चुनाव लड़ने पर पाबंदी लगा दी है। ऐसे में वर्ष 2024 में सपा का प्रत्याशी कौन होगा, इस पर लंबी कवायद हुई। वर्ष 2022 के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी ने सपा के उम्मीदवार आसिम राजा को 42192 वोटों के अंतर से शिकस्त दी थी।


जिलाधिकारी को नामांकन पत्र सौंपते सपा प्रत्याशी मोहिबुल्लाह नदवी।


नामांकन पत्र देते आसिम राजा।

सपा में प्रत्याशी को लेकर नया मोड़ 24 मार्च को सीतापुर जेल में आजम खां से मिलने पहुंचे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के पहुंचने के बाद आया। आजम खां ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से कहा कि वह रामपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ लें। राजनीति के मंझे हुए खिलाड़ी आजम खां की गुगली के आगे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कोई जवाब नहीं दे सके। 26 मार्च की शाम तक सपा के अखिलेश यादव का कोई जवाब नहीं आने पर सपा के जिलाध्यक्ष अजय सागर ने पत्रकार वार्ता बुलाकर आजम खां का जेल से जारी किया हुआ पत्र मीडियाकर्मियों को पकड़ा दिया। पत्र में रामपुर में संगठन द्वारा चुनाव का बहिष्कार करने की बात कही गई थी। आजम खां का यह पत्र सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।

चुनाव के बहिष्कार की बात करने वाले आसिम राजा ने रातों-रात फैसला बदलकर 27 मार्च को सपा प्रत्याशी के तौर पर नामांकन करा दिया। दूसरी ओर, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी के नाम की घोषणा कर दी और उनका नामांकन पत्र जमा करा दिया। सपा के दोनों प्रत्याशी अधिकृत होने का दावा कर रहे हैं। 30 मार्च को नामांकन वापसी है तब तक तस्वीर साफ हो जाने की उम्मीद जताई जा रही है। सपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गोयल ने बताया कि सपा का तोपखाना रोड स्थित कार्यालय प्रशासन ने सील करा दिया है। इसके बाद राजद्वारा स्थित कैंप कार्यालय पर सपा के प्रदेश अध्यक्ष नहीं पहुंचे। जबकि, उनका इंतजार होता रहा। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि यदि उनके कार्यक्रम की सूचना मिलती तो उनके कार्यक्रम में निश्चित रूप से पहुंचते।

### गांव रजा नगर के रहने वाले हैं मौलाना नदवी

मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी स्वार तहसील क्षेत्र के गांव रजा नगर के रहने वाले हैं। वह तुर्क बिरादरी से आते हैं। रामपुर सीट पर प्रत्याशी को लेकर चल रही गहमागहमी के बीच सपा ने मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी को मैदान में उतारा है। इस सीट पर मामला सुलझाने के लिए खुद प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल रामपुर पहुंचे। मौलाना नदवी दिल्ली की पार्लियामेंट स्ट्रीट मस्जिद के इमाम हैं। वह 15 साल से इस मस्जिद के इमाम हैं।

> पूर्व मंत्री आजम खां के निर्देश पर रामपुर लोकसभा सीट से आसिम राजा का नामांकन पत्र जमा करा दिया गया है। आसिम राजा ही रामपुर लोकसभा सीट के लिए अधिकृत प्रत्याशी हैं।
>
> **-अजय सागर,** जिलाध्यक्ष सपा

# भाजपा, सपा के दो प्रत्याशियों समेत 13 ने कराया नामांकन

## 30 मार्च को होगी नाम वापसी, जनपद में 19 अप्रैल को मतदान, प्रशासन ने कड़े किए इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले में लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को अंतिम दिन भाजपा के प्रत्याशी सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इनके अलावा बसपा के जीशान खां और सपा के आसिम राजा और मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी सहित 12 लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस मुख्य चौराहों पर कलेक्ट्रेट जाने वाले लोगों से पूछताछ करती रही।

लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को प्रशासन सुबह से ही चौकस रहा। स्टार चौराहा, डीएम आवास के सामने, एलआईसी चौराहा पर पुलिस बल तैनात रहा। सांवरिया बैंक्वेट हाल में जनसभा के बाद भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, शहर विधायक आकाश सक्सेना सक्सेना समेत समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचे। पुलिस ने समर्थकों को बैरिकेडिंग पर रोक लिया। भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी के साथा पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी और शहर विधायक दोपहर 1: 55 बजे नामांकन कक्ष में पहुंचे। 1:56 बजे बसपा प्रत्याशी जीशान खां ने पत्र जमा किया। 2:48 बजे सपा प्रत्याशी मोहिबुल्लाह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। अपराह्न 3 बजकर 18 मिनट पर सपा के ही प्रत्याशी आसिम राजा ने अपना नामांकन पत्र जमा किया। आजाद अधिकार सेना के प्रत्याशी मोइन खां ने शाम 5 बजकर 12 मिनट पर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इनके अलावा निर्दल और अन्य पार्टियों के प्रत्याशियों ने अपना-अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। 19 अप्रैल को मतदान शांतिपूर्वक निपटाने के लिए लगातार बैठकों का दौर जारी है। बुधवार को अंतिम दिन 13 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दााखिल किया। अब 30 मार्च को नाम वापसी होगी।


नामांकन पत्र दाखिल करते भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी। ● अमृत विचार

### चुनाव के मद्देनजर प्रेक्षक पहुंचे रामपुर

**रामपुर, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में 19 अप्रैल को मतदान और चार जून को मतगणना होगी। निर्वाचन आयोग की निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप संपन्न कराने के लिए तैनात किए गए सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक और व्यय प्रेक्षक जिले में पहुंच चुके हैं। सामान्य प्रेक्षक धनराजू एस चुनाव प्रक्रिया के दौरान लोगों से प्रत्येक कार्यदिवस में सुबह नौ बजे से 10 बजे तक और दोहपर चार बजे से पांच बजे तक जौहर गेस्ट हाउस में मिलेंगे। लोग ई-मेल या मोबाइल नंबर 9258953470 पर फोन या व्हाट्सएप पर भी संपर्क कर सकते हैं। पुलिस प्रेक्षक रंजन कुमार शर्मा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान प्रत्येक कार्यदिवस में सुबह नौ बजे से लेकर 10 बजे तक और चार बजे से पांच बजे तक तक जौहर गेस्ट हाउस में मिलेंगे। मोबाइल नंबर 7839859810 पर फोन कॉल या व्हाट्एप पर भी संपर्क कर सकते हैं। व्यय प्रेक्षक सचिन धानिया निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान लोगों से सुबह 10 बजे से 11 तक मिलेंगे। मोबाइल नंबर 9258945254 पर संपर्क कर सकते हैं।

### इन प्रत्याशियों ने कराया नामांकन

| प्रत्याशी | पार्टी |
|---|---|
| घनश्याम सिंह लोधी | भाजपा |
| मोहिबुल्लाह नदवी | सपा |
| मोहम्मद आसिम राजा | सपा |
| जीशान खां | बसपा |
| प्रदीप कुमार | निर्दल |
| अरशद वारसी | माय नॉरिटीज डेमोक्रेटिक पार्टी |
| गिरवर सिंह | निर्दल |
| मोईन खां | आजाद अधिकार सेना |
| महमूद प्राचा | निर्दल |
| रियासत अली | भारत जोड़ो पार्टी |
| फैज मोहम्मद खां | र्दल |
| चंद्रपाल सिंह | ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लॉक |
| अब्दुल सलाम | निर्दल |

### इन्होंने भी जमा किए पर्चे


पर्चा जमा करते निर्दल अब्दुल सलाम।


पर्चा जमा करते निर्दल सिराज प्राचा।


अरशद वारसी ने किया नामांकन।

### परिषदीय स्कूलों में परीक्षाएं हुईं संपन्न

**रामपुर, अमृत विचार :** जिले के सरकारी स्कूलों में 20 मार्च से हो रहीं परीक्षाएं बुधवार को समाप्त हो गईं। परीक्षाएं दो पालियो में हुईं। पहली पाली सुबह 9:15 बजे से पूर्वाह्न 11:45 तक तो दूसरी पाली दोपहर 12:15 से अपराह्न 2:45 तक हुई। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से सभी ब्लॉकों में परीक्षाएं को लेकर शिक्षक भी सक्रिय थे।

जिले में 1596 सरकारी विद्यालय हैं। इनमें करीब डेढ़ लाख बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। छह हजार शिक्षक तैनात हैं। कुछ दिन पहले शासन की ओर से वार्षिक परीक्षा की तिथि घोषित कर दी गई थी। 20 मार्च से लेकर 27 मार्च तक परीक्षाएं हुईं। बुधवार को सभी बेसिक स्कूलों की परीक्षाएं समाप्त हो गईं। अब छात्र-छात्राओं को परीक्षाफल आने का इंतजार रहेगा। हालांकि परिणाम कुछ दिन बाद जारी किए जाएगा।


हाफिज शाह जमाल उल्लाह की दरगाह पर दुआ मांगते बसपा प्रत्याशी व अन्य।

## बसपा प्रत्याशी ने की चादरपोशी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के लिए बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी जीशान खां ने हाफिज शाह जमाल उल्लाह साहब की दरगाह पर पहुंचकर चादरपोशी की और जीत के लिए दुआ मांगी। इस मौके पर प्रत्याशी ने कहा कि बसपा प्रमुख मायावती ने जिस भरोसे से चुनाव के लिए मैदान में उतारा है, मैं उन उम्मीदों पर खरा उतरूंगा। कहा कि बसपा ऐसी पार्टी है जो सभी वर्गों को संग लेकर चलती है।

बुधवार को कलेक्ट्रेट में बसपा के मंडल के पूर्व कोऑर्डिनेटर शहाब खां के भतीजे जीशान खां ने समर्थकों के संग नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके बाद वह सीधे हाफिज शाह जमाल उल्लाह साहब की दरगाह पहुंचे। जहां उन्होंने चुनाव में जीत के लिए दुआ की। इस दौरान शहाब खां, रेहान खां, सैय्यद मियां, मोमिन खां, मोहसिन खां, फैजान खां आदि मौजूद रहे।

### सी-विजिल ऐप पर करें आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत

**रामपुर, अमृत विचार:** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन व अन्य विभिन्न प्रकार की शिकायतें करने, उनके निस्तारण के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने ऑनलाइन सी-विजिल ऐप विकसित किया गया है।

इस ऐप पर आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी शिकायतें की जा सकती हैं। यह ऐप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर अपना मोबाइल नंबर डालकर ओटीपी के माध्यम ऑगिन किया जा सकता है। यह ऐप जीआईएस आधारित है इसमें साक्ष्य के तौर पर केवल लाइव फोटो, वीडियो, ऑडियो ही अपलोड किए जा सकते हैं। शिकायत अपलोड होने के बाद 100 मिनट में ही शिकायत का निस्तारण होगा।


पतंगों पर संदेश लिखकर जागरूक करते अधिकारी। ● अमृत विचार

## पतंग उड़ाकर मतदान के लिए किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** उप आयुक्त उद्योग मुकेश कुमार ने बताया कि शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम बमनपुरी स्टेडियम में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदान उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान पतंग उड़ाकर 19 अप्रैल को मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित किया।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नन्द किशोर कलाल ने लोगों को जागरूक किया। 110 लोगों ने पतंग उड़ाई। इस दौरान उद्योग विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, नेहरू युवा केन्द्र, युवक मंगल दल, जिला विद्यालय निरीक्षक ने कार्यक्रम में सहयोग किया। दीक्षित कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया।

# 606 ट्रांसफार्मरों की बढ़ेगी क्षमता

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** ओवरलोडिंग की समस्या को दूर करने के लिए जनपद में 606 ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ेगी। इनमें 406 गांवों में और शहर में 200 ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। लोगों को ट्रिपिंग से राहत मिलेगी।

अप्रैल में गर्मी बढ़ेगी। ऐसे में बिजली की मांग भी बढ़ेगी। घरों में पंखे, कूलर, फ्रिज, एयरकंडीशन, वॉशिंग मशीन और पानी की मोटर का प्रयोग करने से ट्रांसफार्मरों, विद्युत उपकेंद्रों व लाइनों पर भार बढ़ने से फॉल्ट भी बढ़ जाते हैं। ऐसे में अधिक भार वाले क्षेत्रों का चयन कर उनमें ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि कराता है, जिससे फुंकने वाले ट्रांसफार्मरों को बचाया जा सके। ओवरलोड की समस्या दूर करने के लिए जनपद में 606 ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि करने के निर्देश जारी किए हैं। इनमें 25 के स्थान पर 63 केवी के 360 ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। जबकि 63 के स्थान पर 100 केवीए के 46 ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। इनमें सबसे 18 ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि होगी। जबकि 388 ट्ररांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि बिलासपुर-स्वार टांडा, मिलक और शाहबाद क्षेत्रों में की जाएगी। मालगोदाम स्थित वर्कशाप के अवर अभियंता राजेश कुमार ने बताया कि हर साल ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जाती है इस बार 406 ग्रामीण क्षेत्रों में, 200 ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि का लक्ष्य मिला है। क्षमता बढ़ने से लोगों को बिजली की समस्या से राहत मिलेगी।


वर्कशाप में रखे ट्रांसफार्मर।

### जेल रोड क्षेत्र में चार घंटे ठप रही बिजली आपूर्ति

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर बिजलीघर जेल रोड क्षेत्र में बुधवार शाम चार बजे 11 हजार की लाइन में खराबी आ गई। इससे चार घंटे अंधेरा छाया रहा। लोगों के घरों में लगे इर्न्वटर भी ठप हो गए। लाइन में आई खराबी को सही करने में कर्मचारियों के चार घंटे लग गए। रोजा इफ्तार के समय लोगों को काफी परेशानी हुई। एसडीओ द्वितीय प्रद्योमन्न सिंह ने बताया कि पुराने खंभे और तार को बदलने की वजह से लाइन में खराबी आ गई थी। रात आठ बजे सप्लाई सुचारू करा दी गई है।

**सियासत**

### पूर्व मंत्री बोले- प्रधानमंत्री ने भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी और सुशासन की स्वभाविक राजनैतिक पार्टी बनाया

# भाजपा से भिड़ने वालों से ज्यादा मैदान से भागने वाले: नकवी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनावी विपक्षी रण बांकुरों से ज्यादा रणछोड़ बहादुरों का रिकार्ड साबित होगा। चुनावी मैदान में भाजपा से भिड़ने वालों से ज्यादा मैदान से भागने वालों की भीड़ दिख रही है।

अजीतपुर स्थित एक बैंक्वेट हॉल में भाजपा के प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी के नामांकन से पहले हुई जनसभा में पूर्व मंत्री ने कहा कि आज देश में मोदी मूड, करोड़ों कार्यकर्ताओं की तपस्या की ताकत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परिश्रम का परिणाम है जिसने भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी और सुशासन की स्वभाविक राजनैतिक पार्टी बना दिया है। आम चुनाव नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास और विश्वास के समावेशी-सर्वस्पर्शी माहौल को मजबूर व महफूज करने का मौका है। हमें समाज के सभी तबकों का वोट और सपोर्ट लेना है। यह चुनाव मोदी के सुशासन की गारंटी को वोटों के शक्ति से सशक्त और सुरक्षित करना है। हमें साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण की आफत से समावेशी सशक्तीकरण की ताकत को अपहरण होने से भी बचाना है। समाज के सभी वर्गों के लिए भी मोदी युग सुरक्षा, समृद्धि, समावेशी सशक्तीकरण का स्वर्णिम समय साबित हुआ है। हमें समावेशी सशक्तीकरण की ताकत को साम्प्रदायिकता तुष्टीकरण की आफत से बचाना होगा। कुछ सुल्तानों की भारत की धाक-धमक को धूमिल करने की धूर्ततापूर्ण धुन से हमें सावधान रहना होगा। कांग्रेस और सपा गठबंधन मैदान में आने से पहले ही बिना जमीन के जागीरदार का महत्त्वाकांक्षी घमासान साफ दिखाई दे रहा है। कुछ दल जुगाड़ के जुटान से जनादेश के मकान का रास्ता तलाश रहे हैं, उन्हें भी मालूम है मोदी के काम-करिश्मे से कुंठित कुनबे का जुगाड़ चारों खाने चित होगा।

इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, प्रभारी मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर, राज्य मंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख, जिला प्रभारी राजा वर्मा, एमएलसी हरि सिंह ढिल्लो, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, शहर विधायक आकाश सक्सेना, मिलक विधायक राजबाला, मंजू दिलेर, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू आदि मौजूद रहे।


बैंक्वेट हॉल में मौजूद मुख्तार अब्बास नकवी, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी एवं अन्य।

### प्रदेश में भाजपा का चुनाव प्रचार करेंगे नकवी

**रामपुर, अमृत विचार :** भाजपा के चुनाव स्टार प्रचारकों में पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास को भी शामिल किया गया है। वह उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी का चनाव प्रचार करेंगे। हालांकि वह पहले से ही चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। लेकिन अब उनकी और जिम्मेदारी बढ़ाई गई है। वह अब चुनाव प्रचार करके भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे।

## एक नजर

### किशोरी का अपहरण करने का आरोपी पकड़ा

**रामपुर, अमृत विचार :** किशोरी का अपहरण करने वाले बाल अपचारी को पुलिस ने पकड़ लिया। कुछ दिन पहले मिलकखानम का रहने वाला एक किशोर किशोरी का अपहरण कर ले गया था। तभी से पुलिस उसे तलाश रही थी। बुधवार को थाना मिलकखानम पुलिस ने उसे घर से पकड़ लिया।

### युवक के पास मिला चाकू, गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** गंज थाना पुलिस ने फरार चल रहे एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद पुलिस ने उसका चालान कर दिया। आरोपी अमन तालाब चामरान फरीद मियां की मस्जिद गौसे आजम घेर रहमत खां का रहने वाला है। पुलिस ने उसे मोहल्ला घेर रहमत खां पानी की टंकी के पीछे से गिरफ्तार किया है। उधर, सिविल लाइन थाने की पुलिस ने आरोपी मुकेश सिंह निवासी सीमेन्ट फैक्ट्री के पास से गिरफ्तार किया। वह एनडीपीएस एक्ट में आरोपी है।

### आठ दिन बाद पुलिस ने दर्ज की चोरी की रिपोर्ट

**केमरी, अमृत विचार :** केमरी में आठ दिन पहले हुई चोरी के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस चोरों को तलाश रही है। केमरी मार्ग के पीलाखार नदी पर सिंगल लेन पुल है। यहां लोगों को आवागमन में असुविधा होती थी। विभाग ने समस्या का ध्यान रखते हुए एक और नए पुल का निर्माण अक्टूबर 2023 में शुरू करा दिया गया था। साइट इंजीनियर आकिब मुज्तबा के मुताबिक, रविवार रात्रि तीन बजे निर्माणाधीन पुल के पास छत की शटरिंग की 55 प्लेटें रखी थी। चोर पड़ोस में गेहूं के खेत में होते हुए चुरा कर ले गए थे। इस मामले में अब पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### तमंचा के साथ आरोपी पकड़ा

**रामपुर, अमृत विचार :** मिलक थाने की पुलिस ने तमंचा और दो कारतूस के साथ एक युवक को पकड़ लिया। आरोपी आरिफ गांव पीपला मन्सूरपुर थाना पटवाई का रहने वाला है। उसके शाहबाद रोड से ग्राम पीपला मन्सूरपुर को जाने वाले कच्चे रास्ते से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसका चालान कर दिया।

# भाजपा का झंडा लगी कार ने बाइक सवार पिता-पुत्र को रौंदा, दोनों की मौत

## मुरादाबाद के रहने वाले दोनों बरेली से लौट रहे थे घर, ढाबा के सामने हुआ हादसा

संवाददाता, मिलक (रामपुर)

**अमृत विचार :** क्षेत्र में मंगलवार रात भाजपा का झंडा लगी कार की टक्कर से बाइक सवार मुरादाबाद के रहने वाले पिता-पुत्र की मौत हो गई। वे दोनों बरेली से घर लौट रहे थे।

मुरादाबाद महानगर के मोहल्ला करूला पीर बाजार कॉलोनी निवासी गुलाम हुसैन (40) पुत्र दानिश (14) के साथ बरेली में शेरगढ़ के रहने वाले अपने चचेरे भाई के घर मिलने गए थे। मंगलवार रात्रि भोजन के बाद दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। रात्रि 11 बजे कोतवाली क्षेत्र में हाइवे स्थित निजी ढाबे के सामने किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे वे दोनों उछलकर हाइवे पर जा गिरे। हादसे के बाद हाइवे पर जाम लग गया। राहगीरों ने दोनों घायलों को हाइवे से हटाया। दोनों घायलों को एंबुलेंस से मिलक के सरकारी अस्पताल लाया गया। यहां डॉक्टर ने दानिश को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल गुलाम हुसैन को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां पहुंचने से पहले ही रास्ते में गुलाम ने भी दम तोड़ दिया।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त हुई कार। ● अमृत विचार



दानिश



गुलाम हुसैन

पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम जिला अस्पताल भिजवाए। मृतकों की जेब से मिले मोबाइल नंबर पर संपर्क कर हादसे की सूचना परिजनों को दी गई। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजन दोनों के शव मुरादाबाद ले गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चालक कार को छोड़कर फरार हो गया। उस पर भाजपा का झंडा लगा है।

### 8वीं का छात्र था दानिश

दानिश कक्षा आठ का छात्र था। वह दो भाइयों व एक बहन में सबसे बड़ा भाई था। इसकी मौत से छोटा भाई फैज, बहन सगुफ्ता व मां अरसुम जहां का रोकर बुरा हाल है। उधर, गुलाम हुसैन दिल्ली की एक कव्वाली पार्टी में काम करते थे। वह कभी ही मुरादाबाद अपने घर आते थे। वह देश के कोने कोने में होने वाले कव्वाली कार्यक्रम में प्रतिभाग करते थे। कुछ दिनों पहले वह घर आए थे। मंगलवार को पुत्र के साथ अपने सगे चाचा भूरा से मिलने शेरगढ़ गए थे।

## कुकर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**स्वार, अमृत विचार:** किशोर से कुकर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोर्ट में पेश कर उसे जेल भेज दिया गया है। उधर, चाकू बरामद कर एक अन्य आरोपी को भी पकड़ा है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला सतीश उर्फ सचिन 15 दिन पहले एक किशोर को बहला फुसलाकर स्कूल के पास ले गया। वहां आरोपी ने उसके साथ कुकर्म किया था। परिजनों को बताने पर किशोर को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया था। किशोर रोता-बिलखता घर पहुंचा और परिजनों को आपबीती बताई। किशोर की बात सुनकर परिजन सन्न रह गए थे। इस पर परिजन बालक को लेकर कोतवाली पहुंचे। आरोपी को नामजद कर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। मंगलवार को मुखबिर ने कोतवाल संदीप त्यागी को सूचना दी कि कुकर्म का आरोपी भागने की फिराक में बिजली घर के निकट टेंपो स्टैंड पर खड़ा है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। दूसरी ओर, पुलिस ने नगर से सटे गांव जालफनगला निवासी फारुख से एक चाकू बरामद किया है।

# अजीमनगर थाने में तैनात पुलिसकर्मी की हादसे में मौत

संवाददाता, सैदनगर

**अमृत विचार:** बिजनौर में नजीबाबाद के पास हुए सड़क हादसे में अजीमनगर थाने में तैनात पुलिसकर्मी की मौत हो गई। वह अपने परिवार के साथ ऋषिकेश जा रहा था।



अजीमनगर थाने में तैनात कांस्टेबल परविंदर सिंह (35) की तैनाती 10 माह पहले हुई थी। इस समय वह उड़न दस्ते में मजिस्ट्रेट के साथ ड्यूटी कर रहा था। बताते हैं कि बुधवार तड़के वह अपने पिता को दवा दिलाने ऋषिकेश जा रहा था। उसके साथ कार में उसका भाई और मामा भी थे। नजीबाबाद थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-74 पर गांव गुनियापुर के पास सुबह करीब सात बजे उनकी कार खेत में जा घुसी। कार में सवार पुलिसकर्मी समेत चारों लोगों की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही अजीमनगर थाने में सन्नाटा पसर गया। कुछ देर में ही पुलिस के आला अधिकारी थाने पहुंचे। थाने में तैनात साथी पुलिसकर्मी अंतिम दर्शन के लिए घटनास्थल पर पहुंचने लगे। प्रभारी निरीक्षक अजीमनगर पवनवीर सिंह राणा ने बताया कि मौत का स्पष्ट कारण जानने को मृतक सिपाही का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परविंदर सिंह अमरोहा के रहने वाले थे।

### चक सनैया में करंट से वेल्डर की जान गई

**सैदनगर, अमृत विचार :** वेल्डिंग करते समय करंट लगने से वेल्डर की मौत हो गई। वह अपने मामा के घर ट्रॉली बना रहा था। अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव नगलिया आकिल निवासी माजिद अली (26) वेल्डर था। दो साल पहले वह काम के लिए सऊदी अरब गया था। आठ दिन पहले ही वह घर आया था। भोट क्षेत्र के गांव चक सनैया में युवक के मामा रहते हैं। एक दिन पहले वह अपने मामा के घर गया था। बिजली आने पर वह ट्रॉली बनाने के लिए वेल्डिंग करने लगा। तभी उसे करंट लग गया। मामा के परिजनों ने उसे बचाने की कोशिश की। वे उसे अस्पताल ले गए। लेकिन डॉक्टरों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन उसका शव लेकर आए। नगलिया आकिल के कब्रिस्तान में उसे सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।

# किशनपुर के ग्राम प्रधान से डीएम ने मांगा स्पष्टीकरण

संवाददाता, मसवासी

**विकास कार्यों में धंधाली का आरोप, कारण बताओ नोटिस**

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायत किशनपुर मौलागढ़ में विकास कार्यों में धांधली बरतने पर जिलाधिकारी ने स्वार खंड विकास अधिकारी के माध्यम से ग्राम प्रधान को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। शीघ्र जबाव न देने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

18 नवंबर को गांव के कुछ लोगों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर विकास कार्यों में धांधली बरतने का आरोप लगाया था। मनरेगा समेत राज्य वित्त एवं 15 वित्त में धांधली बरतने के मामले में जिलाधिकारी ने उपनिदेशक कृषि एवं अधिशासी अभियंता नलकूप खंड को जांच अधिकारी नामित किया था। निरीक्षण कर जांच रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे। जिलाधिकारी के निर्देश पर दोनों अधिकारियों ने 22 दिसंबर को गांव पहुंचकर विकास कार्यों की जांच की थी। इस दौरान मनरेगा और राज्य वित्त के कार्यों में धांधली पाई गई थी। शिकायतकर्ताओं ने मौके पर ही मनरेगा के कार्यों की जांच कराई। जांच में एक गूल के कार्य में काफी हेराफेरी मिली। नामित अधिकारियों ने जांच आख्या जिलाधिकारी को सौंप दी थी। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने अब इस मामले में धांधली बरतने पर ग्राम प्रधान इकबाल हुसैन समेत खंड विकास अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसमें ग्राम पंचायत सचिव की भूमिका भी संदिग्ध बताई गई है। नोटिस की प्रतियां पंचायत विभाग के आला अधिकारियों को भी प्रेषित की गई है।

## लाठी डंडों से युवक को पीटने वाले आठ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**रामपुर, अमृत विचार :** रंजिश के चलते कुछ लोगों ने कार सवार युवक पर हमला कर दिया। बाद में तमंचे से फायरिग की। हालांकि वह बाल-बाल बच गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांच नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

उत्तराखंड में काशीपुर निवासी शफीक अहमद ने पुलिस को बताया कि बुधवार को वह कार से क्रेशर से पट्टे की ओर जा रहा था। रास्ते में कुछ लोगों ने उसे रोका और गाली-गलौज कर उसे पीटने लगे। तमंचे से उस पर फायर कर दिया। बाद में वह थाने पहुंचा। पुलिस ने आरोपी जमीर अहमद, अनीस, साकिब अली, मुबारक अली, अजीम और तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# अवैध रिफिलिंग करते 13 सिलेंडर जब्त

संवाददाता, सैदनगर

**अमृत विचार :** घरेलू गैस सिलेंडरों की अवैध रिफिलिंग पर रसद विभाग की टीम ने दुकान पर छापा मारा। इस दौरान दुकान पर खाली-भरे सिलेंडर, रिफिलिंग मशीन व इलेक्ट्रॉनिक कांटा मिला।

बुधवार को जिला पूर्ति अधिकारी अभिषेक कुरील ने टीम के साथ अवैध रिफलिंग केंद्र पर छापा मारा। बगड़खा अड्डा स्थित मनोज कुमार की दुकान से टीम ने रिफिलिंग करते हुए 13 घरेलू सिलेंडर बरामद किए। तीन भरे व तीन खाली सिलेंडर, एचपी के पांच सिलेंडर भरे हुए, एक खाली और एक खुला मिला जिससे पांच किलो वाले छोटे सिलेंडर में रिफलिंग करते हुए बरामद किया गया। बताया गया कि यहां काफी समय से रिफलिंग कर गैस की बिक्री की जाती थी। रसद विभाग की इस कार्रवाई से गैस एजेंसी संचालकों और गैस रिफिलिंग करने वाले लोगों में खलबली मची रही।



दुकान पर जांच करती टीम। ● अमृत विचार

बताया कि बरामद सिलेंडरों को नजदीकी वितरक शमीम इंडेन गैस एजेंसी आगा के सुपुर्द किया गया है। दुकानदार पर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। बताया गया कि रसोई गैस वाहनों की टंकियों में भरते समय हादसे का खतरा रहता है। कई बार रिफिलिंग के दौरान लोगों की जान चली जाती है। घटनाओं को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## जहर पिलाने के मामले में दर्ज नहीं हुई रिपोर्ट

**मसवासी, अमृत विचार :** महिला ने अपने भाइयों पर जबरन घर में घुसकर पति को जहर पिलाने का आरोप लगाते हुए तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन पुलिस ने अभी तक मामला दर्ज नहीं किया है।

घटना क्षेत्र के गांव किशनपुर-मौलागढ़ की है। इस गांव की निवासी महिला बब्बो पत्नी अली अहमद ने पुलिस को दी गई तहरीर में लिखा है कि उसके भाई गुलशेर और नन्हें उसके पति से रंजिश रखते हैं। आरोप है कि मामूली बात पर हुई कहासुनी के बाद दोनों भाई हथियार लेकर घर में घुस गए थे।अली अहमद का जबरन मुंह खोलकर जहर पिला दिया था। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों को देखकर आरोपी फरार हो गए थे। अली अहमद की हालत बिगड़ी तब परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। पीड़िता ने दोनों भाईयों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी।

# डूंगरपुर के मामले में कोर्ट में आज भी होगी सुनवाई

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार:** डूंगरपुर के मामले में बुधवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में पत्रावली अंतिम बहस में लगी हुई थी। इसमें अभियोजन पक्ष की ओर से बहस की गई। पत्रावली बचाव पक्ष की बहस के लिए लगा दी गई है। अब इस मामले में गुरुवार को सुनवाई होगी।



गंज थाने में 2019 में दर्ज डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने के कई मामले दर्ज हुए थे। ये सभी मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं। इन मामलों में सपा नेता आजम खां सहित काफी लोग आरोपी हैं। बुधवार को अभियोजन पक्ष की ओर से बहस की गई। पत्रावली बचाव पक्ष की बहस के लिए लगा दी गई है। अब इस मामले में गुरुवार को सुनवाई होगी।

### दो पैन कार्ड मामले में गवाह से हुई जिरह

**रामपुर, अमृत विचार :** अब्दुल्ला आजम के दो पैनकार्ड मामले में बुधवार को कोर्ट में गवाह से जिरह पूरी नहीं हो सकी। अब इस मामले में 29 मार्च को सुनवाई होगी। अब्दुल्ला आजम खां के खिलाफ दो पैन कार्ड होने के आरोप में भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें सपा नेता आजम खां भी आरोपी हैं। इस मामले में दोनों सजा काट रहे हैं। एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल में इस मामले की सुनवाई हो रही है। बुधवार को गवाह प्रवीण कटियार से जिरह हुई। लेकिन यह पूरी नहीं हो सकी।

## घरेलू कलह में युवक ने खाया जहर, गई जान

**रामपुर, अमृत विचार:** घरेलू कलह के चलते युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव चंद्रपुरा कदीम निवासी राजेंद्र सिंह के 25 साल के बेटे अरविंद ने दोपहर के समय जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। कुछ देर के बाद उसकी हालत बिगड़ती देखकर परिजनों के होश उड़ गए। उसको आनन-फानन में जिला अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।बाद में जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी आ गई शहजादनगर थाना प्रभारी अमरनाथ वर्मा ने बताया कि युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था जिससे उसकी मौत हो गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



जिले में गर्मी बढ़ने लगी है लेकिन, अधिकांश लोगों ने अपने घरों की छतों पर बर्तनों में पक्षियों के लिए पानी भरकर नहीं रखा है। प्यासे पशु-पक्षी पानी की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं। रामपुर में बुधवार को टंकी पर पानी पीने के लिए एक बंदर कोशिश करता नजर आया। ● अमृत विचार

# छेड़खानी व मारपीट के दो दोषियों को तीन वर्ष की सजा

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार :** युवती से छेड़खानी करने के मामले में एडीजे आठ की कोर्ट ने दो दोषियों को तीन साल की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर साढ़े सात-सात हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

टांडा थाना क्षेत्र के गांव इंद्रा कालोनी फत्तेवाला निवासी अमित और संजय के खिलाफ 24 जुलाई 2020 को किशोरी के साथ छेड़खानी करने और मारपीट करने के मामले में थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इसकी सुनवाई एडीजे आठ की कोर्ट में हुई। बुधवार को कोर्ट ने साक्ष्यों व बयानों के आधार पर दोनों को दोषी करार दिया। कोर्ट ने दो दोषियों को तीन साल की कैद की सजा सुनाई है

### मारपीट करने में तीन लोगों को दो साल की कैद

**रामपुर, अमृत विचार :** मारपीट करने के मामले में विशेष न्यायधीश एससी-एसटी एक्ट की कोर्ट ने तीन आरोपियों को दो साल की कैद और पांच हजार का जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। चौकी मसवासी थाना क्षेत्र के गांव चाऊपुरा निवासी मुस्तकीम, साजिद अकरम और मुस्लिम के खिलाफ पांच नंवबर 2015 को मारपीट करने और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने के मामले में मुकदमा दर्ज हो गया था। विवेचना के बाद पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। जिसकी सुनवाई विशेष न्यायधीश एससी/एसटी एक्ट की कोर्ट में चल रही थी। बुधवार को कोर्ट ने तीन आरोपियों को दो वर्ष का कारावास और पांच हजार 500 रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है जबकि मुस्लिम की मौत हो गई है।

**तैयारी** | शहर में 24 घंटे 10 हेल्थ एटीएम पर पहली बार मिलेगी सुविधा

# पालिका कराएगी स्वास्थ्य की निशुल्क जांच

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** अब स्वास्थ्य की जांच कराने के लिए लोगों को रुपये खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। स्मार्ट सिटी में 10 स्थानों पर निशुल्क जांच की सुविधा शुरू होगी। इसके लिए हेल्थ एटीएम लगाए जाएंगे। हृदय, ईसीजी, मधुमेह व हीमोग्लोबिन समेत अन्य जांचों की सुविधा मिलेगी। लोग निजी पैथोलॉजी लैबों पर जांच के नाम पर अधिक रुपये खर्च करने से बचेंगे।

हेल्थ एटीएम की सुविधा अभी तक जिले के कुछ सीएचसी और पीएचसी में ही थी। नगर पालिका परिषद के अधिकारियों ने बताया कि शहर में नगर पालिका की ओर से पहली बार सेवा दी जा रही है। अभी तक सुविधा प्रदेश के अन्य जिलो में थी। लेकिन नगर पालिका के निर्माण खंड के अधिकारियों के मुताबिक, शहर को स्मार्ट सिटी के अंतर्गत नगर पालिका की ओर से 10 स्थानों पर हेल्थ एटीएम स्थापित कराए जाएंगे। इन्हें बनाने के लिए 25 लाख रुपये खर्च होंगे। हेल्थ एटीएम पर चिकित्सक परामर्श सुविधा, डिजिटल हेल्थ, सामान्य एवं विशेष त्वरित जांच, सामान्य जांच, हीमोग्लोबिन, गर्भावस्था परीक्षण, टायफाइड, डेंगू, त्वचा परीक्षण, कान की जांच, यूरिक एसिड परीक्षण, फीटल हार्ट रेट समेत कई अन्य कई प्रकार की जांचें की जाएंगी।



पब्लिक हेल्थ एटीएम।

> शहर में 10 स्थानों पर हेल्थ एटीएम लगाने के लिए कंपनी से बातचीत चल रही है। शहरवासियों को सहूलियत मिलेगी। स्मार्ट सिटी योजना के तहत एटीएम लगवाए जाएंगे। इसमें लोग बिना रुपये खर्च किए ही स्वास्थ्य जांच करा सकेंगे। **-दुर्गेश्वर त्रिपाठी, ईओ**

नगर पालिका परिषद के निर्माण खंड के अवर अभियंता ओबामा रहमानी ने बताया कि हेल्थ एटीएम में बिजली का कार्य कराया जाएगा। यह 24 घंटे तक चालू रखेगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के कर्मी तैनात होंगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैनात किए गए कर्मियों की देखरेख भी रहेगी। जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में एक हेल्थ एटीएम स्थापित है। यहां 24 घंटे के लिए 8 घंटे की तीन शिफ्ट लगाई जाती है।

## कार में आग लगने के मामले में दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार:** गांव रौरा कला में मंगलवार को एलपीजी रिफिलिंग के दौरान कार में आग लगने से तीन बच्चों सहित सात लोग गंभीर रूप से झुलस गए थे। इस मामले में दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है।

पीड़ित परिवार के शेरसिंह ने मंगलवार को कार चालक व गैस भरने वाले के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी थी। बताया कि चालक ने गैस भरवाने के लिए अरविंद गंगवार के मकान पर कार रोकी थी। गैस भरने से पहले कार में सवार सभी नीचे उतर रहे थे, लेकिन कार चालक उमेश व अरविंद ने सभी को कार से बाहर निकलने से मना कर दिया था। पीड़ित ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की थी। पुलिस ने तहरीर लेकर कार चालक उमेश निवासी गांव कर्पिया पांडेय व गैस भरने वाले अरविंद गंगवार निवासी गांव रौरा कला के खिलाफ मामला पंजीकृत कर लिया। उधर, कार में लगी आग से झुलसे तीन बालक सहित सात लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। बुधवार को गौरव की हालत बिगड़ती देखकर डॉक्टर ने उसे मेरठ हायर सेंटर रेफर कर दिया।

सीएमएस डॉ. एचके मित्रा ने बताया कि सात वर्षीय गौरव और दो माह की साक्षी की हालत गंभीर है। गौरव को मेरठ हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। साक्षी बहुत छोटी है, वह अपनी मां के बिना नहीं रह सकती। इस कारण साक्षी का उपचार उसकी मां पूनम व अन्य घायलों के साथ जिला अस्पताल के वर्न वार्ड में ही चल रहा है।

# आज और कल बारिश के आसार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मौसम का मिजाज बदलने से गर्मी बढ़ने लगी है। बुधवार सुबह तेज धूप निकली लेकिन, दोपहर को आसमान में बादल छा गए। मौसम वैज्ञानिकों ने पश्चिमी विक्षोभ के कारण 28 और 29 मार्च को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्रों बिजनौर, रामपुर, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर में हल्की बारिश के आसार जताए हैं।

मौसम वैज्ञानिक डॉ. उदय प्रताप शाही बताते हैं कि पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके चलते तराई क्षेत्र के जिलों में हल्की बारिश और बूंदाबांदी के आसार हैं। अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है।

कृषि वैज्ञानिक डॉ. लक्ष्मीकांत बताते हैं कि यदि तेज बारिश होती है तो तैयार गेहूं की फसल को नुकसान हो सकता है। हल्की बारिश हुई तो गेहूं का उत्पादन बढ़ेगा। हल्की बारिश गेहूं की पिछैती फसल को भी लाभ पहुंचाएगी। किसान किसी भी खड़ी फसल में सिंचाई नहीं करें और खेत में पकी सरसों की फसल की कटाई मड़ाई कर सुरक्षित कर लें। बुधवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम तापमान- 21 डिग्री सेल्सियस रहा। गर्मी अधिक होने से दोपहर को सड़कों पर सन्नाटा नजर आया।



बुधवार को आसमान में छाए बादल। ● अमृत विचार

## एक नजर

### तंबाकू से होने वाले दुष्परिणाम बताए

रामपुर, अमृत विचार : तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान ने फॉक्स ग्रुप डिस्कशन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन ग्राम बढ़पुरा शुमाली में हुआ। इसमें विभिन्न प्रकार के तंबाकू उत्पाद का इस्तेमाल करने वाले व्यक्तियों से संपर्क किया गया। उनसे तम्बाकू का सेवन करने के कारण एवं इससे होने वाली हानियों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान काउंसलर तैय्यब, विनोद पाल, राकेश, रिंकू अजीत आदि लोग शामिल रहे।

### तीन आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई

केमरी, अमृत विचार : पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष सत्येंद्र यादव ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चिह्नित लोगों पर कार्रवाई प्रारंभ की है। थानाध्यक्ष ने भोट थाना क्षेत्र के इंड्री गांव निवासी फुरकान और अकबर व गंज थाना क्षेत्र के बगी गांव निवासी जुहेब के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है।

## 50 प्रवक्ताओं और सहायक अध्यापकों को प्रमाण पत्र बांटे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

अमृत विचारः राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के लिए जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अकादमिक नेतृत्व, प्रभावी संप्रेषण कौशल, सामुदायिक सहभागिता से शिक्षा नीति में परिवर्तन करना है।

राज्य स्तरीय संदर्भ दाता बृजराज किशोर, प्रधानाचार्य रचना चतुर्वेदी, प्रधानाचार्य अनीता चौहान ने शिक्षण शास्त्र ,भारतीय ज्ञान प्रणाली, स्कूलों में शारीरिक शिक्षा का दृष्टिकोण, शारीरिक शिक्षा और कल्याण, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास, समावेशी शिक्षा, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को संवैधानिक अधिकार विषय पर चर्चा की। अंत में डायट प्राचार्य नीलम रानी टम्टा ने राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 50 प्रवक्ता एवं सहायक अध्यापकों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस दौरान जुबैद खान, सैयद राशिद मियां, अनिल कुमार, वंदना शर्मा, नफीस अहमद, रेणु देवी, प्रगति गोयल, पूजा रानी, इंदु वर्मा ,सुनीता पाल, दुर्गेश पांडे, सुमित कुमार शर्मा, रमेश चंद्र गंगवार, अमर सिंह, ज्योति सिंह, अर्चना कुमारी, दिनेश कुमार, वर्षा शर्मा, सोनू, मनजीत विश्वकर्मा, विकास डेविड, विपिन सिंह यादव, बनवारी लाल आदि मौजूद रहे।

## रसोई गैस से चलने वाले वाहनों पर लगाएं रोक

मिलक, अमृत विचारः भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष आदेश शंखधार ने जिलाधिकारी को ई-मेल और सोशल मीडिया के माध्यम से पत्र भेजा है। इसमें उन्होंने अवैध रूप से चलाए जा रहे वाहनों पर रोक लगाने की मांग की है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि बहुत लोगों ने निजी कार का रजिस्ट्रेशन कराया गया है, लेकिन निरंतर उसका उपयोग टैक्सी में किया जा रहा है। जिससे सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। टैक्सी परमिट वाहनों में क्षमता से अधिक व्यक्तियों को बैठाया जाता है जिससे हादसा होने की संभावना बढ़ जाती है। मिलक-बिलासपुर मार्ग पर निजी बसों का संचालन पुनः शुरू किया जाए और इसका किराया निर्धारित किया जाए। केवल रजिस्ट्रेशन कराने वाले ई-रिक्शा चालकों को रूट के हिसाब से अनुमति दी जाए जिन व्यक्तियों के पास ई-रिक्शा हैं, उनके घरों का बिजली का बिल अवश्य ही चेक किया जाए।

### चिकित्सा अधीक्षक ने स्टाफ और बच्चों को मिठाई बांटी, एएनएम ने जताई खुशी

## पोलियो मुक्त की वर्षगांठ पर हुई गोष्ठी, रैली निकाली

संवाददाता, स्वार



सीएचसी में गोष्ठी में विजयी चिह्न दिखाते चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवेश चौधरी और स्टाफ। ● अमृत विचार

अमृत विचारः डब्ल्यूएचओ की ओर से भारत को पोलियो मुक्त प्रमाण पत्र मिलने की 10वीं वर्षगांठ पर चिकित्सा अधीक्षक ने स्टाफ और बच्चों को मिठाई बांटी। इस मौके पर चिकित्सकों और एएनएम ने खुशी जाहिर की।

27 मार्च को भारत को पोलियो मुक्त हुए 10 वर्ष हो चुके हैं। 10वीं वर्षगांठ पर कोर एडरा की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेत स्कूलों ओर मदरसों में कार्यक्रम हुए। इनमें बच्चों ने वर्षगांठ धूमधाम से मनाई। गांव मीरापुर के प्राथमिक विद्यालय व मदरसा गुलशन रजा के बच्चों ने रैली निकाली। गांव समोदिया के प्राथमिक विद्यालय व मदरसा जामिया, मिलकखानम के मदरसा अनवारुल उल उलूम के बच्चों ने चित्रकला में प्रतिभाग किया। महिलाओं की गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान बीएमसी केएच खान ने कहा कि पोलियो से मुक्ति भारत की एक बड़ी उपलब्धि है जिसे हमें बनाए रखना है। जब कभी पोलियो अभियान चले, तब अपने शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी खुराक अवश्य पिलाएं। इस अभियान को सफल बनाने वालों में धर्म गुरु, अध्यापक, प्रभावी व्यक्ति व निजी डाक्टरों का शुक्रिया अदा किया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवेश चौधरी ने स्टाफ व बच्चों को मिठाई का वितरण किया। इस दौरान एएनएम भगवती रानी, शिक्षिका रश्मि, रोबिना परवीन आदि मौजूद रहीं।

# रब के दरबार में दूसरे अशरे में गुनाहों से करें तौबा: उलमा

### शहर की कई मस्जिदों में तरावीह के दौरान कुरआन मुकम्मल, हाफिजों की हुई गुलपोशी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



तालाब मुल्ला इरम में कुरआन मुकम्मल होने पर हाफिजों की हुई गुलपोशी।



मस्जिद अली रजा में तकरीर करता बालक। ● अमृत विचार



मस्जिद उमर फारूख में कुरआन मुकम्मल होने पर कारी और सामां की गई गुलपोशी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : तरावीह के दौरान मस्जिदों में कुरआन मुकम्मल होने का सिलसिला शुरू हो गया है। इस मौके पर मस्जिदों को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया और उलमा ने तकरीर कर रमजान की फजीलत बताई। कहा कि दूसरे अशरे में अल्लाह लोगों के गुनाहों को माफ कर देता है। इस अशरे में लोगों को अपने गुनाहों के लिए रब के दरबार में तौबा करनी चाहिए।

शहर की मस्जिद अली रजा में हाफिज महबूब ने तरावीह के दौरान कुरआन सुनाया, जबकि, सामां के फराइज हाफिज सलीम ने अदा किए। पहाड़ी गेट के निकट स्थित मस्जिद में हाफिज मोहम्मद इस्माईल ने कुरआन सुनाया। पीपलवाली जियारत स्थित मस्जिद में हाफिज सुभान ने हर रोज दो पारे सुनाए। सामां के फराइज मोहम्मद रजब ने अदा किए। कुरआन मुकम्मल होने पर मस्जिदों में काफी तादाद में लोग पहुंचे और उलमा की तकरीर सुनी। मस्जिद पहाड़ी गेट पर कुरआन मुकम्मल होने के बाद हुई तकरीर में हाफिज इस्माईल ने कहा कि रोजे रखने का असल मकसद महज भूख-प्यास बर्दाश्त करना नहीं है, बल्कि अल्लाह के तरीके पर अकीदत और सही राह पर चलना है। रोजे के दौरान झूठ बोलने, चुगली करने, किसी पर बुरी निगाह डालने एवं हर छोटी से छोटी बुराई से दूर रहना जरूरी है। उन्होंने बताया कि रमजान के मायने संपन्न लोगों को भूख-प्यास का अहसास कराकर पूरी कौम को अल्लाह ताआला के करीब लाकर नेक राह पर चलना है। इस पाक माह में ही कुरआन का नुजूल हुआ। रमजान को तीन अशरों में बांटा गया है। पहले 10 दिनों में अल्लाह अपने रोजेदारों पर रहमतों की बारिश करता है। दूसरे अशरे में गुनाह माफ करता है और तीसरे अशरे में दोजख की आग से निजात देता है। इस मौके पर शाहिद अली खां जमाली, रईस अहमद, फहीम मियां, वाजिद अली, आसिम खां, नाजिम मियां समेत काफी तादाद में लोग मौजूद रहे।

### अल्लाह का सबसे कीमता तोहफा है रमजान

रामपुर, अमृत विचार : तालाब मुल्ला इरम स्थित मस्जिद कप्तान साहब में कारी महताब अहमद ने रमजान और नमाज की तरावीह की अहमियत पर रोशनी डाली। कहा कि अल्लाह ने रमजान में अपने बंदों को लिए काफी इनामात दी हैं। हालांकि बंदा ऐसा भी होना चाहिए जो अल्लाह के हुक्म की फरमाबरदारी करें। उन्होंने कहा कि अल्लाह का सबसे कीमता तोहफा रमजान है। रमजान सभी महीनों से बेहतर है। इस मुबारक महीने में ही कुरआन पाक नाजिल हुआ। 16 वीं तरावीह को तालाब मुल्ला इरम स्थित मस्जिद कप्तान साहब में कुरआन मुकम्मल हुआ। इस दौरान हाफिज अहमद ने हर रोज दो सिपारे सुनाए। सामां के फराइज हाफिज फूल मियां ने अंजाम दिए। उन्होंने कहा कि रमजान में अल्लाह ने कुरआन उतारा है, इसलिए इसकी अहमियत और ज्यादा है। कहा कि मुसलमान अपने बच्चों को कुरआन पढ़ाएं। दूसरों को भी इस तरफ तवज्जो दिलाएं। इस दौरान जाकिर खां, आमिर खां, अरसलान खां, अनवर, फहीम खां, मन्नू खां आदि मौजूद रहे।

## झंडा चौक के पास मैदान पर ईद मेले को लेकर ऊहापोह की स्थिति

संवाददाता, टांडा

▸▸ पालिका ने अनुमति के लिए जिला प्रशासन को भेजा पत्र

अमृत विचारः नगर में ईद पर मेले के आयोजन को लेकर इस बार ऊहापोह की स्थिति है। चर्चा है कि जिस भूमि पर मेले लगता है, उस पर न्यायालय से यथास्थिति के आदेश के चलते मेले का आयोजन मुश्किल है। पालिकाध्यक्ष के पूर्व प्रतिनिधि ने बताया कि यह आदेश पिछले हमारे कार्यकाल में भी था, लेकिन सफलतापूर्वक मेले का आयोजन हुआ था। उधर, वर्तमान पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि का कहना है कि मेले के आयोजन की अनुमति के लिए जिला प्रशासन को पत्रावली भेज दी गई है।

नगर में ईद के मौके पर चार दिवसीय मेला लगता है। पहले यह मेला ईद वाली बगिया के मैदान में लगता था। बुजुर्गों का कहना है कि शुरू में मेले की स्थिति कुछ अलग थी। मेले में रुमाल, टोपी और जरूरी खाने-पीने की चीजों की दुकानें लगती थीं। बीच में एक समय ऐसा भी आया कि जब मेले में डांस पार्टी, कंपनी, सर्कस और झूले सहित अन्य खेल तमाशों का आयोजन होने लगा। टांडा एक दीनी बस्ती है, यहां दर्जनों मदरसे और मस्जिदें हैं। मेले में डांस पार्टी के नाम पर अश्लील नृत्य को लेकर विरोध होने लगा। कंपनी और डांस पार्टी के आयोजन पर पाबंदी लगा दी गई। अब पिछले कई सालों से मेला ईद वाली बगिया के बजाय झंडा चौक के निकट स्थित मैदान पर लगता है। नगर पालिका इस भूमि को सरकारी बताती है। दूसरा पक्ष उसे अपनी निजी संपत्ति बताया है। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इस भूमि पर न्यायालय से यथास्थिति का आदेश पारित हो चुका है। मेले के आयोजन को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मकसूद अली लाला का कहना है कि हमने पिछले वर्ष अपने कार्यकाल में मेले का आयोजन कराया था। मौजूदा पालिका अध्यक्ष के पति हाजी सरफराज आलम और अधिशासी अधिकारी पुनीत कुमार का कहना है कि उन्होंने मेले के आयोजन के लिए प्रशासन से अनुमति के लिए पत्रावली भेजी है। अनुमति मिलने पर मेला स्थल की नीलामी की कार्रवाई शुरू की जाएगी।



गुलपोशी के दौरान मौजूद हाफिज व अन्य। ● अमृत विचार

## कुरआन मुकम्मल होने पर गुलपोशी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचारः चौकी कुंडा स्थित मस्जिद अलाउद्दीन में तरावीह में कुरआन मजीद मुकम्मल हुआ। इस मौके पर मौलाना शरीफ उर रहमान ने तकरीर में कहा कि मुसलमानों की जिंदगी में कुरआन की अहमियत अधिक है। कलमा ए तय्यबा का जिक्र करें। जब कोई मोमिन सारे रोजे रखता है तो अल्लाह उसके सिर से लेकर पैर तक के सभी गुनाह माफ कर देता है।

मस्जिद अलाउद्दीन में मौलाना शरीफ उर रहमान ने रोजाना दो सिपारे सुनाए। जबकि सामां के फराइज हाफिज गुड्डू ने अदा किए। कुरआन मुकम्मल होने पर मौलाना, सामां की मस्जिद में लोगों ने गुलपोशी की। इस मौके पर मौलाना शरीफ उर रहमान ने कहा कि रमजान में अल्लाह इबादत का सवाब सत्तर गुना कर देता है इसलिए हम लोगों को चाहिए कि ज्यादा से ज्यादा इबादत करें। इस अवसर पर जुनैद खां, शुऐब मियां, मन्जर अली, सलीम खां, जफर खां, मिक्की खां, नजीब खां, मुईन खां आदि रहे।

## जिला अस्पताल की ओपीडी में बढ़ रही मरीजों की संख्या

रामपुर, अमृत विचारः इस माह गर्मी बढ़ने से जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। 11 दिन पहले मरीजों की संख्या काफी कम थी। बुधवार को 1039 रोगियों को परामर्श दिया गया। अस्पताल में चिकित्सकों कक्ष के बाहर मरीजों की कतार लगी रही। चिकित्सकों के अनुसार, खांसी, जुकाम और बुखार के रोगियों को दवा दी गई।

जनरल फिजिशियन डॉ. संजय अग्रवाल, डॉ. शंशाक झा, चेस्ट फिजिशियन डॉ. डीके वर्मा से सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक 300 से 350 तक रोगियों को देखा।

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रेम युगल किशोर ने बताया कि ज्यादातर बच्चों में उल्टी दस्त होने की शिकायत मिल रही है।

## होम फीडरों पर ही कर दी गई बिजली कर्मियों की तैनाती

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ कई वर्षों से जमे हुए एक ही बिजलीघर में कर्मचारी

अमृत विचारः नवाबगेट डिवीजन के अधिकारियों की अनदेखी के चलते कई कर्मचारियों की होम फीडरों पर तैनाती है। इनको हटाए जाने के लिए विद्युत निगम के अधिकारी हीला-हवाली बरत रहे हैं।

विद्युत निगम के अधिकारियों को शासन से सख्त दिशा निर्देश मिले है कि कोई भी एसएसओ, पेट्रोलमैन और लाइनमैन की तैनाती होम फीडरों पर नहीं होना चाहिए। लेकिन इसके बावजूद भी कर्मचारियों को इधर से उधर नहीं किया गया है। शासन के आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। अभी हाल ही में मेहर इंटरप्राइजेज कंपनी द्वारा निविदा 60 कर्मचारियों को इधर से उधर करने के निर्देश मिले है। इसके लिए बकायदा प्रत्येक बिजलीघर की सूची भी जारी हुई है। 60 में से सिर्फ 35 कर्मचारियों को इधर से उधर किया गया है शेष आदेशों को धज्जियां उड़ाकर डयूटी को अंजाम दे रहे हैं। एक्सईएन प्रथम इमरान खां ने बताया कि 13 बिजलीघरों में तैनात 60 कर्मचारियों को इधर से उधर करने के निर्देश मिले है। कि उनकी नवीन बिजलीघर पर तैनाती कराई जाए। इसके लिए 13 बिजलीघरों के अवर अभियंताओं को नोटिस दिए गए है जिसमें साफ तौर पर कहा गया है कि तैनाती नहीं होने पर संबंधित जेई का वेतन पर रोक लगा दी जाएगी।

## बच्चों ने बिना आग के बनाए स्वादिष्ट व्यंजन

संवाददाता, मिलक



रंगोली के पास मौजूद छात्र-छात्राएं व अन्य। ● अमृत विचार

अमृत विचारः नगर स्थित हेरिटेज चिल्ड्रेन एकेडमी में चल रहे कब-बुलबुल शिविर का बुधवार को समापन किया गया। जिला प्रशिक्षण आयुक्त प्रेम पाल सिंह ने कब-बुलबुल के नियम बताए। तंबुओं में बच्चों ने स्वादिष्ट व्यंजन बनाए।

विद्यार्थी सर्वधर्म प्रार्थना में शामिल हुए। इसके बाद शिविर ध्वजा रोहण व कब- बुलबुल प्रार्थना के साथ कार्यक्रमों की शुरूआत हुई। प्रधानाचार्य डॉ. रीना दुबे ने छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। कहा कि छात्र इस प्रकार के कौशल से विषम परिस्थितियों का सामना कर देश के जिम्मेदार नागरिक बनकर सच्ची निष्ठा से अपना कर्त्तव्य निर्वाह करते हैं। प्रबंधक मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि जीवन में विषम परिस्थितियों के लिए तैयार होना भी हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इसके लिए विद्यालय में होने वाले सभी कार्यक्रमों एवं प्रतिस्पर्धाओं में बच्चों को शामिल होना चाहिए। विद्यार्थियों ने टेंट का निर्माण कर कला का प्रदर्शन किया। बिना आग जलाए स्वादिष्ट व्यंजन बनाए। विद्यार्थियों ने अपने-अपने टेंट के पास रंगोली भी बनाई जो प्रतियोगिता का हिस्सा थी। विद्यार्थियों ने अलग-अलग राज्यों के लोकगीतों पर नृत्य कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया भी किया। अंत में विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान कोऑर्डिनेटर एलआर कुशवाहा,सरफराज आलम खान, महेन्द्र पांडेय, दुर्गा प्रसाद, गिरिजेश सैनी, बासित अली, गीता तिवारी, पूनम रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

**प्रभाव** इंटरलॉकिंग सड़कें, खड़ंजे समेत कई योजनाओं की रह गई टेंडर प्रक्रिया

# आचार संहिता के चलते एक करोड़ के काम अटके

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



रोडवेज वर्कशाप की सड़क पर गड्ढे में भरा पानी। ● अमृत विचार

अमृत विचारः लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता के चलते नगर पालिका के चल रहे पुराने कार्य और अन्य काम अटक गए हैं। इंटरलॉकिंग सड़कों और खड़ंजों समेत कई योजनाओं की टेंडर प्रक्रिया नहीं हो सकी है। हालांकि पूरे कामों को पूरा करने के निर्देश हैं।

इस समय पिछले सत्र के पालिका के 10 से 15 कार्य पूरे हो चुके हैं। अभी सात से आठ कार्य शेष हैं। लोकसभा चुनाव के बाद ही इन कार्यों को शुरू किय जा सकेगा। पिछली बार विधानसभा व नगर निकाय के चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई थीं। उस वजह से विभागों का विकास का पहिया रूक गया था। इसमें आचार संहिता लगने से पहले पालिका की 20 फाइलें अटकी हुई थीं। इनमें काम कराया जाना था। लेकिन इनमें से कुछ कार्य ही हो सके थे। लेकिन बाद में चुनाव होने की तिथि घोषित हो गई। आचार संहिता भी लग गई। ऐसे में आचार संहिता लंबे समय प्रभावी रहने के चलते कई विभागों के कामकाज ठप हो चुके हैं। यह कामकाज अब काफी समय के लिए रुक चुके हैं। इन कार्यों को कराने के लिए प्रस्तावित कार्यों की स्वीकृति का इंतजार किया जा रहा है और स्वीकृत कार्यों को कराए जाने के लिए विभाग को लंबा इंतजार करना पड़ेगा। वार्ड नंबर 38 तक इंटरलॉकिंग सड़कों का जाल बिछाने काम भी अधूरा रह गया है। इन सभी कार्यों की लागत करीब एक करोड़ रुपये से अधिक है। जिसके लिए अब यह कार्य दो माह बाद ही सुचारू हो सकेंगे। इसके अलावा इंटरलॉकिंग रोड और नाला निर्माण, शिव विहार में चित्रगुप्त पार्क, वार्ड नंबर 4 में नाली निर्माण और टाइल्स बिछाने का काम, वार्ड नंबर 38 में मार्ग की मरम्मत, फॉगिंग मशीन के लिए टेंडर प्रक्रिया नहीं हो सकी है।

> आचार संहिता लगने से कार्य रुक गए हैं जिसके चलते यह काम नहीं कराए गए। अब दो माह बाद ही कार्य सुचारु हो पाएंगे। जो कार्य चल रहे हैं, उन्हें जल्द ही पूरा कराने के लिए तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।
>
> -दुर्गेश्वर त्रिपाठी, ईओ

## बदर में लड़ी गई जुल्म के खिलाफ जंग : बाबर

रामपुर, अमृत विचारः ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबर खां ने बुधवार को कहा कि मक्का में बदर नाम की जगह पर जुल्म के खिलाफ जंग लड़ी गई थी। इस जंग को जंग-ए-बदर का नाम दिया गया। नबी ए करीम ने अपने 313 साथियों के साथ कुफ्फार ए मक्का से जंग लड़ी। ऊंट और हथियारों की कमी के बावजूद दुश्मनों ने मक्का के एक हजार के लश्कर से जंग लड़ी और जीत सच्चाई की हुई। बताया कि यौम-ए-जंग बदर को लेकर गुरुवार को डिग्री कालेज स्थित मीडिया प्रभारी शादाब कदीरी के घर पर जलसा होगा। इसके बाद रोजा इफ्तार भी कराया जाएगा। शहर के मोहल्ला घेर मियां में बैठक हुई। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी को कार्यक्रम के लिए जिम्मेदारी सौंपी। इस दौरान हाजी मोहम्मद जमीर रिजवी, मौलाना अहमद इदरिस कासमी, असलम खां, मास्टर बाबू अली खां, जाफर खां, शबाब खां आदि शामिल रहे।

## सपा प्रत्याशियों में एक नाम पर आज लग सकती है मुहर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ बुधवार दोपहर बाद आसिम राजा ने कराया नामांकन

अमृत विचारः नामांकन प्रक्रिया बुधवार को शाम 5 बजे तक हुई। सपा के टिकट पर दो प्रत्याशियों ने नामांकन कराया है। मोहिबुल्लाह नदवी का नाम प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने घोषित कर नामांकन करा दिया। आजम खां के करीबी आसिम राजा ने पर्चा जमा किया है। आसिम राजा ने बताया, गुरुवार को साफ हो जाएगा कि लोकसभा चुनाव में कौन प्रत्याशी रहेगा।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और पूर्व मंत्री आजम खां के बीच हुई रार अब किसी से छिपी नहीं है। दोनों नेताओं ने सपा के टिकट पर दो लोगों को चुनाव मैदान में उतार दिया है। 18 अक्टूबर 2023 से सीतापुर जेल में बंद आजम खां ने सियासी बिसात पर बुधवार की दोपहर को नई चाल चलकर पार्टी हाईकमान को सीधी चुनौती दे दी है। इसके परिणाम क्या होंगे यह तो समय ही बताएगा। वर्ष 2022 में हुए लोकसभा उपचुनाव में आजम खां ने शहर अध्यक्ष आसिम राजा को प्रत्याशी बनाया था। उपचुनाव में उन्हें 325205 वोट मिले थे।

भाजपा के प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी को 325205 वोट मिले थे। जबकि, वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में आजम खां को 559177 वोट मिले थे और उन्होंने भाजपा प्रत्याशी जयाप्रदा को करारी शिकस्त दी थी। लेकिन, कल क्या होगा यह भविष्य में छिपा हुआ रहस्य है।

## जानलेवा हमले में फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचारः जानलेवा हमले में फरार चल रहे आरोपी को गंज पुलिस ने चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस उसे थाने ले आई। पूछताछ के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज गिया गया है।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के निर्देश पर अपराधियों को पकड़ने के लिए जिले में अभियान चलाया जा रहा है। इसके चलते गंज पुलिस ने बुधवार को आरोपी हैदर पुत्र ऐजाज वली उर्फ तज्जू निवासी शाहबाद गेट सिकत्तर की कोठी थाना कोतवाली में बरेली गेट से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस थाने लाकर उससे पूछताछ की। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बाद में उसका चालान कर दिया। उधर, लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए पुलिस प्रयासरत है।

## एक नजर

### नामांकन के अंतिम दिन कलेक्ट्रेट पर रही कड़ी सुरक्षा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बुधवार को नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन कलक्ट्रेट पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। सपा प्रत्याशी को लेकर असमंजस की स्थिति बनी थी, इसलिए वहां अधिक भीड़ नजर आई। कलेक्ट्रेट परिसर में सघन जांच के बाद ही लोगों को प्रवेश दिया गया। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर और सीओ कांठ कुलदीप कुमार खुद कलेक्ट्रेट गेट पर खड़े होकर भीड़ को हटवाते नजर आए। इस दौरान एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया और एडीएम सिटी ज्योति सिंह ने कलेक्ट्रेट और आसपास के इलाके में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सीओ कटघर रुद्र कुमार सिंह, सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर, सीओ अंकित तिवारी, सीओ कोतवाली सुनीता दहिया भी अलग-अलग जगह सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर उसे चौक चौबंद करते रहे। आंबेडकर पार्क, कमिश्नर ऑफिस चौराहा, जैन मंदिर तिराहा और आईएमए हॉल मोड़ के पास बैरियर लगाकर कलेक्ट्रेट की ओर जाने वाले वाहनों प्रवेश नहीं दिया गया।

### सपा जिलाध्यक्ष के साथ न होने की रही चर्चा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सपा प्रत्याशी के नामांकन के दौरान पार्टी के जिलाध्यक्ष डीपी यादव व किसी विधायक की उपस्थिति न होने की चर्चा भी रही। केवल कुछ पूर्व पदाधिकारी उनके साथ दिखे। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि रिटर्निंग अधिकारी ने खुद स्थिति स्पष्ट कर दी है।

### रुचि वीरा अधिकृत प्रत्याशी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रिटर्निंग अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी की ओर से अधिकृत प्रत्याशी रुचि वीरा हैं। उन्होंने पार्टी की ओर से सिंबल और अधिकृत पत्र जमा किया है। नामांकन पत्र के साथ उन्होंने फार्म एवी दिया है। जिसमें डॉ. एसटी हसन को पार्टी का टिकट निरस्त करते हुए उनके पक्ष में सिंबल देने का प्रमाण दिया गया है।

### परिषदीय स्कूलों की परीक्षाएं खत्म, एक अप्रैल से नया सत्र

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालय में चल रही वार्षिक परीक्षाएं बुधवार को खत्म हो गईं। अंतिम दिन कक्षा पांचवीं से आठवीं तक के बच्चों की मौखिक परीक्षा हुई। पहली पाली में कक्षा छठी, सातवीं और आठवीं के छात्र-छात्राओं की क्राफ्ट व गृह शिल्प और दूसरी पाली में खेल एवं शारीरिक शिक्षा व स्काउटिंग की परीक्षा हुई। बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने बच्चों को 30 मार्च तक रिपोर्ट कार्ड वितरित करने के निर्देश दिए हैं।



जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह को नामांकन पत्र सौंपतीं सपा प्रत्याशी रुचि वीरा। ● अमृत विचार



कलेक्ट्रेट गेट पर लोगों को रोकते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

# आखिरी दिन सपा की रुचि वीरा व सरताज समेत 10 ने कराया नामांकन

## सपा के प्रत्याशी बदलने से नामांकन को लेकर रही उत्सुकता, अखिलेश यादव ने डॉ. एसटी हसन की जगह रुचि वीरा को बनाया अपना प्रत्याशी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी की ओर से प्रत्याशी बदले जाने ने मतदान से पहले ही राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी। सपा के मौजूदा सांसद डॉ. एसटी हसन के नामांकन के बाद टिकट काटकर जिस चेहरे को सिंबल दिया गया उसको देखने की उत्सुकता सभी में रही। बुधवार को कलेक्ट्रेट में नामांकन के लिए पहुंचने वाली रुचि वीरा पर सबकी नजरें टिकी थीं। नामांकन में सारा फोकस उन पर ही रहा। हालांकि कई अन्य प्रत्याशियों ने भी अपना पर्चा भरा लेकिन सब रुचि वीरा को देखने के लिए उत्सुक रहे।

मुरादाबाद लोकसभा सीट का चुनाव इस बार मतदान से पहले ही राजनीतिक सुर्खियां में आ गया। पहले भाजपा प्रत्याशी को लेकर कयास चला। तो सपा ने उससे एक कदम आगे बढ़कर अपने वर्तमान सांसद को टिकट देने के बाद पैदल कर दिया। उनकी जगह बिजनौर की पूर्व विधायक रुचि वीरा को मैदान में उतार कर राजनीतिक तापमान बढ़ा दिया। इससे न केवल सपा बल्कि दूसरे दलों को भी अपनी रणनीति नये सिरे से तय करने को मजबूर कर दिया। सबकी नजरें सपा में चल रहे उठापटक पर केंद्रित थीं। कलेक्ट्रेट परिसर में उनके आने से पहले ही वह किस बैंक से जमानत के लिए जमा करने वाली ड्राफ्ट बनवा रही हैं, यहां तक की टोह लेने में सपाई और दूसरे लोग भी लगे रहे। जैसे ही रुचि वीरा कलेक्ट्रेट पहुंचीं मीडिया के कैमरे उनके चेहरे पर फ्लैश होने लगे। उन्होंने नामांकन दाखिल करने से पहले ही कहा कि सिंबल उनके पास है।

नामांकन करने के बाद बाहर आने पर डॉ. एसटी हसन को लेकर पूछे गए सवाल पर रुचि वीरा ने उनको अपना बड़ा भाई बताते हुए कहा नो कमेंट। उन्होंने टिकट के लिए आजम खां के प्रति आभार जताया। कहा कि सपा मुखिया के भरोसे पर खरा उतरकर मुरादाबाद की जनता के आशीर्वाद से जीत उनकी होगी।



नामांकन करने पहुंचे निर्दलीय प्रत्याशी सरताज अंसारी। ● अमृत विचार



नामांकन करने पहुंचे भारत युग जनता पार्टी के प्रदीप यादव। ● अमृत विचार

## पुलिस संग जवानों ने किया फ्लैग मार्च

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर में आरपीएसएफ के जवानों व पुलिस को साथ लेकर लोकसभा चुनाव में शांति व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिगत कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में पैदल फ्लैग मार्च निकाला। साथ ही नागरिकों से शांति बनाए रखने की अपील की।

कोतवाली प्रभारी शैलेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व में आरपीएसएफ के एसआई संदीप वालिया ने जवानों के साथ नगर व देहात क्षेत्र में पैदल मार्च निकाल कर लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत व लोगों में सुरक्षा की भावना जागृत करने के लिए पैदल फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान ग्राम राघुवाला, मलपुरा, लक्ष्मीपुर सहित नगर के मुख्य मार्ग कोतवाली, बुधबाजार, बाज़ार गंज, राजीव मार्केट, कदीर तिराहा, चलचित्र ढाल, कमालपूरी चौराहा, अस्पताल रोड पर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील।



ठाकुरद्वारा में फ्लैग मार्च में शामिल सुरक्षाकर्मी। ● अमृत विचार

## करोड़ों की मालकिन हैं सपा प्रत्याशी, असलहा व कार भी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी की अब अधिकृत प्रत्याशी 62 वर्षीया रुचि वीरा करोड़पति हैं। उनके पास एक करोड़ के सोने-चांदी के आभूषण के अलावा असलहा, कार और ट्रैक्टर भी है। हालांकि पति के पास वाहन के रूप में छह ट्रैक्टर ही है।

नामांकन के समय दिए शपथ पत्र के अनुसार बिजनौर के अमीरपुरदास उर्फ धर्मनगरी की रहने वाली रुचि वीरा के पति उदयनवीर हैं। उनका बड़ा फार्म हाउस है। उनके पति के पास चल संपत्ति के रूप में छह ट्रैक्टर हैं। जिसकी कुल कीमत करीब 32 लाख रुपये है। बात करें रुचि वीरा की चल संपत्ति की तो उनके पास वाहन के रूप में 9 लाख रुपये की एक कार, चार लाख कीमत का ट्रैक्टर है। आभूषण एक करोड़ रुपये से अधिक का है। जिसमें 1600 ग्राम सोना कीमत 96 लाख और चांदी 6 किलो कीमत 4.20 लाख रुपये हैं। पति के पास कोई आभूषण नहीं है। सपा प्रत्याशी के पास असलहा में रिवाल्वर कीमत 3.50 लाख, राइफल 60,000 रुपये और दो नाली बंदूक जिसकी कीमत 45,000 रुपये है। इसके अलावा उनके पति के पास भी तीन असलहे हैं। जिसमें दो नाली बंदूक कीमत 1.50 लाख, 8 लाख रुपये की पिस्टल और 1.50 लाख रुपये की राइफल भी है। रुचि के पास चल संपत्ति कुल 1 करोड़ 75 लाख 39 हजार 391 रुपये और पति के पास 1 करोड़ 38 लाख, 48 हजार 929 रुपये हैं। सपा प्रत्याशी और उनके पति के पास नकद एक- एक लाख रुपये हैं।

### एआईएमआईएम से वकी रशीद ने कराया नामांकन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए पहले छह प्रत्याशियों ने नामांकन कराया था। जिसमें भाजपा से कुंवर सर्वेश सिंह, बसपा से इरफान सैफी, वर्तमान सांसद डॉ. एसटी हसन भी शामिल थे। नामांकन के आखिरी दिन सबसे अधिक 10 प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया। इसमें अजय यादव अपना हक पार्टी, वकी रशीद एआईएमआईएम, शकील अहमद समता पार्टी, संदीप त्रिवेदी वैदिक समाजवादी पार्टी, प्रदीप यादव भारत युग जनता पार्टी, सरताज आलम निर्दलीय, गंगाराम शर्मा राष्ट्रीय कांग्रेस (जे) पार्टी के हैं। साथ ही रुचि वीरा ने समाजवादी पार्टी और शीशपाल, मुसरत हुसैन और अमरजीत सिंह ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र भरा है।



पत्र लिखकर अपने माता-पिता से मतदान करने की अपील करते प्राथमिक विद्यालय के बच्चे। ● अमृत विचार

## माता-पिता से की मतदान की अपील

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिला प्रशासन की पहल पर मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत बेसिक शिक्षा परिषदीय विद्यालयों के बच्चे पत्र लिखकर मतदान के लिए अपने माता-पिता और अभिभावकों से अपील कर रहे हैं।

नगर क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय गंज-गांधी पार्क में प्रधानाध्यापक राहुल शर्मा द्वारा स्वीप कार्यक्रम में इस मुहिम के माध्यम से जनपद के वोट प्रतिशत में बढ़ोतरी के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बच्चों के माध्यम से मतदान करने की अपील की। बुधवार को वार्षिक परीक्षा समाप्त होने पर विद्यालय के सभी बच्चों ने अपने माता-पिता व अभिभावकों के नाम पत्र लिखा। इसमें लोकसभा चुनाव में 19 अप्रैल को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए अपने माता-पिता को पत्र लिखा और उनसे मतदान करने की अपील की। कहा कि पहले मतदान, फिर जलपान।

### बूथों पर व्यवस्थाओं की तैयारी में जुटे अधिकारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए बूथों पर व्यवस्था बनवाने में अधिकारी जुटे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बूथों पर पेयजल, शौचालय, आने जाने के रास्ते, प्रकाश और सुरक्षा व्यवस्था कराने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया है।

इसके क्रम में अधिकारी बूथों पर व्यवस्था कराने में भागदौड़ कर रहे हैं। बिजली, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अलावा विकास भवन के संबंधित अधिकारी बूथों पर चल रहे कार्य की निगरानी कर रहे हैं। परीक्षा समाप्त होने के बाद खाली कॉलेजों में मतदान पार्टियों के पहुंचने से पहले सभी प्रबंध कराया जाना है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी गुलाब चंद का कहना है कि बूथों पर सभी मूलभूत सुविधाएं मतदान से पहले हर हाल में पूरी कराई जाएंगी।

## 122 पीठासीन व मतदान अधिकारियों को चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** राजकीय पॉलीटेक्निक (पुरुष) व राजकीय पॉलीटेक्निक (महिला) कांठ रोड पर मतदान कार्मिकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हो गया। बुधवार को पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम प्रशिक्षण में शामिल हुए। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के पहले दिन 122 पीठासीन और मतदान अधिकारी प्रथम गैरहाजिर रहे। जिन्हें कार्रवाई की चेतावनी देते हुए गुरुवार के प्रशिक्षण में शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रशिक्षण के पहले दिन दोनों पालियों में 122 पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम अनुपस्थित रहे। परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहे 16 पीठासीन अधिकारी दूसरे दिन प्रशिक्षण प्राप्त कर पुनः परीक्षा देंगे। दूसरे दिन अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों का वेतन रोकने के साथ विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी। गुरुवार को पहले दिन दो पालियों 6,000 कार्मिकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई। मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव की अध्यक्षता में जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक व जिला पंचायत अधिकारी वाचस्पति झा की देखरेख में 3000 पीठासीन अधिकारियों की परीक्षा कराई गई। सीडीओ ने बताया की दोनों प्रशिक्षण स्थलों पर दोनों पालियो में कुल 2520 पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम के सापेक्ष 2398 पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम उपस्थित रहे। जबकि 122 पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान अधिकारी अनुपस्थित रहे। सीडीओ ने बताया कि पीठासीन अधिकारियों एवं प्रथम मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण में उपस्थित न होने पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्मिकों के विभागों को उनके वेतन पर रोक लगाने व उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई अनुपस्थित पीठासीन अधिकारियों एवं प्रथम मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण के लिए अन्तिम अवसर देते हुए 29 मार्च को की द्वितीय पाली में संबधित प्रशिक्षण स्थल पर बुलाया गया है। प्रशिक्षण में शामिल न होने वाले कार्मिकों के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-134 के अन्तर्गत कार्रवाई की जाएगी।



राजकीय पॉलीटेक्निक में पीठासीन अधिकारियों को ट्रेनिंग देते मास्टर ट्रेनर।

**रणनीति** — 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा-सपा का था गठबंधन, सपा से डॉ. एसटी हसन ने जीता था पिछला चुनाव

## भाजपा से चौथी बार सर्वेश, अब सपा ने नये चेहरे पर खेला दांव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में इस बार मुकाबला दिलचस्प हो गया है। भाजपा से जहां पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह लगातार चौथी बार चुनाव मैदान में हैं वहीं बसपा के बाद अब सपा ने भी नये चेहरे पर दांव खेला है। एसटी हसन का टिकट काटकर रुचि वीरा के नामांकन के बाद सपा में अंदरूनी कलह सतह पर आ गई है। अब इसका फायदा किसे मिलेगा यह देखना दिलचस्प होगा।

भारतीय जनता पार्टी से कुंवर सर्वेश सिंह 2009 से लगातार चुनाव लड़ रहे हैं। 2009 में वह कांग्रेस के मोहम्मद अजरूद्दीन से चुनाव हार गए थे। इसके बाद 2014 में उन्होंने चुनाव जीत कर कमल खिलाया। लेकिन, अगले आम चुनाव में वह समाजवादी पार्टी के डॉ. एसटी हसन से 2019 में हार गए। इस बार भी अटकलों को निराधार साबित करते हुए उनके ऊपर पार्टी ने भरोसा जताते हुए एक बार फिर प्रत्याशी बना दिया है। नामांकन के बाद वह जनसंपर्क और बैठकों में जुट गए हैं। वहीं समाजवादी पार्टी में राजनीतिक ड्रामा जारी है। 24 मार्च को पार्टी ने अपने मौजूदा सांसद डॉ. एसटी हसन के नाम टिकट घोषित कर दिया। होली के बाद अगले दिन 26 मार्च को डॉ. एसटी हसन एक तरफ नामांकन दाखिल करने के लिए घर से निकले तो फिजा में उनके टिकट कटने की चर्चा होने लगी। इसको लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचे डॉ. हसन भी असहज हो गए। लेकिन, नामांकन का समय 3 बजे समाप्त होने से चंद मिनट पहले उन्होंने रिटर्निंग अधिकारी मानवेंद्र सिंह के कक्ष में पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल कर दिया। वहीं बिजनौर की पूर्व विधायक रूचि वीरा का टिकट आजम खां की पैरवी के बाद कन्फर्म होने की चर्चा तेज हो गई। वह रात में ही मुरादाबाद पहुंच गईं। लेकिन, असमंजस बना रहा। खुद के अधिकृत प्रत्याशी होने का दावा करते हुए रुचि वीरा ने बुधवार को जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय कक्ष में पहुंचकर रिटर्निंग अधिकारी मानवेंद्र सिंह को नामांकन पत्र सौंपा। इसके साथ ही सपा के प्रत्याशी के रूप में एक दिन पहले नामांकन दाखिल करने वाले डॉ. एसटी हसन का टिकट कटने पर मुहर लग गई। रिटर्निंग अधिकारी ने भी रुचि वीरा की तरफ से अधिकृत प्रत्याशी होने का पत्र देने की बात कही गई। इसके बाद वर्तमान सांसद ने अपना मोबाइल स्विच आफ कर लिया। हालांकि इसके पहले उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के ऊपर सब कुछ डालने की बात कही थी।

**▸▸ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी की प्रतिष्ठा भी मुरादाबाद सीट से दांव पर**

ऐसे में अब सपा की अंदरूनी कलह का फायदा भाजपा व बसपा प्रत्याशी को पहुंचने की बात कही जा रही है। बसपा ने इरफान सैफी को अपना प्रत्याशी बनाया है। 46 वर्षीय इरफान सैफी सपा में चल रहे मनमुटाव को अपने पक्ष में किस हद तक मोड़ लेते हैं यह चंद दिन में पता चलने लगेगा। वहीं भाजपा प्रत्याशी ने नामांकन के दिन ही दो लाख से अधिक वोट से अपनी जीत का दावा कर सभी पर भारी पड़ने का संकेत दे दिया था। उनके साथ नामांकन में पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी की प्रतिष्ठा भी इस सीट से सीधी जुड़ी है। क्योंकि मुरादाबाद उनका गृह जनपद है। अपने घर में कमल खिलाने के लिए वह भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। सपा के साथ इस बार कांग्रेस का हाथ है। क्योंकि दोनों गठबंधन के सहयोगी हैं। बसपा प्रत्याशी इस समय बड़े दलों के प्रत्याशियों में एकमात्र मुस्लिम चेहरे हैं। ऐसे में मुस्लिम वोटों का ध्रुवीकरण उनको मजबूती दे सकता है।

## पोलियो मुक्त होने पर मनाया जश्न

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** देश को पोलियो मुक्त हुए दस वर्ष पूरे होने पर बुधवार को पोलियो चौक पर कोर पीसीआई पानी संस्थान के द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर जश्न मनाया गया।

कोर पीसीआई पानी संस्थान की डीएमसी गजाला शकूर ने कहा कि 27 मार्च 2014 को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को पोलियो मुक्त देश होने का प्रमाणपत्र जारी किया था। इसके बाद से देश में कोई पोलियो का केस नहीं मिला। भारत जैसे विशाल देश से पोलियो का पूरी तरह उन्मूलन होना 21वीं सदी की बड़ी उपलब्धि है। जन सहयोग से पोलियो पर विजय पाई गई। सभी स्वास्थ्य कार्यक्रम, वैक्सिनेटर्स, एक्स कम्युनिटी मोबिलाइजेशन कोऑर्डिनेटर का इसमें बहुत बड़ा योगदान रहा। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. कुलदीप सिंह ने सभी के सहयोग से पोलियो मुक्त भारत अभियान की सफलता पर खुशी जताई। कहा कि आगे भी इसके प्रति सतर्क रहने की जरूरत है। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. भरत भूषण, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा.संजीव बेलवाल, डिप्टी डीआईओ डॉ. कुमेश, स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्साधिकारी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, ब्लॉक मोबिलाइजेशन कोऑर्डिनेटर आदि उपस्थित रहे।

**▸▸ पोलियो चौक पर कोर पीसीआई पानी संस्थान व स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजन**




पोलियो मुक्त भारत के लिए संकल्प लेकर प्रतिबद्धता जताते मुख्य चिकित्साधिकारी डा. कुलदीप सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

## एक नजर

### आज होगा भाविप का होली मिलन समारोह

**कांठ, अमृत विचार :** नगर में भारत विकास परिषद का होली मिलन समारोह का आयोजन गुरुवार को वैश्य धर्मशाला में किया जाएगा। जिसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। बुधवार को भारत विकास परिषद के अध्यक्ष सचिन चौहान उर्फ़ बंटी ने बताया कि नगर की वैश्य धर्मशाला में गुरुवार को भारत विकास परिषद का होली मिलन समारोह का आयोजन शाम 5 :30 बजे किया जाएगा।

### तहसील बार एसो. का होली मिलन समारोह आज

**बिलारी, अमृत विचार :** तहसील सभागार में तहसील बार एसोसिएशन का गुरुवार को होली मिलन समारोह होगा। कार्यक्रम को लेकर अधिवक्ताओं ने रूपरेखा तैयार की। तहसील बार एसोसिएशन की ओर से परंपरागत तौर पर होली के बाद होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है। इसी को लेकर गुरुवार को दोपहर 1 बजे से होली मिलन समारोह तहसील सभागार में होगा। जिसमें स्थानीय अधिकारियों की भी मौजूदगी रहेगी। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आफाक हुसैन एडवोकेट, सचिव विनय कुमार सिंह एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

### नमाज पढ़ने गए युवक की बाइक चोरी, रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला जमनावाला निवासी युवि नमाज पढ़ने मस्जिद में गया था तभी बाहर खड़ी उसकी बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। नगर के मोहल्ला जमनावाला वार्ड नं 3 निवासी मोहम्मद नबी पुत्र कफील अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि नगर की बिलाल मस्जिद में मंगलवार की शाम वह नमाज पढ़ने गया था। उसने अपनी बाइक मस्जिद के बाहर खड़ी कर दी थी। नमाज पढ़ने के बाद वह बाहर आया तो देखा उसकी बाइक गायब थी। काफी तलाश के बाद भी बाइक नहीं मिली।

### वीडियो बनाने को लेकर मारपीट, एक गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** होली की चौपाई निकालने के दौरान गांव के युवक द्वारा वीडियो बनाए जाने को लेकर मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव किशनपुर गावडी में होली की चौपाई निकालने के दौरान गांव का गजेंद्र सैनी वीडियो बनाने लगा। गांव के ही मुकेश ने गजेंद्र के साथ मारपीट की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मुकेश को गिरफ्तार कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया जहां जमानत पर रिहा कर दिया गया।

# ट्यूबवेलों पर चोरी की घटनाओं का खुलासा न होने पर किसानों में रोष

## पांच दिन में घटनाओं का खुलासा न होने पर भाकियू ने दी थाने पर धरने की चेतावनी

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन ने छजलैट पुलिस से क्षेत्र में हुई 30 चोरियों का घटनाओं का खुलासा करने की मांग की। खुलासा नहीं करने पर प्रदर्शन की भी चेतावनी दी है।

बुधवार को बड़ी संख्या में किसान भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में किसान भवन पर इकट्ठा हुए। उन्होंने मांग की कि क्षेत्र में हो रही ट्यूबवेल पर हो रही चोरी व मोटर चोरी का खुलासा किया जाए। जिन किसानों की चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की उन किसानों की चोरी की रिपोर्ट दर्ज की जाए। किसानों ने पुलिस को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पांच दिन में चोरियों का खुलासा नहीं हुआ तो थाने का घेराव कर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव डॉ. नौ सिंह व मंडल उपाध्यक्ष चौधरी यशपाल सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र से आए किसान तिरपाल बिछाकर किसान भवन पर बैठ गए। किसानों का कहना था कि फरीदपुर, सीतापुर, समदपुर, संदलीपुर, चोहरा रसलपुर आदि गांव से एक महीने में 32 मोटर व स्टार्टर चोरी हो गए। होली की रात को समदपुर से सात तथा दुल्हैंडी की रात में संदलीपुर से पांच मोटर चोरी हो गईं। पुलिस ने समदपुर वाली चोरी की तो रिपोर्ट दर्ज कर ली परंतु संदलीपुर की रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। साथ ही पिछले महीने हुई चोरियों की भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। सूचना मिलते ही थाने की फोर्स भी किसान भवन पर पहुंच गई। जहां पुलिस और किसानों में तीखी बहस भी हुई। किसानों का आरोप है कि पुलिस शक के आधार पर आसपास के संदिग्ध लोगों को उठा रही है, साथ ही सांठगांठ कर छोड़ भी रही है। डॉ. नौ सिंह ने सीओ कांठ से फोन पर वार्ता की। चेतावनी दी कि यदि पांच दिन में चोरी का खुलासा नहीं हुआ तो 2 अप्रैल को थाने को घेराव किया जाएगा। इस मौके पर चौधरी यशपाल सिंह मंडल उपाध्यक्ष, सुरेंद्र सिंह पप्पू, प्रधान देवेंद्र सिंह, मनोज चौधरी, चौधरी चरण सिंह, नरेंद्र शर्मा, मास्टर समरपाल सिंह, रवि पाल सिंह, अजय कुमार, विपिन चौधरी, अचिन चौधरी, ओमवीर सिंह आदि किसान उपस्थित रहे।


बैठक में उपस्थित भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी व किसान। ● अमृत विचार

### मिशन शक्ति जागरुकता अभियान में दी जानकारी

**बिलारी, अमृत विचार:** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित शक्ति दीदी अभियान को लेकर महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को कई स्थानों पर जागरूक किया।

इस बीच जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। जिसमें वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, साइबर अपराध आदि के बारे में जागरूक किया गया। इस बीच महिला पुलिसकर्मी बिलारी के बस स्टैंड सहित मुख्य चौराहों पर पहुंची। महिलाओं और बालिकाओं से मिलकर चर्चा की गई।

महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी परियोजना 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, साइबर क्राइम नंबर 1930 के संबंध में चर्चा की गई। इस बीच महिलाओं व बालिकाओं को साइबर अपराध से होने वाले अपराधों की जानकारी दी। वहीं घरेलू हिंसा के बारे में भी जागरूक किया गया और बालिकाओं को यातायात के नियम के बारे में बताया।

## पानी की पाइपलाइन डालने के लिए खोदे गए गड्ढों से परेशानी

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** जल निगम द्वारा नगर के प्रत्येक वार्ड में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाई जाने के बाद खोदे गए गड्ढों को नगर पंचायत द्वारा पाटा जा रहा है। वहीं मोहल्ला विशनपुरा में ठेकेदार की लापरवाही के कारण कई जगह दोबारा गड्ढे हो जाने से कई लोग चोटिल हो गए। जिससे लोगों में रोष है।

जल निगम द्वारा नगर में अनेक वार्डों में 1800 किलोमीटर के ओवरहेड टैंक से शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाई गई। लेकिन खोदे हुए गड्ढों को नहीं पाटे जाने से नागरिकों का सड़क पर चलना दूभर हो गया था। इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम ने नागरिकों की शिकायत पर संबंधित सहायक अभियंता से जानकारी मांगी थी, जिसकी जांच उपरांत निर्धारित समय सीमा के भीतर सड़क पुनर्स्थापना न होने पर लापरवाही उजागर हुई थी। नगर निगम द्वारा पेय जलापूर्ति के कनेक्शन के बाद टूटी हुई सड़कों को ठीक किया जा रहा है, लेकिन मोहल्ला विशनपुरा में कुछ दिन पूर्व ही पाटी गई सड़क धंस जाने से गहरा गड्ढा हो गया है। जिसका मुख्य कारण टूटी सड़क में कंक्रीट के स्थान पर मिट्टी का भरा जाना है। रवि, विजेंद्र आदि ने बताया कि विशनपुरा का यह मार्ग अनेक मुख्य मार्गों को जोड़ता है, जहां से स्कूली बच्चों एवं यात्रियों का आवागमन रहता है। ठेकेदार की लापरवाही से नागरिकों में आक्रोश है। नगर में अनेक स्थानों पर अधिकारियों के निर्देश के बाद भी कई वार्डों में खोदे गए गड्ढों को पाटा नहीं गया है।


मरम्मत के बाद उखड़ी सड़क।

# बूथ अध्यक्षों को दिया जीत का मंत्र

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार:** ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत भाजपाइयों द्वारा बुधवार को ग्राम मोहनपुर में शक्ति केंद्र के ग्राम तखतपुर, कुतुबपुर अज्जू, सौदा, मोहनपुर के सभी बूथ अध्यक्षों तथा पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक की गई। जिसमें उनसे नरेंद्र मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया गया।

कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र प्रभारी महेंद्र कुमार प्रजापति ने बताया कि सभी पन्ना प्रमुख अपने-अपने पन्ने के वोटरों से सम्पर्क कर भाजपा के लिए वोट करने के लिए आग्रह करेंगे व उनके सुझावों को अंकित कर उनसे योजनाओं की चर्चा करें। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार में महिलाओं का सम्मान बढ़ा है तथा मुस्लिम समाज को सबसे ज्यादा भाजपा सरकार में लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने मुस्लिम समाज को छलने का काम किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को नमो ऐप डाउनलोड कराने तथा सभी से अपने-अपने बूथों पर नमो ऐप डाउनलोड कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनने के लिए बूथ पर प्रत्येक बूथ अध्यक्ष को घर-घर संपर्क कर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में अवगत कराना है। मंडल महामंत्री अरविंद कुमार पुंडीर ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार में गुंडागर्दी खत्म हुई है तथा गरीबों को सम्मान मिला है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रमन भूषण, ग्राम प्रधान मोहनपुर बृजपाल सिंह सैनी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि तखतपुर दिनेश कश्यप, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र चौधरी, शक्ति केंद्र संयोजक जयपाल चौधरी, प्रदीप कुमार, महावीर सिंह, दिलसुख पाल, अजयपाल चौधरी, रनवीर कुमार, शिवचरन, विरेन्द्र, देशराज, जीराज जाटव, सतीश सिंह, महीपाल, जगपाल सिंह, सुभाष सिंह, प्रीतम प्रजापति आदि मौजूद रहे।


बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

### भाजपा कार्यालय पर शोक सभा का आयोजन

**बिलारी, अमृत विचार :** भाजपा के कार्यालय पर नगर मंडल अध्यक्ष के पिता शिव अवतार गुप्ता एवं विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुरेश सैनी के छोटे भाई के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया।

बुधवार को भारतीय जनता पार्टी बिलारी के नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता के पिता के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया। जिसमें दिवंगत आत्मा की शांति के लिए मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान धर्मेंद्र गांधी, मनोज ठाकुर, डॉ. मदन बंसल, सुरेंद्र शर्मा, मुकुल पांडे, विश्वास यादव, रामनिवास शर्मा, पवन शर्मा, उज्जवल गोयल, रचित माथुर, अनुज उपाध्याय, निखिल पांडे, निहाल सिंह, विनीत शर्मा, सभासद सुमित गुप्ता आदि उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने भी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। रजनीश गर्ग, परमेश्वरी नाथ गोस्वामी, तिलक राज, अनिल प्रजापति, राजीव आदि उपस्थित रहे।

# उपभोक्ताओं को मिलेगा पूरा राशन विक्रेताओं को दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** पूर्ति विभाग द्वारा ई पाश मशीन व इलेक्ट्रॉनिक कांटे को ऑनलाइन पोर्टल पर जारी करने के लिए आए इंजीनियर ने ठाकुरद्वारा क्षेत्र के राशन विक्रेताओं को ई पाश मशीनों को चलाने का प्रशिक्षण दिया।

इंजीनियर दिनेश तिवारी ने राशन विक्रेताओं को मशीनों के संबंध में जानकारी देने व पोर्टल पर जारी करने के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी राशन वितरक ने हेराफेरी करने का प्रयास किया तो यह ऑटोमेटिक मशीन और कांटे बंद हो जाएंगे। साथ ही इसका पूरा बायोडाटा पोर्टल पर दर्ज हो जाएगा। अभियंता ने बताया कि पहले यह 3 जी की मशीनें थी ,लेकिन अब 4 जी मशीनें हैं। यह ई मशीन से कांटे एटेच होंगे। वहीं पूर्ति निरीक्षक नरेंद्र सिंह ने बताया कि काफी समय पूर्व क्षेत्र के राशन वितरण के लिए ई-पाश मशीन व इलेक्ट्रॉनिक कांटे आए हुए थे, लेकिन कंपनी द्वारा ट्रेनर के न आने की वजह से इनका प्रयोग नहीं किया जा सका। तहसील सभागार में 25 राशन वितरकों को ई पाश मशीन व कांटे वितरित किए गए। इस दौरान राणा प्रताप सिंह व कपिल कुमार व राशन डीलर रिजवान, अंकित साजिद, सरदार अली, इरफान आदि मौजूद रहे।


तहसील सभागार में राशन वितरकों को ई-पाश मशीनों का प्रशिक्षण देते इंजीनियर।

# सर, पिता की बीमारी के चलते पढ़ाई नहीं हो पाई, पास कर दो

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ **अब तक 98.65 प्रतिशत उत्तर पुस्तिकाओं का हुआ मूल्यांकन तीन केंद्रों पर कार्य समाप्त**

**अमृत विचार:** सर, पिता जी लंबे समय से बीमार है। इसलिए पढ़ाई नहीं हुई। कृपया पास कर दीजिए। कुछ इसी तरह का जवाब यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं में लिखा मिला। अब तक 98.65 प्रतिशत उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा हो गया है। अब सिर्फ तीन केंद्रों पर 8080 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शेष है।

महानगर में 6 केंद्रों पर यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य चल रहा है। बुधवार को चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में 2945, आरएन इंटर कॉलेज में 5662 और हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज में 4039 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ। इन तीनों ही केंद्रों पर मिली सभी उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा हो गया है। जबकि महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में बुधवार को 4737, जीजी हिंदू इंटर कॉलेज 396 और पारकर इंटर कॉलेज में 7598 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ। इन तीनों केंद्रों पर अब 8080 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शेष है। चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के दौरान हाईस्कूल की गणित की कॉपी में एक विद्यार्थी ने पास होने के लिए अनोखी कहानी लिख दी। कॉपी जांचने वाले शिक्षक ने बताया कि इसमें विद्यार्थी ने लिखा कि सर पिता जी लंबे समय से बीमार हैं। इसलिए पढ़ाई नहीं हुई। कृपया पास कर दीजिए।

### दुकान का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास, रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ब्लॉक सभागार के निकट स्थित खोखे में मंगलवार की देर रात्रि चोरों ने ताला तोड़ने का प्रयास किया। मगर चौकीदार की सजगता से चोर अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाया।

गांव रामनगर खागूवाला निवासी सतीश चौधरी ब्लॉक के निकट खोखा रख कर न्यूज पेपर का कार्य करते हैं। मंगलवार की रात 10 बजे वह दुकान बंद कर घर चले गए । देर रात्रि में ब्लॉक सभागार चौकीदार रिंकू को कुछ आहट हुई। उसने मौके पर जाकर देखा तो चोर दुकान का ताले तोड़ने का प्रयास कर रहा था। ललकारने पर चोर मौके से भाग गया। सूचना पाकर सतीश मौके पर पहुंचे तो देखा कि चोर ने ताले तोड़कर दुकान में घुसने का प्रयास किया। घटना की जानकारी कोतवाली प्रभारी शैलेन्द्र सिंह चौहान को दी गई। वही रामपाल द्वार पर चोर ने दुकान में लगे हैडपंप का लोहे का हत्था चुरा लिया।

# आज पूरी हो जाएगी ईपीसीएच चुनाव के मतदान की प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** हस्तशिल्प निर्यात संवर्द्धन परिषद की प्रशासनिक समिति (सीओए) के सदस्य पदों के लिए हो रहे चुनाव में ऑनलाइन मतदान की प्रक्रिया गुरुवार को पूरी कर ली जाएगी। सेंट्रल रीजन से सीओए सदस्य पद के दो पदों के लिए मुरादाबाद के चार निर्यातक चुनाव मैदान में हैं।

मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर एसोसिएशन से अवधेश अग्रवाल व डॉ. नीरज खन्ना, लघु उद्योग भारती से हेमंत जुनेजा व अब्दुल अजीम उम्मीदवार हैं। रीजन में ईपीसीएच के 2700 निर्यातक मतदाता के रूप में उनकी किस्मत तय कर रहे हैं। चुनाव का परिणाम गुरुवार शाम तक घोषित किया जाएगा।

### 1150 सफाई कर्मचारी करेंगे चुनाव ड्यूटी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पंचायत राज विभाग में तैनात सफाई कर्मचारियों को गुरुवार को विकास भवन में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। जहां उन्हें चुनाव से संबंधित कार्य की जानकारी जानकारी दी जाएगी। बुधवार को जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा ने बताया कि जिले के आठ ब्लाक में 1150 सफाईकर्मी कार्यरत हैं। लोकसभा चुनाव के लिए बूथ पर पोलिंग पार्टी के साथ लगाया जाना है। सभी को खंड विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारियों के माध्यम से सूचना देकर गुरुवार को विकास भवन सभागार में बुलाया गया है।

### डंपर ने मारी ट्रैक्टर-ट्राली में टक्कर, चालक घायल

**भगतपुर, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में अलीगंज ठाकुरद्वारा मार्ग पर एक तेज रफ्तार डंपर ने ट्रैक्टर-ट्राली में टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर के दो टुकड़े हो गए। घटना के बाद चालक डंपर लेकर फरार हो गया।

घटना बुधवार दोपहर 12 बजे हुई। जब जयवीर सिंह अपनी ट्रैक्टर-ट्राली में काशीपुर से चोकर भरकर ला रहा था। जैसे ही वह अलीगंज वाया ठाकुरद्वारा मार्ग पर ग्राम वथुआखेडा मोड़ पर पहुंचा, तभी ठाकुरद्वारा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने ट्रैक्टर-ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए। इस दौरान ट्रैक्टर के दो टुकड़े हो गए। वहीं ट्रैक्टर चालक जयवीर सिंह घायल हो गया। जिसे अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया। दूसरी ओर डंपर चालक मौके से डंपर लेकर फरार हो गया।


अगवानपुर में मजलिस को खिताब करते मौलाना। ● अमृत विचार

## हर मुसलमान पर अल्लाह ने रोजे फर्ज किए

**अगवानपुर, अमृत विचार:** नगर पंचायत के मोहल्ला सराय फारूख के इमामबारगाह पंजेतनी में मरहूम हसीना खातून के चेहल्लुम की मजलिस का आयोजन किया गया।

गाजियाबाद के मौलाना जाफर रिजवी ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि अल्लाह ने कुरान में कहा कि हमने हर मुसलमान पर रोजे फर्ज कर दिए। मौलाना ने फातिमा जेहरा की शहादत बयान करते हुए कहा की नाम के मुसलमानों ने रसूल अल्लाह की इकलौती बेटी के घर में आग लग दी। जिससे फातिमा जेहरा की पसलियां टूट गईं और हजरत अली के गले में रस्सी का फंदा डालकर दरबार ले जाया गया। ये सुनकर अजादारों की आंखों से आंसू निकल पड़े। मजलिस में मो.अब्बास, तकी अब्बास, दानिश रजा, नैय्यर अब्बास, मेराजुल हसन, शबी अब्बास, अली अब्बास, इरशाद हुसैन, राहिल नकवी आदि मौजूद रहे।

**परेशानी** — दवा व जांच के अभाव में देहात के मरीज परेशान, शुगर की भी नहीं हो रही जांच

# उप स्वास्थ्य केंद्रों पर नहीं मिल रहीं सुविधाएं

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीणों को घर बैठे स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्र में जगह-जगह उप स्वास्थ्य केंद्र खोले गए हैं। साथ ही इनमें स्टाफ नियुक्त किया गया है। गर्भवती महिलाएं हो, पुरुष हो या बच्चे, सभी का स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ निशुल्क दवा का वितरण किया जाता है। साथ ही स्वास्थ्य को सही रखने की भी जानकारी दी जाती है। मगर कई उप स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों को सुविधा नहीं मिल रहीं हैं। जिससे वे परेशान हैं।

भारतीय किसान यूनियन के तहसील प्रवक्ता हरकेश सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से शिकायत करते हुए कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में उप स्वास्थ्य केंद्र तो खुले हैं। लेकिन इन स्वास्थ्य केन्द्रों पर सुविधाएं कम है। नियमित तौर पर जांच नहीं की जा रही हैं। साथ ही शुगर की जांच भी नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि ठाकुरद्वारा के गांव राधुवाला में उप स्वास्थ्य केंद्र खुला है। वह बुधवार को अपनी पत्नी की शुगर की जांच कराने पहुंचे। वहां मौजूद सीएचओ ने शुगर की जांच यह कहकर करने से मना कर दिया कि शुगर जांच की किट समाप्त हो गई है। उपलब्ध होने पर ही जांच की जाएगी। उन्होंने मांग की है कि उप स्वास्थ्य केंद्रों पर सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

> उप स्वास्थ्य केंद्र में निर्धारित मानक के अनुसार शुगर की किट उपलब्ध कराई जाती हैं। शुगर के अधिक मरीज आने के कारण पर शुगर की किट समाप्त होने पर मुख्यालय को अवगत करा दिया गया। किट आते ही जांच शुरू कर दी जाएगी।
>
> **-मरियम**, सीएचओ, उप स्वास्थ्य केंद्र राघुवाला

> उप स्वास्थ्य केंद्रों पर मांग के अनुसार शुगर की किट उपलब्ध कराई जाती हैं। अधिक मरीज आने पर मांग के अनुसार विभाग से उपलब्ध होने पर उप स्वास्थ्य केंद्रों में दो-चार दिन में किट भेज दी जाती है। अगर कहीं ऐसी समस्या आई है तो उसे दूर कराया जाएगा।
>
> **-डॉ. राजपाल सिंह सैनी**, चिकित्साधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

### एक दिवसीय प्रशिक्षण में कर्मचारियों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश

**कुंदरकी, अमृत विचार :** ब्लॉक सभागार में बुधवार को संचारी रोग को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें यूनिसेफ टीम से कृष्ण गोपाल शर्मा द्वारा जानकारी दी गई। सफाई कर्मचारी एवं पंचायत सहायक को एक दिवसीय प्रशिक्षण में संचारी रोग के अंतर्गत ग्रामों में झाड़ी कटाई, जल भराई, फागिंग कार्य व पानी निकासी के संबंध में दिशा-निर्देशों के साथ साथ प्रशिक्षण भी दिया गया। जिसमें मुख्य रूप से खंड विकास अधिकारी चैतन्य कुमार पाठक, सहायक विकास अधिकारी पंचायत कुलदीप सिंह एवं यूनिसेफ टीम के अधिकारी कृष्ण गोपाल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### चैदरी अकबरपुर में चले लाठी-डंडे, तीन गंभीर

**कांठ, अमृत विचार:** मामूली बात को लेकर दो पक्षों में लाठी-डंडे चले जिसमें एक पक्ष के तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरे पक्ष को भी मामूली चोटें आई हैं। ग्राम चैदरी अकबरपुर निवासी गजेंद्र ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 26 मार्च शाम को वह घर के पास मंदिर पर बैठा हुआ था। तभी गांव के चार व्यक्ति आए और मामूली सी बात को लेकर मारना-पीटना शुरू कर दिया। उसे बचाने के लिए आई पत्नी पूनम व बहन राधिका को भी लाठी-डंडों से पीटा गया। गजेंद्र के सिर में गंभीर चोटें आई हैं व पत्नी और बहन को भी चोटें लगी हैं। दूसरे पक्ष के नूतन, रूबी, बृजेश कुमार मामूली घायल हुए हैं। दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज हुई है।




पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में उपस्थित स्वास्थ्यकर्मी व अन्य। ● अमृत विचार

# साफ-सफाई के प्रति किया जागरूक

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत ऊमरी कलां के सभागार में संवेदीकरण की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पंचायत के स्वच्छता कर्मियों को रोगों की रोकथाम के बारे जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।

बैठक में स्वच्छता कर्मियों को अपने संबंधित वार्ड / क्षेत्र को साफ रखने तथा वार्डों में साफ-सफाई से संबंधित जागरुकता फैलाने व बीमारी की रोकथाम हेतु प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए गए। इसके बाद समस्त सफाई नायक एवं सफाई कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी स्वेतांक सारस्वत, यूनिसेफ बीएमसी रेखा पटेल, डॉ उमेश कुमार एचईओ कांठ, रोहित कुमार डीएमसी, जयकुमार लिपिक, सुरेन्द्र सिंह लिपिक तथा स्वछता कर्मी उपस्थित रहे।

# लापरवाह अधिकारियों पर होगी कार्रवाई : डीएम

## समय से कर लें तैयारियां, पोलिंग पार्टियों की रवानगी को लेकर कोई दिक्कत न हो

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


बैठक करते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी व साथ में अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

- संवेदनशील बूथों का निरीक्षण करने के दिए निर्देश
- शिक्षण संस्थानों में जागरुकता के लिए कार्यक्रम कराने को कहा

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी कराने को लेकर सभी नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन को सभी अधिकारी गंभीरता से लें। लापरवाही करने वाले अधिकारी और कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

जिला संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि यातायात व्यवस्था सही होनी चाहिए। अधिक से अधिक वाहनों का अधिग्रहण कर लिया जाए। कहा कि पोलिंग पार्टी की रवानगी को लेकर किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इसके लिए रूट चार्ट भी बेहतर तरीके से बनाया जाए। आवश्यक जगहों पर फ्लैक्सी लगाई जाएं ताकि पोलिंग पार्टियों को भटकना न पड़े। बसों में पोलिंग पार्टियों को कोई दिक्कत न हो। निर्वाचन सामग्री मत पत्रों की छपाई के संबंध में समीक्षा करते हुए कहा कि लिफाफा मतदाता पर्ची प्रपत्र पहले से ही संपर्क कर प्रकाशित करा लिया जाए। डाक मतपत्र का प्रयोग केवल आवश्यक सेवा से जुड़े व्यक्ति ही करेंगे। इसके लिए सभी अधिकारी-कर्मचारी संबंधित प्रारूप पर सूचना भरकर जिला निर्वाचन कार्यालय को प्राप्त करा दें। दिव्यांग मतदाताओं के सम्बंध में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि दिव्यांग मतदाताओं को मतदान करने की बेहतर सुविधा दी जाए। इसके लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि अति संवेदनशील बूथों को एसडीएम और तहसीलदार पहले से तय कर लें। मतदान में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में मतदाता जागरुकता के प्रतिदिन कार्यक्रम होने चाहिए। अधिक से अधिक कार्यक्रम शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित हों ताकि जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ सके। बैठक में एडीएम सुरेंद्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, पीडी अमरेंद्र प्रताप, सभी एसडीएम व नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

# गेटमैन की मौत के मामले में पत्नी व साले पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** गेटमैन की संदिग्ध हालात में हुई मौत के मामले में पुलिस ने सात दिन बाद उसकी पत्नी और साले के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

ज्ञात हो कि 20 मार्च को रेलवे में गेटमैन के पद पर तैनात अरुण कुमार का शव उसकी कॉलोनी के पास ही एक गड्ढे में पड़ा मिला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। वहीं मृतक के भाई ने हत्या कर शव को वहां फेंकने की आशंका जताई थी। मूल रूप से डिडौली कोतवाल क्षेत्र के गांव मिठनपुर निवासी 35 वर्ष अरुण कुमार रेलवे में गेटमैन के पद पर तैनात था। फिलहाल वह परिवार के साथ रेलवे कॉलोनी में रहता थे। 20 मार्च को अरुण कुमार ड्यूटी पर था। वह रात आठ बजे घर आया था। इसके बाद देर रात उसका शव कॉलोनी के पास गड्ढे में पड़ा मिला था। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि मृतक के भाई संजीव कुमार के मुताबिक अरुण ने अमरोहा में एक प्लाट खरीदा था।

जिनकी रजिस्ट्री पत्नी रीना व साला रवि अपने नाम करना चाहते थे। जिसको लेकर उनमें मारपीट होती थी। मृतक के भाई ने उसकी पत्नी व साले पर हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मृतक की पत्नी रीना व साले रवि के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एक नजर


चौपला पर बस में चढ़ने के लिए लगी यात्रियों की भीड़। ● अमृत विचार

### होली के दो दिन बाद भी बसों का घंटों इंतजार

**गजरौला, अमृत विचार :** होली के दो दिन बाद भी लोगों को रोडवेज बसों में सीटों को लेकर मारामारी रही है। बुधवार को चौपला पर दिनभर यात्रियों की भीड़ लगी रही। घंटों इंतजार के बाद बस मिल सकी। होली के बाद नगर से वापस जाने वाले लोगों की भीड़ दिखाई दे रही है। वहीं दूर-दराज शहरों में रहने वाले नौकरीपेशा वर्ग ने भी त्योहार मनाने के के बाद घर से वापसी शुरू कर दी है। ऐसे में यातायात व्यवस्था भी चरमरा गई है। क्षेत्र में रोडवेज बसों को लेकर मारामारी के हालात बने हैं। बुधवार को शहर में चौपला पर यात्रियों की दिनभर भीड़ लगी रही। घंटों इंतजार के बाद बस मिल सकीं। बहुत से यात्रियों को डग्गामार वाहनों का सहारा भी लेना पड़ा।


छात्रा को पदक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करतीं प्रधानाचार्य।

### छात्रा को किया सम्मानित

**अमरोहा, अमृत विचार :** बुधवार को बचपन प्ले स्कूल आवास विकास कालोनी में परीक्षा परिणाम घोषित किया। परिणाम में नगर पालिका के डेवलपमेंट ऑफिसर नदीम अख्तर की पुत्री आयत नदीम ने यूकेजी में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छात्रों को इससे पहले माटी कला बोर्ड अध्यक्ष के अध्यक्ष द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। स्कूल में प्रथम स्थान पर आने पर बचपन प्ले स्कूल की प्रधानाचार्य इशिका त्यागी ने छात्रा आयत को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया।


मंडी धनौरा में यज्ञ करते बालाजी मंडल सोसायटी के सदस्य। ● अमृत विचार

# संकटमोचन यज्ञ में भक्तों ने दीं आहुतियां

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** कंचन बाजार स्थित बालाजी धाम में बालाजी भक्त मंडल सोसायटी के संयोजन में संकट निवारण के लिए होली पर संकटमोचन यज्ञ हुआ। यज्ञ में भक्तों ने संकट निवारण के लिए आहुतियां दीं।

बालाजी मंदिर के महंत दिनेश द्विवेदी ने बताया कि कलियुग में बालाजी महाराज संकटों का निवारण करते हैं। जो भक्त हनुमान चालीसा, हनुमान अष्टक, बजरंग बाण व सुंदरकांड का पाठ करते है। उनके जीवन में कभी परेशानी नहीं आती। यज्ञ में श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां दीं। यज्ञ के पश्चात आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संजीव अग्रवाल, विनोद अरोड़ा, शिवकुमार वर्मा, राकेश अग्रवाल, बालकिशन, वरुण अग्रवाल, सिम्मी अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, अनिता वर्मा, ललिता वर्मा, नीति अग्रवाल, पूनम रानी आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# प्रत्याशी की मौजूदगी में सपा कार्यालय में हंगामा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


हंगामा कर रहे कार्यकर्ताओं को समझाते सपा जिलाध्यक्ष मस्तराम यादव। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अमरोहा सीट से सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी दानिश अली की मौजूदगी में सपा व कांग्रेस की संयुक्त बैठक में हंगामा हुआ। बैठक में सपा कार्यकर्ताओं ने विरोध जताते हुए नारेबाजी की। इस दौरान कार्यकर्ताओं में खींचातानी हुई। बाद में नौबत मारपीट तक आ गई। जिसके बाद सपा जिलाध्यक्ष के समझाने पर कार्यकर्ता शांत हुए।

सपा-कांग्रेस गठबंधन से सांसद दानिश अली को प्रत्याशी घोषित किया गया है। जिसके बाद से लगातार विरोध सामने नजर आ रहा है। बुधवार को कई जगह दानिश अली के पुतले फूंके गए। इसके बाद दोपहर में सपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की बैठक थी। यहां पर पहले गठबंधन के प्रत्याशी दानिश अली का स्वागत किया गया। इसके बाद सपा कार्यकर्तओं ने दानिश अली पर सवाल उठाना शुरू कर दिया। देखते ही देखते कार्यकर्ताओं का गुस्सा भड़क गया। उन्होंने साफ तौर पर दानिश अली के खिलाफ आवाज उठानी शुरू कर दी, जमकर नारेबाजी भी की। दानिश के विरोध में नारेबाजी करने वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि मंच पर बैठे पूर्व एमएलसी परवेज अली, सपा जिलाध्यक्ष मस्तराम यादव कार्यकर्ताओं को समझाते रहे। बैठक में हुए इस तरह के हंगामे से लोगों में चर्चा का विषय बन गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया ने बताया कि सपा कार्यकर्ताओं ने गठबंधन प्रत्याशी के खिलाफ नाराजगी जाहिर की और नारेबाजी की। जिसके बाद उनको समझाया गया। मामला पूरी तरह शांत करा दिया गया था।


बैठक के दौरान हंगामा करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार


जोया में सुभासपा के राष्ट्रीय सचिव तेज सिंह का स्वागत करते कार्यकर्ता।

# सुभासपा के राष्ट्रीय सचिव का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय सचिव तेज सिंह बल्ली चौधरी का नगर पंचायत जोया में स्वागत किया।

राष्ट्रीय सचिव तेज सिंह बल्ली चौधरी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का गठबंधन भाजपा के साथ है। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर के लिए वोटों की अपील करें। केंद्र में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। एनडीए का नारा अबकी बार 400 पार को साकार बनाना है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सत्यपाल तोमर, आदेश अमरोही, मोहम्मद नाजिम, विधानसभा अध्यक्ष अमरोहा रामगोपाल जाटव, इस्लामुद्दीन, इदरीसी, असलम हुसैन आदि मौजूद रहे।

## व्यापारी के घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर से बैटरी चोरी

**चौधरपुर,अमृत विचार :** मंगलवार रात चोरों ने डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव चौधरपुर में मुसब्बीर अली के घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर की बैटरी चोरी कर ले गए। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

पीड़ित व्यापारी ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दे दी है। व्यापारी मुसब्बीर अली की ओवरब्रिज के पास सीमेंट, बजरी और सरिया की दुकान है। वह दुकानों के ऊपर बने कमरे में परिवार के साथ रहते हैं। उनके दो ट्रैक्टर घर के आगे खड़े रहते हैं। मंगलवार रात चोर उनके ट्रैक्टर से बैटरी चोरी कर ले गये। चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। लेकिन चोर की पहचान नहीं हो सकी। अज्ञात चोर के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी है। वहीं ओवरब्रिज की दूसरी तरफ राशिद अली की मुर्गा की दुकान है। रात में किसी समय दुकान के आगे रखे जाल को तोड़कर चोर उसमें से मुर्गी चोरी कर ले गए।


मुबारिजपुर में शोभायात्रा में नृत्य करते कलाकार। ● अमृत विचार

# मां काली की शोभायात्रा में झांकियों ने लोगों का मोहा मन

संवाददाता, मुबारिजपुर

**अमृत विचार :** ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव चकफेरी में मां काली की शोभायात्रा निकाली गई। मां काली की शोभायात्रा प्राथमिक विद्यालय से प्रारम्भ होकर गांव में होते हुए शिव मंदिर पर जाकर सम्पन्न हुई।

शोभायात्रा में सुंदर झांकियां बैंडबाजों के साथ निकाली गईं। स्थानीय समेत आसपास गांव के लोग यहां मेला देखने पहुंचे। यहां महिलाओं के साथ बच्चों ने भी मेले का आनंद लिया। इस दौरान आयोजक मंडल में पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामपाल खड़गवंशी, प्रधान पति हेमदत्त, मनोहर ठेकेदार, धीरज, शिवदत्त, मोहनलाल, राकेश आदि रहे।

## रात में काट दिए आम और जामुन के 18 पेड़

**नौगांवा सादात, अमृत विचार :** थाना नौगांवा सादात क्षेत्र में रात में 18 पेड़ों पर आरी चलाकर काट दिया। मामला थाना नौगांवा सादात क्षेत्र में कस्बा स्थित मोहल्ला अलीनगर का है। यहां मोहल्ले से सटे बाग में आम और जामुन के 18 हरे पेड़ों पर आरी चलाकर रातों-रात काट दिए गए तथा पेड़ों की लकड़ी को ठिकाने लगा दिया। सुबह होने पर मोहल्लेवासियों को भनक लगी तब उन्होंने आम व जामुन के पेड़ों की टहनियों को देखा। मामले की जानकारी वन विभाग की टीम को दी थी। जिसके बाद जांच की जा रही है।

## युवती को लेकर युवक फरार, तहरीर दी

**डिडौली, अमृत विचार :** युवती को फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। युवक के दूसरे सम्प्रदाय का होने से परिजनों में रोष है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र का है। यहां की निवासी युवती का प्रेम प्रसंग पड़ोस के गांव निवासी युवक से चल रहा था। आरोप है कि युवती के परिजनों की गैरमौजूदगी में युवक उनके घर आया और युवती को फुसलाकर अपने साथ ले गया। घर आने पर परिजनों को जानकारी मिलने पर उनके होश उड़ गए। परिजनों ने आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। डिडौली प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि युवती की मां की तहरीर पर आरोपी युवक मुज्जसिम पुत्र रियासत निवासी ग्राम जोई के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं0 9045372695 रिसेप्शन नं0 : 0581-2526012,11
कमरा नं. 1089A
ओ.पी.डी. समय : प्रातः 9.00 से 3.00 बजे तक
हृदय रोग विभाग की सुविधाएं
- अनुभवी चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग का सम्पूर्ण इलाज व सुविधाएं
- इंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
- टी.एम.टी.
- होल्टर टेस्ट (Holter Test)
- बैलून बाल्बोटामी
- इकोकार्डियोग्राफी
- कार्डिएक रीसिंक्रनाइज़ेशन थेरेपी (CRT)
- इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर-डीफिब्रिलेटर (ICD)



हृदय रोग के लक्षण
- क्या छाती में दर्द या भारीपन रहता है और चलने पर बढ़ जाता है?
- क्या आपके पैरों में सूजन आती हैं?
- क्या खाना खाने के बाद सीने या पेट में जलन या दर्द होता है?
- क्या चलने में साँस फूलती है, हाथों में दर्द होता है एवं अचानक बेहोशी आना।
- क्या चलने पर घबराहट होती है?
- क्या आपको डाइबिटिज (शुगर) या हाई कोलेस्ट्रोल, या हाई ब्लडप्रेशर की शिकायत है और साँस फूलती है?
इस प्रकार का कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त परामर्श करें
रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर इलाज मुफ्त
इमरजेंसी एवं आई.सी.यू. सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

## बैठक

### अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की बैठक में पर्यावरण के संरक्षण पर दिया जोर

# प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण आवश्यक

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की बैठक में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जनपद इकाई की बैठक प्रांतीय सहसचिव नरेंद्र त्यागी के निवास स्थान आवास विकास प्रथम निकट बचपन प्ले स्कूल पर सम्पन्न हुई।

बैठक में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह जिला कार्यवाह नरेंद्र सिंह ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर डालते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जहां अधिकार होते हैं, तो वहां कर्तव्य भी जुड़े होते है। यह सिद्धांत हमें प्रतिपल ध्यान रखना चाहिए। प्रकृति ने शुद्ध वायु के लिए वृक्ष दिए हैं, पानी के लिए पर्वत, झरने और नदियां दी हैं। इन संसाधनों का उपयोग हम सभी मनुष्य अपने जीवन में अनंत काल से करते चले आ रहे हैं। ऐसे में हम सभी मनुष्यों का दायित्व बन जाता है कि जब प्रकृति ने हमें यह संसाधन मानवता के विकास के लिए दिए हैं, तो ये संसाधन विलुप्त न हो पाएं। इसके लिए हम सभी मनुष्यों को इनके संरक्षण के लिए सामूहिक उपाय भी करते रहने चाहिए। वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण करके प्रकृति का संतुलन बनाए रखने में सभी को महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए। विशिष्ट अतिथि भूपेश प्रान्त संगठन मंत्री ने संगठन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए जनपद अमरोहा की प्रत्येक तहसील में सशक्त इकाईयों के गठन करने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि एनके गर्ग सेवानिवृत विकास अधिकारी भारतीय जीवन बीमा निगम ने बैठक में कहा कि ग्राहक शब्द का अर्थ उपभोक्ता शब्द से कहीं अधिक व्यापक है। हम सभी ग्राहक हैं, इसलिए हम सभी को इस ग्राहक पंचायत संगठन से जुड़ना चाहिए। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नवीन कुमार त्यागी ने की तथा संचालन नरेंद्र त्यागी ने किया। बैठक में चौधरी अमीपाल सिंह, राहुल कुमार, प्रभा शर्मा, संतोष चौधरी, मनोज शर्मा, अखिलेश कुमार, राजेंद्र सिंह सैनी, अमित शर्मा आदि कार्यकर्ता रहे।

## स्थानांतरित 30 सफाई कर्मियों ने संभाला कार्यभार

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिला पंचायत राज अधिकारी ने जिले के सभी ब्लॉकों में सफाई कर्मचारियों के स्थानांतरण आचार संहिता लगने से पहले ही कर दिए गए थे। सभी सफाई कर्मचारियों ने कार्यभार को संभाल लिया है।

बुधवार को जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसौदिया ने बताया कि लोकसभा चुनाव की तिथि घोषित होने से पहले जिले के सभी ब्लॉकों में सफाई कर्मचारियों के स्थानांतरण किए गए थे। उन्होंने बताया कि सभी ब्लॉकों से 30 सफाई कर्मचारियों को इधर से उधर किया था। स्थानांतरण के बाद सभी कर्मचारियों ने ब्लॉक के कार्यक्षेत्र में कार्यभार संभाल लिया है, जबकि कुछ बीमारी के कारण कार्यभार संभालने में असमर्थ हैं। बताया कि स्थानांतरण पर आगे की कार्रवाई आचार संहिता समाप्त होने के बाद की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### महिला से दुष्कर्म करने की कोशिश, तहरीर दी

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा क्षेत्र में चारा लेने खेत पर जा रही महिला को युवक ने गड्ढे में खींचकर दुष्कर्म करने की कोशिश की। महिला के शोर मचाने पर आरोपी भाग गया। पुलिस को मामले की तहरीर दी गई। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा कि सोमवार को वह खेत पर चारा लेने जा रही थी। गांव के बाहर जंगल में गांव के ही एक युवक ने महिला का हाथ पकड़ लिया और गड्ढे में खींचकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। शोर मचाने पर युवक जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। महिला ने घर पहुंचकर पति को घटना की जानकारी दी। महिला ने पुलिस से युवक के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### पिता-पुत्र को घायल करने के मामले में छह पर रिपोर्ट

**संभल/जुनावई अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र के गांव रामनगर टप्पा वैश्य में मंगलवार को रात आधा दर्जन लोगों ने रंजिश के चलते खेत पर जा रहे नेकराम के साथ लाठी डंडों से मारपीट की थी तो उसके बेटे शिवराज को गोली मारकर घायल कर दिया था। शिवराज के भाई जोगिंदर उर्फ कल्यान की तहरीर के आधार पर पुलिस ने गांव के बृजभूषण, अमित, रॉकी, दीनानाथ, भुवनेश, विवेक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### यज्ञ मानव जाति को सुखी बनाने का वैज्ञानिक तरीका

**संभल, अमृत विचार :** राष्ट्रीय आर्य वीर दल की ओर से घर घर यज्ञ हर घर यज्ञ के तहत 200 घरों में यज्ञ की मुहिम चलाई जा रही है। इसी के तहत बुधवार को संभल तहसील क्षेत्र के गांव यारपुर में देव यज्ञ का आयोजन किया गया। आचार्य धर्मवीर ने कहा कि यज्ञ हमारी प्राचीन पद्धति है। यज्ञ मानव जाति को सुखी बनाने का वैज्ञानिक तरीका है। जिसके द्वारा सारी प्रकृति स्वर्ग मय बन जाती है। शक्ति संचय विभाग के अध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक आर्य भोले सिंह त्यागी ने कहा कि जातिवाद समाज के लिए अभिशाप है। जिसके लिए आर्य वीर दल एक मुहिम चला रहा है। इस दौरान कुलदीप त्यागी, पवन त्यागी, अंकित त्यागी, मयंक त्यागी, सतपाल त्यागी, कपिल त्यागी, इंद्रेश शर्मा, पीतम सैनी, भूदेव, समीर त्यागी, तराना आर्या, रतनलाल, केशव, पनीत कश्यप, तराना आर्या आदि मौजूद रही।

# नेजा मेला के आयोजन को लेकर विवाद

## तिथि तय करने को लेकर आपत्ति, श्री रामलीला कमेटी ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** तय समय के बाद नेजा मेला आयोजन की तिथि तय करने को लेकर विवाद के हालात बन गये हैं। श्री रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने नेजा मेला आयोजन का दिन बदलने को नई परंपरा बताते हुए इसका विरोध किया है। एसडीएम को ज्ञापन देकर पिछले वर्षों की भांति परंपरा अनुसार मेला आयोजित कराने की मांग उठाई।

श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष संजय गुप्ता पोली और प्रबंधक अनुराग गुप्ता अन्नू आदि ने एसडीएम विनय कुमार मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। कहा कि परम्परा के अनुसार होली के बाद पहले मंगलवार को नेजा मेला की ढाल लगाई जानी थी लेकिन नहीं लगाई गई। उसके एक सप्ताह के बाद आने वाले मंगलवार यानी दो अप्रैल को चंदौसी मार्ग पर शहबाजपुर सूरा नगला में और अगले दिन बुधवार को संभल नगर पालिका प्रांगण में नेजा मेला लगता। इस वर्ष नेजा मेला कमेटी ने होली के बाद पहले मंगलवार को नेजा मेला की ढाल नहीं लगाई।

जिससे प्रतीत होता है कि कमेटी नई परंपरा डालकर नेजा मेला का आयोजन करना चाहती है। कहा कि नौ अप्रैल से चैत्र नवरात्र और हिंदू नववर्ष का प्रारंभ हो रहा है। 17 अप्रैल को श्रीराम नवमी महोत्सव पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। पदाधिकारियों ने मांग की कि पिछले वर्षों की भांति परंपरानुसार नेजा मेला का आयोजन कराया जाना चाहिए।

किसी भी तरह की कोई नई परंपरा कायम नहीं होनी चाहिए। इस दौरान अभिनंदन शर्मा, अभिषेक शर्मा, पूरन त्यागी, राहुल शर्मा, शोभित गुप्ता आदि रहे।



एसडीएम को ज्ञापन देते श्री रामलीला कमेटी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**विरोध**

- कहा निर्धारित समय पर ही हो नेजा मेला का आयोजन
- होली के बाद मेला की ढाल लगाई जानी थी, नहीं लगाई

### एसडीएम ने कहा निकालेंगे हल

**संभल।** एसडीएम विनय मिश्रा ने बताया कि श्रीराम लीला कमेटी से जुड़े लोगों ने अपनी मांग को लेकर ज्ञापन दिया था। इसके बाद मेला आयोजन से जुड़े लोगों को बुलाया गया था। उनका रवैया सहयोगात्मक रहा। एसडीएम ने कहा कि आज पुलिस कुछ कार्यों में व्यस्त थी इसलिए निर्णायक बात नहीं हो पाई। जल्द ही दोनों पक्षों को बैठाकर समस्या का हल निकाल लिया जायेगा।

### पति को छोड़ महिला दूसरे समुदाय के प्रेमी संग फरार

**संभल, अमृत विचार :** पति को ननद के घर छोड़कर महिला दूसरे समुदाय के प्रेमी के साथ फरार हो गई। तलाश करने के बाद भी महिला का पता नहीं चला तो ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

बहजोई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की शादी एक वर्ष पहले हयातनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के साथ हुई थी। युवक पत्नी सहित नखासा थाना क्षेत्र के गांव सलारपुर कलां के पास स्थित ईंट भट्ठे पर मजदूरी कर रहा था। सलारपुर कलां निवासी दूधिया ईंट भट्टे पर मजदूरों को दूध बेचने जाता था। इसी दौरान दूधिये ने मजदूर के साथ दोस्ती कर उसकी पत्नी को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। मंगलवार को कहने पर दूधिया मजदूर व उसकी पत्नी को उसकी बहन सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला किशनदास सराय निवासी के घर छोड़कर गया था। आरोप है कि रात को साढ़े नौ बजे दूधिया बाइक लेकर फिर से मंडी किशनदास सराय पहुंचा और महिला को बाइक पर बैठाकर ले गया। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि इस मामले की जानकारी नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप



बाल विद्या मंदिर में अभिभावकों को संबोधित करतीं काउंसलर। ● अमृत विचार

### छात्र-छात्राओं के समग्र विकास में सहभागी बनें अभिभावक

**संभल, अमृत विचार :** बाल विद्या मंदिर में फाउंडेशनल विंग के अभिभावकों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम में बच्चों के समग्र विकास के लिए अभिभावकों से सहभागी बनने का आह्वान किया गया। अभिभावकों को नए शैक्षणिक सत्र में की जाने वाली विभिन्न पहलों से अवगत कराने के लिए आयोजित कार्यक्रम में हेड मिस्ट्रेस पल्लवी रस्तोगी ने अभिभावकों को स्कूल में आयोजित की जा रही विभिन्न शैक्षणिक व सह-शैक्षिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। काउंसलर अंकिता गर्ग ने छात्र के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए माता-पिता से स्कूल प्रबंधन को समर्थन देने का आग्रह किया। मनीष पंवार ने अभिभावकों को शिक्षा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी की भूमिका से अवगत कराया। उन्होंने अभिभावकों को अपने बच्चों को विभिन्न सह-पाठयक्रम गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रबंधक हरीश गर्ग ने स्टाफ सदस्यों के प्रयासों की सराहना की।



ट्रक की टक्कर से टूटी इंदिरा गांधी की प्रतिमा की रेलिंग। ● अमृत विचार

### ट्रक की टक्कर से टूटी इंदिरा गांधी प्रतिमा की रेलिंग

**बबराला, अमृत विचार :** तेज रफ्तार ट्रक ने मुख्य चौराहे के बीच स्थित इंदिरा प्रतिमा के चारों तरफ लगी रेलिंग को टक्कर मार कर उखाड़ दिया। गनीमत रही कि उस वक्त चौराहे पर भीड़भाड़ नहीं थी। जिससे बड़ा हादसा बच गया। मंगलवार रात करीब 11 बजे तेज रफ्तार ट्रक ने इंदिरा चौक पर स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा को टक्कर मार दी। इससे इंदिरा गांधी की प्रतिमा को तो नुकसान नहीं हुआ लेकिन चारों तरफ लगी स्टील की रेलिंग उखड़ गई। बताते चलें कि आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर अति व्यस्त इंदिरा चौक पर सड़क का चौड़ीकरण कर दिया गया। इससे वाहनों के आवागमन में सुविधा हुई है। वहीं पैदल चलने वालों और आसपास रहने वालों के लिए मुसीबत भी बन गई है। चौड़ी सड़क तो बना दी गई है मगर चौराहे पर स्पीड ब्रेकर नहीं बनाए और न ही फुटपाथ बना। पैदल निकलने वाले लोग इस आशंका में पीछे मुड़कर देखते हैं कोई तेज रफ्तार वाहन टक्कर न मार दे। यहां तेज रफ्तार वाहनों से कई बार हादसे हो चुके हैं।

### बार एसोसिएशन के गयूर अहमद निर्विरोध अध्यक्ष

**संभल, अमृत विचार :** डिस्ट्रिक्ट सीनियर बार एसोसिएशन एवं लाइब्रेरी जिला संभल की एल्डर्स कमेटी की बैठक बार कक्ष में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से वर्ष 2024 की कार्यकारिणी गठन हेतु चल रही प्रक्रिया में सभी पदों पर एक-एक ही नामांकन पत्र प्राप्त होने की जानकारी दी गई। जांच के बाद सभी नामांकन पत्र सही पाए गए। जिसके आधार पर पदाधिकारियों को निर्विरोध घोषित किया गया। कार्यकारिणी में गयूर अहमद अध्यक्ष, सय्यद समीर अहमद सीनियर उपाध्यक्ष, सुहेल रजा जैदी उपाध्यक्ष प्रथम, नईम खां उपाध्यक्ष द्वितीय, धर्मपाल सिंह सचिव, सदाकत अली संयुक्त सचिव, जावेद सलमानी संयुक्त सचिव, सत्य प्रकाश यादव कोषाध्यक्ष, आसिम अख्तर आडीटर, जाकिर हुसैन लाइब्रेरियन निर्विरोध घोषित हुए। बैठक में सुधीर कुमार शर्मा, शाहबुद्दीन खां, सऊदुल हसन रहे। अध्यक्षता रामपाल सिंह ने तथा संचालन मुस्तहसन रजा जैदी ने किया।



गयूर अहमद।

# अतिक्रमण के कारण बाजार में जाम की स्थिति से जूझते हैं लोग

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** नगर में मुख्य बाजार रेलवे रोड पर अतिक्रमण के कारण दिनभर जाम के हालात बने रहते हैं। दुकानों के आगे रखे सामान और वाहनों के खड़े होने से अतिक्रमण की समस्या का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। अतिक्रमण हटवाने को लेकर नगर पंचायत के जिम्मेदार गंभीर नहीं दिख रहे हैं।

मेन मार्केट का जाम नगर की मुख्य समस्या बन चुका है। इंदिरा चौराहा और अनूपशहर रोड क्रासिंग पर भी दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है। कभी-कभी तो लोगों का पैदल निकलना तक दूभर हो जाता है। मुख्य बाजार से अनूपशहर होते हुए दिल्ली, मेरठ, बुलंदशहर गाजियाबाद को जाने वाले भारी वाहन लगातार गुजरते हैं। ट्रेनों के आने पर दिन में कई बार नियमित रूप से रेलवे क्रासिंग बंद होने से बाजार में काफी देर तक जाम लग जाता है। इसकी वजह यह है कि दुकानदारों ने दुकानों पर तीन से चार फीट आगे सड़क पर सामान रखा हुआ है। इसके बाद ग्राहकों के वाहन भी दुकानों के सामने ही खड़े होते हैं। वहीं ई-रिक्शा भी खड़े हो जाते हैं। जब जाम लगता है तो नागरिकों को परेशानी होती है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा।

**समस्या**

- मुख्य बाजार मार्ग और अन्य क्षेत्रों में अतिक्रमण से दिक्कत
- नगर पंचायत के जिम्मेदार गंभीर नहीं दिख रहे



जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

# राशन डीलर के खिलाफ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** राशन न दिए जाने तथा मारपीट करने के विरोध में ग्रामीणों ने जिला पूर्ति अधिकारी के कार्यालय पर प्रदर्शन किया। राशन डीलर के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।

गुन्नौर तहसील के अहरौला नवाजी गांव के ग्रामीण जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन के बाद जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग को पत्र देकर कहा कि गांव का राशन डीलर पात्र राशन कार्ड धारकों को राशन नहीं देता है। अगर राशन देता है तो 1 किलो कम देता है। राशन कार्ड धारक जब इसका विरोध करते हैं तो राशन डीलर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने पर उतारू हो जाता है। उन्होंने कहा कि उन्हें गलत साबित करने के लिए राशन डीलर ई पास मशीन तोड़कर उन्हें फसाने का भी धमकी देता है। इस दौरान वीर सिंह, कमल सिंह, नानक सिंह, तेज सिंह, सत्येंद्र सिंह, भूरे सिंह, राजेश, विनोद, प्रमोद कुमार, हरकेश आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

**आक्रोश**

- राशन कम देने व विरोध पर मारपीट करने की शिकायत

### दहेज के लिए गर्भवती को मारपीट कर घर से निकाला

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालियों ने तीन महीने की गर्भवती को मारपीट कर घर से निकाल लिया।

थाना क्षेत्र के गांव मोलनपुर डांडा निवासी अतर सिंह ने बेटी रजनेश की शादी एक वर्ष पहले गांव हैमदपुर निवासी योगेश पुत्र पौशाकी के साथ की थी। शादी में हैसियत से बढ़कर दान दहेज दिया था। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले रजनेश को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। मांग पूरी न होने पर तीन महीने की गर्भवती रजनेश को मारपीट कर घर से निकाल दिया। रजनेश का आरोप है कि उसे कई-कई दिनों तक भूखा और कमरे बंद रखा जाता था। अतर सिंह की सूचना पर पुलिस ने रजनेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रजनेश के पति योगेश, सास देवकी, ससुर पौशाकी और ननद बबीता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# मुरादाबाद जिला अस्पताल से फरार बंदी टेलीफोन एक्सचेंज में चोरी करते पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, संभल/बबराला

**अमृत विचार :** मुरादाबाद जिला अस्पताल के शौचालय का शीशा तोड़ फरार हुए बंदी सातवें दिन बबराला में बीएसएनएल टेलीफोन एक्सचेंज में चोरी करते पकड़ लिया गया। इसके पास से चोरी किया सामान बरामद हुआ। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी का चालान कर दिया।

जुनावई थाना क्षेत्र के गांव रिबाड़ा निवासी अजीत पुत्र राजेंद्र को गुन्नौर कोतवाली पुलिस ने 5 मार्च को चाकू के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था। न्यायालय ने उसे न्यायिक हिरासत में जिला कारागार मुरादाबाद में निरूद्ध किया। तबीयत खराब होने पर अजीत को जेल से लाकर मुरादाबाद के जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां से 21 मार्च की सुबह करीब नौ बजे शौचालय के रोशनदान का शीशा तोड़कर अजीत फरार हो गया था। इस मामले में जेल के एक वार्डन और पीएसी के सिपाही को निलंबित किया गया था। अजीत के खिलाफ मुरादाबाद के थाना सिविल लाइन में रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

कोतवाल संजीव बालियान ने बताया कि पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल से फरार अजीत बुधवार को सुबह नगर में चंदौसी रोड पर बाघऊ पुलिया पर स्थित बीएसएनएल एक्सचेंज में घुसकर डीसी केबल, एल्युमिनियम बीटीएस सिस्टम की आरआरयू आदि चोरी कर रहा था। तभी मौके पर पहुंचे एक्सचेंज कर्मी नीरज कुमार और पृथ्वी सिंह ने उसे दबोच लिया। चोरी के माल के साथ अजीत को पुलिस को सौंप दिया।



गुन्नौर पुलिस की गिरफ्त में मुरादाबाद से फरार आरोपी। ● अमृत विचार

### हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल में कराया था भर्ती

**बबराला, अमृत विचार :** बताया गया कि अजीत नशे का आदी है। जेल में नशा न मिलने के कारण उसकी तबीयत खराब होने पर 16 मार्च को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। अगले दिन डॉक्टर ने उसकी छुट्टी कर दी लेकिन 19 मार्च को जेल में अजीत की हालत फिर बिगड़ गई तो जिला कारागार के डॉक्टर की सलाह पर उसको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। 21 मार्च को मौका देख अजीत टॉयलेट की खिड़की के शीशे को तोड़कर भाग निकला था।

### जंगली जानवर ने बछड़े पर किया हमला

**संभल, अमृत विचार :** विकास खंड पंवासा क्षेत्र के गांव रुदायन में जंगली जानवर ने बछड़े पर हमला कर घायल कर दिया। जिससे ग्रामीणों में खौफ का माहौल बन गया। ग्रामीणों में चर्चा है कि कहीं तेंदुए ने तो नहीं बछड़े पर हमला किया। बताते चलें कि पिछले दिनों गांव रसूलपुर धतरा में तेंदुआ पकड़ा गया था।

**आचार संहिता** एक फोटो व 2 मिनट का वीडियो अपलोड कर आम आदमी कर सकेगा शिकायत

# सी विजिल एप पर 100 मिनट में कार्रवाई

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** सी विजिल एप आचार संहिता उल्लंघन को रोकने का आम आदमी का हथियार होगा। इस एप पर शिकायत करने पर 100 मिनट में आचार संहिता उल्लंघन पर कार्रवाई होगी। चुनाव आयोग ने इस एप से आम आदमी को जोड़ा है। आम आदमी अपने फोन से वीडियो व फोटो अपलोड कर शिकायत कर सकता है। एडीएम ने आमजन से इस ऐप के इस्तेमाल का आह्वान किया है।

आचार संहिता उल्लंघन को लेकर जहां जिला प्रशासन द्वारा बनाई गई टीमों को वहां पहुंचने पर देरी हो जाती थी। इतनी देरी में लोग बचकर निकल भी जाते थे। अब निर्वाचन आयोग ने आचार संहिता उल्लंघन को रोकने के लिए और ज्यादा प्रभावी बनाए जाने को लेकर सी विजिल एप बनाकर आम आदमी को इससे जोड़ा है।

नागरिक इस एप पर कहीं भी आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा हो तो वह वीडियो अथवा फोटो अपलोड कर आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत कर सकता है। आम आदमी की शिकायत पर 100 मिनट में उड़नदस्ता कार्रवाई करेगा। लोकेशन खुद ही इस एप के जरिए ट्रैक हो जाएगी। टीम को फोटो अपलोड कर कार्रवाई दर्शनी होगी।

### ऐसे होगा सी विजिल एप का उपयोग

**बहजोई।** आम नागरिक अपने एंड्रॉयड फोन में सी विजिल एप प्ले स्टोर से डाउनलोड करेंगे। इसके बाद शिकायत करते समय नागरिक एक फोटो खींचना है या 2 मिनट का वीडियो रिकॉर्ड करना है। भौगोलिक सूचना प्रणाली द्वारा ऑटोमेटिक लोकेशन मैपिंग के साथ ऐप पर फोटो वीडियो अपलोड की जाती है। इसको सफलतापूर्वक प्रस्तुत करने के बाद नागरिक को उसके मोबाइल पर अपडेट प्राप्त और ट्रैक करने के लिए विशेष आईडी प्राप्त होती है।

> चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर शिकायत किए जाने के लिए सी विजिल एप संचालित किया जा रहा है। मतदाताओं को लुभाने के लिए धनराशि, कोई सामग्री व शराब इत्यादि का वितरण अथवा इस प्रकार की कोई अन्य शिकायत होने पर एप के माध्यम से उसका फोटो वीडियो रियल टाइम रिकॉर्ड करके अपनी शिकायत दर्ज कर सकता है। इसका निस्तारण 100 मिनट में किया जाएगा।
>
> – प्रदीप वर्मा, एडीएम, संभल।



बनियाठेर के गांव आटा में कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु।

### बनियाठेर में भागवत कथा से पूर्व निकाली कलश यात्रा

**बनियाठेर/चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर के गांव आटा में नौ दिवसीय श्री मद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। भागवत कथा के आरंभ से पूर्व बुधवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में 11 महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश उठा कर चल रही थीं। कीर्तन मंडली भजन प्रस्तुत कर रही थी। वहीं डीजे पर भजनों की धुनों पर युवा नृत्य करते हुए चल रहे थे। कलश यात्रा गांव के शिव मंदिर, बाबा जाहरवीर मंदिर, चामुंडा देवी मंदिर आदि प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल पहुंच कर संपन्न हुई। कलश यात्रा में अनिल कुमार, महीलाल, तिलक सिंह, संजीव कुमार, लाला, कमल सिंह, अमोल, विकल समेत भारी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालुओं की भागीदारी रही।



## एक नजर

### होली के त्योहार के बाद काम पर लौटने लगे लोग

**चन्दौसी, अमृत विचार :** होली का त्योहार मनाने के बाद लोग अब अपने परिवार के साथ काम पर लौटने लगे हैं। जिससे ट्रेनों व बसों में सीट मिलना मुश्किल हो रही है। वहीं लंबी दूरी की ट्रेनों में आरक्षित सीट भी नहीं मिल पा रहा है। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे स्टेशन व रोडवेज बस स्टैंड पर यात्रा करने वाले लोगों की भीड़ होना शुरू हो गई है। मगर ट्रेनों व बसों में स्थान कम पड़ रहा है। ट्रेन में सवार होने के लिए प्लेटफार्म पर यात्रियों की संख्या अधिक होती है, जिससे लोगों को ट्रेन में चढ़ने के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। लंबी दूरी की ट्रेनों में आरक्षण नहीं मिल रहा है। जो लोग अब आरक्षण कराने पहुंच रहे हैं, जिन्हें कंफर्म सीट नहीं मिल पा रही है। दिल्ली व लखनऊ जाने वाली ट्रेनों में 125 से 150 वेटिंग चल रही है।

### कोतवाली में पुलिस कर्मियों ने खेली होली

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली में पुलिस कर्मियों ने जमकर होली खेली। एक-दूसरे को रंग लगाया और डीजे पर बज रहे गीतों पर जमकर नृत्य किया। सुबह से शुरू हुआ यह सिलसिला दोपहर एक बजे तक जारी बना रहा। प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह ने सभी पुलिस कर्मियों से गले मिलकर होली मिली।

### दियोरा खास में लगा होली ध्वजा मेला

**कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार :** कुढ़फतेहगढ़ के गांव दियोरा खास में बुधवार को दो दिवसीय होली ध्वजा मेला का आयोजन किया गया। मेले में आसपास के गांव जहांगीरपुर, रीठ, मिलक, मैनपुरी, पैगारफातपुर, बिचैटा, बेरनी, कुढ़फतेहगढ़, धूमनगर, गंदूपुरा, फैजुल्लापुर, छाबड़ा आदि गावों से ग्रामीण मेला में पहुंचे और मेले का लुफ्त उठाया।

### सरकार के कार्यों को घर-घर जाकर बताएं

**कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार :** बुधवार को विधानसभा चन्दौसी क्षेत्र के गांव रतनपुर में भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्षों की एक बैठक हुई। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर संभल लोकसभा प्रभारी राकेश चौहान ने छावड़ा मंडल के बूथ अध्यक्ष को दिशा निर्देश दिए। कहा कि आप लोग अपने बूथ पर पन्ना प्रमुखों के साथ घर-घर जाकर सरकार द्वारा कराए गए कार्यों के बारे में बताएं और मतदान के दिन सभी मतदाताओं को घरों से निकालकर मतदान कराने का काम करें।

## लूटपाट और मारपीट में चार के खिलाफ रिपोर्ट

**चन्दौसी, अमृत विचार :** दुकान पर बैठे युवक के साथ मारपीट व लूटपाट के मामले में न्यायालय के आदेश पर दो महिला सहित चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

गुंजित एडवोकेट पुत्र धनवीर निवासी प्रगति विहार ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि 17 फरवरी की शाम 5.20 बजे वह बनियाठेर थाना क्षेत्र के पुराने बाईपास रोड स्थित अशोक नगर में अपनी दुकान पर बैठा था। तभी ब्रजपाल सिंह उर्फ मनु चौहान, उसकी पत्नी मोनिका, राजीव कुमार व उसकी पत्नी वेदवती चार लोग उसकी दुकान पर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। जब उसने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि युवक को जान से मारने की नीयत से उसका गला दबा दिया गया। जिससे युवक बेहोश हो गया। जाते समय चार लोग दुकान के गल्ले में रखी पांच हजार रुपये की नकदी लूट ले गए।

### दे दिये घटिया डिनर सेट, जिला स्तरीय प्रशिक्षण समिति की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

# बेटियों के विवाह दान में कर दिया घोटाला

**सुनील कुमार, बहजोई/संभल**

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत संभल जनपद में बेटियों को दिए जाने वाले दान में घोटाला सामने आया है। बेटियों को दान में दिए गए डिनर सेट बेहद घटिया क्वालिटी के थे। जिला स्तरीय परीक्षण समिति की रिपोर्ट के बाद सीडीओ ने आपूर्तिकर्ता को नोटिस जारी किया है। वहीं इस मामले में जिम्मेदार अधिकारी को बचाने का काम किया गया है।

संभल जिले में समाज कल्याण विभाग द्वारा अलग-अलग स्थान पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत समारोह आयोजित किए गए थे। संभल, गुन्नौर, चंदौसी के अलावा बहजोई में भी आयोजन किया गया था। जिसके तहत लाभार्थियों को 35हजार रुपए का चेक जबकि 10 हजार रुपये की दान सामग्री में डिनर सेट व अन्य घरेलू सामान दिया गया था। जबकि 6 हजार रुपये की धनराशि विवाह कार्यक्रम में खर्च दिखाई गई थी। सीडीओ भरत कुमार मिश्रा ने जांच जिला स्तरीय परीक्षण समिति से कराई तो घटिया क्वालिटी वाले कम वजन के डिनर सेट बेटियों को दान में देने का खुलासा हुआ। सीडीओ ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को आपूर्तिकर्ता को नोटिस जारी कर कटौती के हिसाब से भुगतान के निर्देश दिए हैं।

### 8 के बजाय दे दिया 4 किलोग्राम वजन का डिनर सेट

**बहजोई।** जिला परीक्षण समिति ने जांच की तो पता चला कि लाभार्थियों दिए गए डिनर सेट का वजन 4 किलोग्राम था। जबकि शासन से निर्देश थे कि 8 किलोग्राम का डिनर सेट दिया जाए। जिला परीक्षण समिति की रिपोर्ट सीडीओ भरत कुमार मिश्रा ने देखी तो इस पर उन्होंने समाज कल्याण विभाग को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। संबंधित फार्म से कटौती करते हुए भुगतान करने को कहा गया।

> मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 400 बेटियों को सरकार की ओर से दान में डिनर सेट दिए गए थे। उसका वजन मानक के अनुरूप नहीं पाया गया। इसकी परीक्षण समिति की ओर से रिपोर्ट प्राप्त हुई है। समाज कल्याण अधिकारी को कटौती करते हुए आपूर्तिकर्ता को भुगतान किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।
> **- भरत कुमार मिश्रा,** सीडीओ, संभल।

- **आपूर्तिकर्ता को नोटिस जारी कर घोटाले में की जा रही थी इतिश्री**
- **जिम्मेदार जिला प्रोबेशन अधिकारी को बचाने का किया जा रहा काम**

### जिला प्रोबेशन अधिकारी को बचाने का चल रहा खेल

**बहजोई।** जब यह सभी सामूहिक विवाह के कार्यक्रम जनपद में आयोजित किए गए तब जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण पर जिला समाज कल्याण अधिकारी का चार्ज था। इन्हीं की देखरेख में सभी सामूहिक विवाह आयोजित किए गए थे। जब बेटियों को विवाह के दिन यह डिनर सेट दिए गए थे तब भी चंद्रभूषण पर ही चार्ज था। अब पूरे मामले में जहां प्रोबेशन अधिकारी पल्ला झाड़ रहे हैं। तो वहीं केवल आपूर्ति करता को नोटिस जारी कर इस घोटाले की इति श्री करने का काम किया जा रहा है।

# फंदे पर लटका मिला ग्रामीण का शव

### परिजनों ने लगाया रिश्तेदार की मारपीट से आहत होकर आत्महत्या करने का आरोप

**कार्यालय संवाददाता, संभल/धनारी**

**अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र में ग्रामीण का शव खेत में बने मचान पर फंदे से लटका मिला। ग्रामीण की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने रिश्तेदार द्वारा की गई मारपीट से आहत होकर आत्महत्या करने का आरोप लगाया। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। सीओ ने भी घटनास्थल का जायजा लिया।



थाना क्षेत्र के गांव सिकरौरा भूड़ निवासी बन्ने उर्फ एवरन (42 वर्ष) पुत्र साहब सिंह का शव बुधवार को सुबह करीब छह बजे ग्रामीणों ने गांव के ही सतेंद्र के खेत मे बने मचान पर फंदे से लटका देखा। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों में बन्ने को लटका देखा तो बिलख पड़े। परिजन शव को उतारकर घर ले आए और पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी निरीक्षक नरेश सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की तो परिजनों ने थाना क्षेत्र के गांव सिरोलिया निवासी रिश्तेदार द्वारा मारपीट करने और बेइज्जती को बर्दाश्त न कर पाने के कारण बन्ने द्वारा आत्महत्या करने का आरोप लगाया।

पुलिस क्षेत्राधिकारी दीपक कुमार, फोरेंसिंक टीम और डॉग स्कवायड दल भी मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने बन्ने का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बन्ने की मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



धनारी में ग्रामीण की मौत के बाद बिलखती परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

**दुखद**

- **फोरेंसिक टीम ने मौके पर जुटाए साक्ष्य, सीओ ने लिया घटनास्थल का जायजा**
- **ग्रामीणों ने गांव के ही सतेंद्र के खेत मे बने मचान पर फंदे से लटका देखा शव**

### पत्नी के प्रेम संबंध का राज खुलने पर पति फंदे पर झूला, हालत गंभीर

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र में पड़ोसी से प्रेम संबंधों की जानकारी होने पर पत्नी के साथ कहासुनी होने के बाद ग्रामीण कमरे में रस्सी के फंदे पर झूल गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने फंदा खोलकर ग्रामीण को उतारकर उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने ग्रामीण को हायर सेंटर रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण की पत्नी का अपने ही पड़ोसी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बुधवार की सुबह नौ बजे प्रेम संबंधों की जानकारी होने पर ग्रामीण की अपनी पत्नी के साथ कहासुनी हो गई। जिसके बाद महिला घर के काम में व्यस्त हो गई और ग्रामीण कमरे के अंदर चला गया। थोड़ी देर में महिला कमरे के अंदर पहुंची तो ग्रामीण छत में लगे हुक पर रस्सी के फंदे पर लटका हुआ था। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और फंदा खोलकर ग्रामीण को नीचे उतारा।

## घरेलू कलह में महिला ने फंदे से लटक कर दी जान

**संभल/जुनावई अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में घरेलू कलह के चलते महिला ने फंदे से लटक कर जान दे दी। जिससे परिवार में कोहराम मच गया।

थाना क्षेत्र के गांव दबथरा हिमंचल निवासी आसिफ की पत्नी जरीना (28 वर्ष) बुधवार को घर पर थी। आसिफ किसी काम से जुनावई चला गया। जरीना ने पति को फोन कर पूछा कि कहां हो तो जुनावई में होने की बात कही। कुछ ही देर बाद आसिफ घर पहुंचा तो दरवाजा बंद मिला।

आवाज लगाने पर अंदर से कोई जवाब नहीं मिला तो वह आगे बढ़ा। घर में जरीना फंदे से लटकी हुई दिखी तो आसिफ के होश उड़ गए। आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। जरीना को फंदे से उतारकर निजी वाहन से जुनावई में निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने जरीना को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर जरीना के मायके से लोग भी पहुंच गए। मामले में दोनों पक्षों के बीच समझौते के प्रयास शुरू हो गए। बताया गया कि जरीना ने घरेलू कलह के चलते जान दी

## सार-संक्षेप



अक्रूरजी कन्या इंटर कॉलेज में पोस्टर दिखातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### स्लोगन के माध्यम से मतदान के प्रति किया जागरुक

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बुधवार को कैथल गेट स्थित श्रीअक्रूरजी कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में मतदाता जागरूकता (स्वीप) योजना के अन्तर्गत स्लोगन प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक की छात्राओं ने प्रतिभाग किया और पोस्टर बना कर अपनी प्रतिभा को उजागर किया। साथ ही पोस्टर के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरुक किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निशा यादव ने किया। इस अवसर पर नीरू देवी, डॉ. ममता चौधरी, ऋचा वर्मा, शिवानी का सहयोग रहा।



कार्यक्रम में शामिल भारत विकास परिषद महिला शक्ति से जुड़ी महिलाएं।

### फूलों की होली खेल महिलाओं ने मचाया धमाल

**बहजोई, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद महिला शक्ति के तत्वावधान में होली उत्सव कार्यक्रम में महिलाओं ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। वहीं होली के गीतों पर फूलों की होली खेल नृत्य कर धमाल मचाया। सिल्वरस्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित होली उत्सव का शुभारंभ दिव्या गोयल, नीलम शंकर, डॉ रश्मि वार्ष्णेय, शीतल, वंदना वार्ष्णेय ने राधा कृष्ण की मूर्ति के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। महिलाओं ने फूलों से होली खेल कर होली के गीतों पर नृत्य कर धमाल मचाया। फूलों की होली खेली। विभिन्न प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भागीदारी की। अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन दिखाते हुए महिलाएं विजेता बनीं। विजेता महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान रीना त्रिपाठी, रजनी शर्मा, रंगोली वार्ष्णेय, श्वेता वार्ष्णेय, कमलेश, निशा वार्ष्णेय, पूनम गोयल, वर्तिका श्रोत्रिय, बबीता गोयल, शालिनी गोयल, सारिका आदि महिलाएं मौजूद रहीं।



समारोह में कृष्ण स्वरुप के साथ नृत्य करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति ने मनाया होली समारोह

**चन्दौसी, अमृत विचार :** वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति द्वारा बुधवार को बारहसैनी धर्मशाला कैथल गेट पर होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में समिति की सभी महिलाओं ने नृत्य प्रस्तुत कर धमाल मचा दिया। राधाकृष्ण स्वरुप में सजे बच्चों ने नृत्य कर मनमोह लिया। एक दूसरे को होली की बधाई दी। इस दौरान हाऊजी समेत कई प्रकार के गेम्स भी खेले गए। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष वीनेश वार्ष्णेय होली उत्सव के बारे में जानकारी दी। प्रदेश महासचिव प्रतिभा चौधरी ने आगामी कार्यक्रम सामूहिक विवाह सम्मेलन के विषय में सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सोनल वार्ष्णेय, उषा वार्ष्णेय, सुधा वार्ष्णेय, मधुपमा वार्ष्णेय, रीना वार्ष्णेय, पूजा वार्ष्णेय, अर्पिता वार्ष्णेय, अनुराधा वार्ष्णेय, बीना वार्ष्णेय, मोनिका वार्ष्णेय, रितु चौधरी, प्रियांशी, दीपमाला, रागिनी, गीता, चांदनी, सीमा, महिमा, खुशी, प्रिया, मोनिका, सविता, श्रुति, वंदना, वर्षा आदि महिला सदस्य उपस्थित रहीं।

# छात्र की बीच गांव में चाकू घोंपकर हत्या

**कार्यालय संवाददाता, संभल/पंवासा**





राहुल यादव की फाइल फोटो। हमले में घायल युवक के ताऊ व तहेरा भाई।

**अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते पिता-पुत्रों ने विवाद के दौरान बीए के छात्र को घेरकर बीच गांव में दुस्साहसिक तरीके से चाकू मारकर हत्या कर दी जबकि बचाने आए ताऊ और तहेरे भाई को भी चाकू मारकर घायल किया गया। पुलिस ने घायलों का जिला अस्पताल में उपचार शुरू कराया। एएसपी ने घटनास्थल का जायजा लेकर पुलिस को निर्देश दिए।

थाना क्षेत्र के गांव महौरा लखूपुरा निवासी बीए के छात्र राहुल यादव (18 वर्ष) पुत्र रंगरेस की बहन की कई साल पहले बरात आई थी। तब गांव का ही विरलेश पुत्र तेजपाल विवाद करने लगा तो उसके साथ मारपीट की गई थी। तभी से दोनों पक्षों के बीच रंजिश चली आ रही है। बुधवार को शाम करीब साढ़े सात बजे विरलेश बबैना में खुले कोचिंग सेंटर के पोस्टर चिपका रहा था। बताते हैं कि विरलेश ने गाली गलौज करते हुए बच्चों से कहा कि पोस्टर नहीं हटाने हैं। तब राहुल यादव भी मौके पर पहुंच गया और बच्चों से गाली गलौज करने का विरोध करने लगा। आरोप है कि तेजपाल ने चाकू से राहुल यादव के पेट में वार किया तो वह खून से लथपथ हो गया। राहुल यादव को बचाने के लिए ताऊ करू और तहेरा भाई रविंद्र उर्फ रप्पू पहुंचे तो उन्हें भी चाकू से हमला कर घायल कर दिया गया। इस बीच विरलेश के हाथ में तमंचा था। । परिजन राहुल को लेकर संभल के निजी अस्पताल लाए तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल करू और रविंद्र को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बीच गांव में चाकू घोंपकर युवक की हत्या की घटना से पुलिस भी हड़कंप मच गया। एएसपी श्रीश चंद्र पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे और घटना की जानकारी कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। थाना प्रभारी निरीक्षक संत कुमार ने बताया कि राहुल यादव के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

- **ताऊ और तहेरा भाई घायल, गाली गलौज करने के विरोध पर किया हमला**

## कल प्रबुद्ध सम्मेलन में शामिल होंगे सीएम योगी

**बहजोई, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को संभल जिले के बहजोई में आएंगे। वह नगर पालिका परिषद के मिनी स्टेडियम पर प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे। वह प्रबुद्ध जनों से सीधा संवाद करेंगे।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने तैयारियां शुरू कर दी है। मिनी स्टेडियम पर मंच बनाने के साथ प्रबुद्ध लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री प्रबुद्ध जनों से सीधा संवाद करेंगे। भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के समर्थन में मतदान करने की अपील करेंगे। बहजोई नगर पालिका परिषद के चेयरमैन राजेश शंकर राजू ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनपद संभल दौरे के तहत बहजोई नगर पालिका परिषद के मिनी स्टेडियम में आएंगे। जहां वह प्रबुद्ध सम्मेलन में शामिल होकर प्रबुद्ध जनों से सीधा संवाद करेंगे।

# ई-रिक्शा और बाइक की टक्कर में तीन लोग घायल

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार :** थाना बनियाठेर के गांव मऊ-अस्सू के निकट बुधवार को अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे ई-रिक्शा और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दो महिलाओं समेत तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद चालक ई-रिक्शा लेकर फरार हो गया। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्साधिकारी ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर तीनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

जनपद बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव गंगोली निवासी मूलचंद्र पुत्र स्व. फग्गन सेठ अपनी पत्नी सुषमा देवी के साथ ई-रिक्शा में सवार होकर थाना बनियाठेर के गांव मंगलपुर जा रहा था। ई-रिक्शा में अमलेश पत्नी गजेंद्र सिंह निवासी गांव मंगलपुर समेत कई और भी सवारियां थीं।

ई-रिक्शा थाना बनियाठेर के गांव मऊ-अस्सू से आगे पहुंचा तो सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार हरिओम शंकर पुत्र दयानंद सिंह निवासी बुलंदशहर गंभीर रुप से गंभीर रुप घायल हो गया। गनीमत रही हादसे के वक्त हरिओम हेल्मेट लगाए हुए था। हरिओम फाइनेंस का काम करता है और हादसे के वक्त वह पंवासा से बनियाठेर के अशोक नगर स्थित अपने ऑफिस आ रहा था। वहीं ई-रिक्शा सवार सुषमा और अमलेश घायल हो गए। सुषमा के दायं पैर में फ्रेक्चर है। हरिओम की हालत ज्यादा गंभीर बताई जा रही है।

- **घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया**
- **प्राथमिक उपचार के बाद तीनों हायर सेंटर रेफर**

## गाड़ी से श्रीराम का झंडा उखाड़ने पर अड़ी महिला

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बुधवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है। जो शहर में चर्चा का विषय बनी हुआ है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो मालगोदाम रोड स्थित कब्रिस्तान के निकट रेलवे फाटक 35बी का है। वीडियो में एक बुर्कानशी महिला फाटक की ओर से आ रही चार पहिया गाड़ी पर लगे श्रीराम के झंडे को उखाड़ने का प्रयास कर रही है। महिला का क्रोध इस तरह नजर आ रहा है कि महिला काफी देर तक भगवा रंग के श्रीराम के झंडे को उखाड़ने का भरसक प्रयास कर रही है। वहीं एक व्यक्ति महिला को रोकने का प्रयास भी कर रहा है लेकिन महिला झंडा उखाड़ने के लिए अड़ी रही। काफी मशक्कत के बाद झंडा गाड़ी से नहीं उखड़ सका। वायरल वीडियो को लेकर हिंदू संगठनों में रोष व्याप्त है और कार्रवाई की मांग की है।

**नाम-परिवर्तन**

मैंने अपना नाम अहमद खान (AHMED KHAN) से बदलकर अहमद इश्तियाक (AHMAD ISHTIYAQ) पुत्र ISHTIYAQ KHAN नि. राजद्वारा जिला अस्पताल के पीछे, रामपुर, रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**आवश्यकता है**

रफीक हुसैन मेमोरियल डिग्री कॉलेज डिडौली जनपद अमरोहा को आवश्यकता है। प्रवक्ताओं की (UG) वेतनमान योग्यता अनुसार योग्यता (NET/PhD,)
मो० नंबर- 97562 41936

**नाम-परिवर्तन**

मैंने अपना नाम JAGCHETAN SINGH से बदलकर JAGCHETAN SINGH KANG S/O BALBIR SINGH रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नए नाम से पुकारे ग्राम पिपलिया महतो तहसील बिलासपुर जिला रामपुर।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा पुत्र विरमा स्वरूप गलत संगत मे पड़ गया है। वह मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों से आये दिन झगड़ा करता रहता है। और वह नाबालिग लड़की से शादी करना चाहता है। मैं उसके कुकृत्यों से परेशान होकर सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी चल-अचल समपत्ति से बेदखल करता हूँ। उसके द्वारा किये गये कुकृत्यों का वह स्वयं उत्तरदायी होगा।
**मुन्ना लाल पुत्र रूप राम नि. ग्राम खाता चिन्तामन थाना मिलक जिला रामपुर हाल निवासी मौहल्ला कायस्थान, थाना बिलासपुर जिला रामपुर।**

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र सुऐब आलम व उसकी पत्नी तय्यबा बी को मेरे साथ अभद्र व्यवहार करने के कारण संबंध विच्छेद कर लिया है । भविष्य में अपने कृतायो के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरा और मेरे दामाद, पुत्रियों और पुत्र का इन दोनो से कोई संबंध नहीं होगा। महताब जहाँ पत्नी रमजानी नि० मौ० ठाकुरान, थाना व तह० बिलारी, मुरादाबाद ।

# मारपीट के दो आरोपियों को तीन वर्ष की सजा

**संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार :** न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जनपद संभल स्थित चन्दौसी ने प्लाट के विवाद में महिलाओं के साथ मारपीट करने के दो आरोपियों को तीन वर्ष के साधारण कारावास व 2500 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। घटना 2008 में थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव जगदीशपुरी में हुई थी।

वादी वीरभान निवासी गांव जगदीशपुरी थाना कुढ़फतेहगढ़ ने थाना पुलिस को तहरीर देकर डालचंद्र पुत्र होरी व जसकरन पुत्र श्रीराम निवासी गांव जगदीशपुरी थाना कुढ़फतेहगढ़ जिला संभल के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कराया था। जिसमें उसने बताया था कि उसके गांव के ही डालचंद्र से प्लाट का विवाद चल रहा है। 9 नवंबर 2008 को वह घर पर नहीं था। उसकी पत्नी व बच्चे घर पर अकेले थे। विवादित प्लाट पर गांव के डालचंद्र, जसकरन व सुखलाल नींव भरने लगे। प्लाट पर नींव भरने से पत्नी क्रांति, पुत्री निशा, शोभा, धनवती, जलधारा ने नींव भरने से मना किया तो उक्त लोगों ने फरसे व डंडों से सभी के साथ मारपीट की, जिससे पत्नी समेत सभी बच्चे घायल हो गए। पुलिस ने साक्ष्यों को जुटा कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बुधवार को फैसला सुनाते हुए न्यायाधीश अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तुषारिका सिंह ने आरोपी डालचंद्र व जसकरन को कुल मिलाकर तीन साल की सजा सुनाई। जेल में बिताई गई अवधि भी सजा में समायोजित की जाएगी।

**फैसला**

- **अदालत ने 2500 रुपये का जुर्माना भी लगाया**
- **2008 में कुढ़फतेहगढ़ के गांव जगदीशपुरी में हुई थी घटना**

### चोरी के आरोपी को दो वर्ष छह माह की सजा



**चन्दौसी, अमृत विचार :** न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी ने चोरी के एक आरोपी को दो वर्ष छह माह के कठोर कारावास व 4500 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। संभल पुलिस ने मुजाहिद पुत्र जुल्फिकार उर्फ मुशाहिद निवासी मो. चौधरी सराय संभल के खिलाफ मनोकामना मंदिर के ताले तोड़ कर दान पेटी से 11 हजार रुपये व भगवान के श्रंगार की माला चोरी कर लेने का आरोप में अभियोग पंजीकृत किया था। मुकदमा न्यायालय बुधवार को मुकदमे पर सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कमलेश कच्छल ने आरोपी मुजाहिद को दोषी करार देते हुए दो वर्ष छह माह के कठोर कारावास व 4500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

### अवैध शस्त्र मामले में दोषी को 16 दिन की सजा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संभल स्थित चन्दौसी ने अवैध शस्त्र के आरोपी को जेल में बिताई गई अवधि 16 दिन के कारावास व 1500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। मामला थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र का है। थाना कुढ़फतेहगढ़ पुलिस ने संजीव पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी कुढ़फतेहगढ़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। आरोपी से पुलिस ने अवैध चाकू बरामद किया था।

## युवकों ने चिकित्सक से की अभद्रता, हिरासत में

**चन्दौसी, अमृत विचार:** नवाबपुरा में दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष के कुछ घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जबकि दूसरे पक्ष से चार युवक सीएचसी पहुंचे और चिकित्सक पर मेडिकल करने का दबाव बनाया। इनकार करने पर चिकित्सक के साथ अभद्रता की। मौके पर पहुंची पुलिस ने चारों को हिरासत में ले लिया।

मंगलवार की रात गांव नवाबपुरा में दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष के लोग घायल हो गए और वह कोतवाली पहुंच गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। जबकि दूसरे पक्ष से कोई घायल नहीं हुआ था। इसके बाद दूसरा पक्ष सीएचसी जा पहुंचा और चिकित्सक पर मेडिकल करने का दबाव बनाया। चिकित्सक के इनकार पर चिकित्सक से अभद्रता की।



नरौली में भाजपा प्रत्याशी का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

# कस्बा नरौली में भाजपा प्रत्याशी का हुआ स्वागत

**संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र के कस्बा नरौली में संभल-चन्दौसी मार्ग पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने संभल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी का स्वागत किया। कार्यकर्ता भाजपा प्रत्याशी को ढोल नगाड़े के साथ मोहल्ला भट्टी वाला बाग लेकर पहुंचे, जहां महिलाओं ने प्रत्याशी व कार्यकर्ताओं पर पुष्प वर्षा की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हरवेश राघव, विनोद माली, कमल दिवाकर, नंदन माली, विक्की माली, पप्पी माली, संजीव माली, अनुज गुप्ता, सुखवीर सिंह, कमल सैनी, बिट्टू ठाकुर, गुड्डू दिवाकर, आदि मौजूद रहे।

अतितृष्णा न कर्तव्या तृष्णां नैव परित्यजेत् ।
शनै: शनैश्च भोक्तव्यं स्वयं वित्तमुपार्जितम् ॥

अधिक इच्छाएं नहीं करनी चाहिए पर इच्छाओं का सर्वथा त्याग भी नहीं करना चाहिए। अपने कमाए हुए धन का धीरे-धीरे उपभोग करना चाहिए॥

## संपादकीय

# सतर्क रहने की जरूरत

पूरी दुनिया में आतंकवाद का खतरा मंडरा रहा है। आतंकवाद सबसे बड़ी समस्या और चुनौती बना हुआ है। 22 मार्च को मॉस्को के बाहरी इलाके में स्थित क्रोकस सिटी हॉल पर हुए आतंकवादी हमले में कम से कम 137 लोग मारे गए। वैश्विक स्तर पर खौफनाक आतंकी संगठन माने जाने वाले इस्लामिक स्टेट खुरासान ने रूस में की गई गोलीबारी की जिम्मेदारी ली। यह संगठन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आतंकवादी घोषित किए गए गुट 'इस्लामिक स्टेट' का ही अंग है। इस चरमपंथी संगठन को 'आईएसके' कहा जाता है जो इस्लामिक स्टेट खुरासान का संक्षिप्त रूप है। इसका पूरा ध्यान अफगानिस्तान, ईरान और पाकिस्तान पर केंद्रित है। खुरासान एक समय फारसी साम्राज्य का हिस्सा हुआ करता था, जो अब ईरान, अफगानिस्तान और मध्य एशियाई मुल्कों में विभाजित है। इसी खुरासान के हवाले से आइसिस से संबद्ध रहा आतंकी संगठन 'आईएसआईएस-के' का जन्म हुआ। सीरिया युद्ध के समय दुनिया को बताया गया कि इनका सफाया किया जा चुका है। मगर, यह एक धोखा था। ये ऐसे आतंकी हैं, जो पाकिस्तान-अफगानिस्तान, सेंट्रल एशिया और दुनिया के विभिन्न देशों में पैर पसार चुके हैं। विभिन्न सरकारें और एजेंसियां इनका दुरुपयोग करने में लगी हैं। ऐसे में क्या भारत को आइसिस-खुरासान से सतर्क रहने की जरूरत नहीं है। मास्को में हुए आतंकी हमले से भारत को भी सतर्क रहने की आवश्यकता है। आईएस से निपटने के लिए विभिन्न देशों को उन भू-राजनीतिक स्थितियों पर ध्यान देने की जरूरत है जो आईएस को फिर से संगठित होने में मदद कर रही हैं। जब तक तालिबान विविध आबादी वाले कट्टरपंथी अफगानिस्तान पर अपना एकमात्र पश्तूनों वाला शासन जारी रखेगा और पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में अस्थिरता, युद्ध एवं अराजकता का माहौल बना रहेगा, तब तक आईएस जैसे समूह फलने-फूलने और हमले करने के रास्ते ढूंढते रहेंगे।

आतंकवाद को समाप्त करने के लिए वैश्विक स्तर पर ठोस व साझा प्रयास करने की जरूरत है। इसमें आतंकी वित्तपोषण और इससे संबद्ध चुनौतियों के चलते हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि आतंकवादियों का समर्थन करने वाले देशों को जवाबदेह ठहराया जाए और इस समस्या से संगठित तरीके से निपटा जाए। आतंकवाद को वैश्विक घटना मानने के बावजूद आतंकवाद की अंतर्राष्ट्रीय रूप से स्वीकृत परिभाषा देने के लिए पूर्व में किए प्रयास बेकार साबित हुए हैं। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर आतंकवाद की चुनौती को परास्त करना चाहिए। आतंकवाद की एक सार्वभौमिक परिभाषा को स्वीकार करना और आतंकवाद के प्रायोजक राष्ट्रों पर वैश्विक प्रतिबंध लगाना शांतिपूर्ण विश्व व्यवस्था का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

# गणतंत्र में लोकतंत्र, प्रजातंत्र और जनतंत्र



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

भारत में दुर्भाग्य से पश्चिमी समझ की जिस डेमोक्रेसी को स्वीकार किया गया है, उसमें लोकविमुखता का खोट है। अधिकांश लोग सामंतवाद के वायरस से अभी भी मुक्त नहीं हैं। आजकल के मंत्री ही राजा, जमींदार या नवाब हैं। निर्वाचक जनता उनकी ड्योढ़ियों पर नाक रगड़ती है। तब वे जन दर्शन देते हैं। जनतंत्र के पुरोधा तंत्र का हिस्सा हो गए हैं।



संविधान बनाने में भाषिक गलतियां हुई हैं। समझाया गया था राज्य तंत्र का ताला होगा जिसे जनता की कुंजी द्वारा ही खोला और बंद किया जा सकेगा। हकीकत इसके उलट है। जनता के विवेक के ताले को पांच बरस के लिए सत्ता की कुंजी से बंद कर दिया जाता है। दार्शनिक परिकल्पना यह है कि सत्ता की सरिता जन उद्‌गम से लेकर जनकल्याण के विशाल महासागर तक जाती है। राजनीतिक मौसम की बेरुखी के कारण नदी का प्रवाह केवल चुनाव के वायदों की बरसात में जन आप्लावित होता है। बाद में सत्ता की सरिता जनदृष्टि में सूखती चली जाती है। वह जन निस्तार के लिए उपलब्ध नहीं होती। शब्दों की गफलत से जनाधिकारों को किस तरह वंचित और निरर्थक बनाया जा सकता है, भारत उसका एक उदाहरण है।

भारत में पश्चिमी नस्ल की डेमोक्रेसी के संवैधानिक अंतरण के बाद हिंदी में कई तरह के अनुवाद इस्तेमाल होते हैं। दरअसल डेमोक्रेसी शब्द का चरित्र परत दर परत व्यावहारिक होता है। विदेशी विचारों के आयात का यह भी एक तिलिस्म है कि दरअसल भारत के लोग समझ ही नहीं पा रहे हैं कि उनके लिए जम्हूरियत का असली अमल क्या है? डॉ. भीमराव अंबेडकर ने सबसे पहले जवाहरलाल नेहरू को टोका था कि उनके संविधान के मकसद वाले भाषण में डेमोक्रेसी शब्द का उल्लेख नहीं होकर भारत में रिपब्लिक अर्थात् गणतंत्र की स्थापना करना कहा गया था।

गणतंत्र और डेमोक्रेसी में साफ-साफ फर्क है। नेहरू ने शायद पुरानी यूनानी सभ्यता के छोटे-छोटे रिपब्लिक को ध्यान में रखकर उसका भारत के भविष्य प्रशासन के लिए सायास उल्लेख किया होगा। अंबेडकर और नेहरू की पश्चिमी दृष्टियों में कई समानताएं होने के बाद भी बहुत बारीक अंतर भी रहे हैं। संविधान के पंडित अपनी व्याख्या में इस दृष्टि भेद का फलक विस्तृत करने उस स्पेस में नहीं जाना चाहते। इससे कई तरह के सवाल उठते हैं। इसमें संदेह नहीं कि किसी भी अन्य नेता के मुकाबले गांधी भारत में ग्रामीण गणतंत्र की स्थापना के पक्ष में थे। वह एक तरह से यूनानी प्रकारांतर से समझा जा सकता है। हकीकत ऐसी नहीं थी। भारत में पंचायत को राज्यतंत्र की बुनियादी इकाई के रूप में अमल में किया गया है। उसकी बैठकें पूरे ग्राम समाज के सामने होने से उसका जनसमर्थन के संदेह की कोई गुंजाइश नहीं थी।

गांधी साहित्य में डेमोक्रेसी का हिंदी अर्थ प्रजातंत्र लिखा गया है। गांधी भारत के इतिहास में सामंती शासन की प्रजा के अधिकारों और समझ को लेकर सूक्ष्म जानकारियों से लैस थे। उन्होंने कई बार रेखांकित किया है कि बहुत निचले स्तर पर भी यदि जनता में एका हो तो राजा की आज्ञा को चुस्त-दुरुस्त किया जा सकता है। इसके लिए उन्होंने असहयोग और सिविल नाफरमानी जैसे नए राजनीतिक अहिंसक हथकंडे सुझाए थे। सामंती शासक के खिलाफ, नफरत, विद्रोह या सामाजिक क्रोध को गांधी ने उकसाने की कोशिश नहीं की थी। इसलिए प्रजातंत्र शब्द में सामंतशाही का भग्नावशेष शामिल शरीक होता है। अन्य संविधान निर्माताओं के खिलाफ जाकर अंबेडकर ने पंचायत आधारित शासन प्रणाली को खारिज कर दिया। उन्होंने व्यक्ति अर्थात् निर्वाचक मतदाता को राज्यतंत्र खड़ा करने का बुनियादी आधार बनाया। यही कारण है बाद में मतदाता के वोट के आधार पर पंचायतें और नगर पालिका संस्थाओं से लेकर विधान सभाओं और संसद के लिए निर्वाचन हो रहे हैं। निर्वाचकों के ये प्रतिनिधि कम से कम पांच वर्ष के लिए सत्ता के केंद्र बन ही जाते हैं।

नए व्याकरणशास्त्री इसे जनतंत्र शब्द से संबोधित करते हैं। लगभग 130 करोड़ की आबादी के देश में कोई 50 प्रतिशत मतदाता हैं। बौद्धिक फरेब में यह माना जाता है कि उनकी ही हुकूमत चल रही है। ऐसी हुकूमतशाही में सामूहिकता नहीं होती। वह व्यक्तिवादी हो जाती है। उसे बमुश्किल कुछ सौ सदस्य संसद में और कुछ हजार विधायक विधान सभाओं में चलाते हैं। संविधान में अंग्रेजी के ज्ञानशास्त्र से सीधा उधार लेकर सामूहिक निर्णय की जिम्मेदारी और अधिकार मंत्रि परिषद के लिए कायम हुआ है। संविधान से इतर कई परंपराओं ने संविधान की समझ की काठी को कस दिया है। इसलिए देश और प्रदेश सामूहिक जिम्मेदारी के बदले प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों के निर्देशों, विवेक और व्यक्तित्व के आधार पर चलते हैं। सामूहिकता का ढोंग पालते जरूर हैं। इस तरह पश्चिम समझ की बराबरी के लोगों में प्रथम के आधार पर समझे जाने वाले प्रधानमंत्री के बदले बराबरी रहित और व्यक्ति पूजा के केन्द्र प्रधानमंत्री में डेमोक्रेसी निहित हो गई है। डेमोक्रेसी का सही अनुवाद तो लोकतंत्र है अर्थात् होना चाहिए। लोक एक अद्भुत शब्द है। उसमें सब कुछ समाहित है। गैरमतदाता, बच्चे, मुफलिस, निरक्षर, संक्रामक बीमारियों से पीड़ित, भिखारी, मानसिक व्याधियों के शिकार, संन्यासी, गुमशुदा लोग, अनाथ और हर तरह के वंचित भी लोक का प्रामाणिक हिस्सा होते हैं। वे प्रतिनिधि नहीं चुनते, लेकिन चुने हुए प्रतिनिधि उनके लिए भी होते हैं। लोक ही सत्ता का लिहाफ होता है। निर्वाचित जनप्रतिनिधि लोक के प्रति लगातार उत्तरदायी होने की समझ विकसित कर सकते हैं।

भारत में दुर्भाग्य से पश्चिमी समझ की जिस डेमोक्रेसी को स्वीकार किया गया है, उसमें लोकविमुखता का खोट है। अधिकांश लोग सामंतवाद के वायरस से अभी भी मुक्त नहीं हैं। आजकल के मंत्री ही राजा, जमींदार या नवाब हैं। निर्वाचक जनता उनकी ड्योढ़ियों पर नाक रगड़ती है। तब वे जनदर्शन देते हैं। जनतंत्र के पुरोधा तंत्र का हिस्सा हो गए हैं। उन्हें जनवादिता का अर्थ ही समझ नहीं आता। वे वोट देने वाले निर्वाचक मतदाता को निरर्थक या शासक देह की केंचुल से ज्यादा कुछ नहीं समझते। देश की राजनीति बहुत से कूढ़मगज, एकांगी और आधी अधूरी समझ के नेताओं और नौकरशाहों के हवाले है। आजादी के इतिहास, देशज सांस्कृतिक परंपराओं, लोक जीवन की विविधताओं, पुश्तैनी समझ के समाज के आत्मिक प्रयोगों और अनुभवों की सांस्कारिता वगैरह को लेकर शासन की केंद्रीय एजेंसियों को कुछ अता-पता नहीं है। इसलिए सत्ता और शासित के अलग-अलग लोक बन गए हैं। पहले भी किले, उनकी प्राचीर और उनके अलग उपनिवेशों में रहते लोग जनता के लिए दर्शनीय वस्तुएं होते थे। आज भी वही हैं। मंत्रियों की कोठियों के अतिरिक्त अब उद्योगपतियों की हवेलियां भी उग गई हैं। वहां हुकूमत का तिलिस्म और तिलिस्म की हुकूमत की दिन-रात की आंखमिचौली होती है। तथाकथित हम भारत के लोग हैं, जो अंग्रेजी शब्द डेमोक्रेसी का हिंदी अर्थ बूझने में सिर फुटौव्वल कर रहे हैं। संविधान बनाने में भाषिक गलतियां हुई हैं। समझाया गया था राज्यतंत्र का ताला होगा जिसे जनता की कुंजी द्वारा ही खोला और बंद किया जा सकेगा। हकीकत इसके उलट है। जनता के विवेक के ताले को पांच बरस के लिए सत्ता की कुंजी से बंद कर दिया जाता है। दार्शनिक परिकल्पना यह है कि सत्ता की सरिता जन उद्‌गम से लेकर जनकल्याण के विशाल महासागर तक जाती है। राजनीतिक मौसम की बेरुखी के कारण नदी का प्रवाह केवल चुनाव के वायदों की बरसात में जन आप्लावित होता है। बाद में सत्ता की सरिता जनदृष्टि में सूखती चली जाती है। वह जन निस्तार के लिए उपलब्ध नहीं होती। शब्दों की गफलत से जनाधिकारों को किस तरह वंचित और निरर्थक बनाया जा सकता है, भारत उसका एक उदाहरण है।

## प्रसंगवश

# समाचार की नई परिभाषा

यह केवल देशद्रोह ही नहीं, संपूर्ण मानवता के विरुद्ध दुरभिसंधि और अपराध है कि समाचारों का मुक्त प्रवाह प्रयत्नपूर्वक अवरुद्ध कर दिया गया अथवा उसे विकृत कर दिया गया।

मैं मीडिया की क्लास लेता था। प्रारंभ में ही विद्यार्थियों से पूछा करता था-प्रतिक्षण कोटि-कोटि घटनाएं घट रही हैं, गांव और गली से लेकर राजधानी तक, देश और विदेशों तक। अब विचार करके बतलाओ कि इनमें से कौन सी घटना समाचार बन सकती है? फिर अपनी बात समझाता कि इन कोटि-कोटि घटनाओं में से जो भी घटना व्यक्ति, समाज और विश्व के लिए जीवन का कोई संदेश दे सके बस, वही घटना हमें संकलित करनी है और उसे संदेश का रूप देना है, किंतु आज विभिन्न चैनलों को देख रहा हूं। समाचार की परिभाषा ही बदल गई है। कल तक हम लोग अपनी-अपनी कक्षाओं में बतलाया करते थे कि समाचार एक संदेश होता है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

वह परिभाषा अब आउट ऑफ डेट हो गई है। आज की नई परिभाषा है कि 'समाचार एक सौदा होता है, इस हाथ दे और उस हाथ ले।' अब पत्रकारिता या मीडिया लोकतंत्र का खंभा नहीं रहा, अब वह मीडिया घरानों के स्वार्थ के लिए लोकतंत्र की बुनियाद को हिलाने के लिए विस्फोटक बन चुका है। समष्टि हित के विरुद्ध व्यष्टिहित का साधक। सर्वथा अविश्वसनीय, लेकिन यह शुरुआत तो ग्लोबलाइजेशन के मुखौटे में हुई थी। उस समय सूचना क्रांति के नाम से यहां हरियाणा साहित्य अकादमी के सेमिनार में मैंने कहा था कि यदि इस पर सामाजिक नियमन नहीं हो सका तो यह मीडिया देशद्रोह की सीमा तक जा सकता है।

यह केवल देशद्रोह ही नहीं, संपूर्ण मानवता के विरुद्ध दुरभिसंधि और अपराध है कि समाचारों का मुक्त प्रवाह प्रयत्नपूर्वक अवरुद्ध कर दिया गया अथवा उसे विकृत कर दिया गया।

# घोषणा पत्र में शामिल करें पर्यावरण के मुद्दे



डॉ. मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे को हल्के में न लेते हुए उसके स्थाई निदान के लिए चुनाव के दौरान और चुनाव के बाद भी निरंतर संवाद और प्रयास करते रहें।

लोकसभा चुनाव-2024 की तारीखें घोषित हो चुकी है। इसी संदर्भ में सभी राजनैतिक पार्टियां जीत दिलाने वाले प्रत्याशियों के चयन के साथ ही उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए चुनावी सभाओं, रैलियों, मीटिंगों को आयोजित करने की तैयारी में व्यस्त हैं। राजनैतिक पार्टियों द्वारा मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए लोकलुभावन वादों का सहारा लेने से भी कोई परहेज नहीं है।

सभी राजनीतिक पार्टियों द्वारा अपने चुनावी घोषणा पत्र को आकर्षक, मतदाता हितैषी, गरीब हितैषी, विकासोन्मुखी बनाने के प्रयास हो रहे हैं। स्थान विशेष/राज्य विशेष के मतदाताओं से जुड़े मुद्दों को, समस्याओं को भी चुनावी घोषणापत्र में जगह देने पर विचार चल रहा है। इतना ही नहीं लगभग सभी पार्टियां देश से गरीबी हटाने, महंगाई को कम करने, भ्रष्टाचार को खत्म करने, रोजगार उपलब्ध कराने, सरकारी नौकरियों में इजाफा करने के साथ, रिक्त पदों को भरने की चर्चा पूर्व चुनावों के प्रचार में करती आई है।

हमेशा की तरह इस बार भी चुनावी घोषणा पत्र में और प्रचार के दौरान गरीबों के लिए विभिन्न लाभकारी योजनाओं के साथ जल कर, बिजली कर, माफ करने का जिक्र हो सकता है, किसानों के ऋणों को माफ करने को स्थान मिला सकता है, कुछ चीजों पर सब्सिडी की भी बात हो सकती है, गैस-पैट्रोल आदि के दाम भी चुनाव के कारण कम होते दिखाई दे रहे हैं, किंतु पर्यावरण विषय प्रचार माध्यमों से लगभग नदारद दिखाई दे रहा है, आगे भी शायद दिखाई दे तो कोई आश्चर्य नहीं। वो भी तब जब चुनाव ग्रीष्म ऋतु में हो रहे हैं और इस ऋतु की शुरुआत में ही कई छोटे-बड़े शहर पानी की किल्लत से जूझते नजर आ रहे हैं। नदी, जलाशय, भूमिगत जलस्रोत दम तोड़ते दिखाई दे रहे हैं। जनता नलों से जल आपूर्ति के स्थान पर टैंकरों से जल आपूर्ति पर निर्भर रहने के लिए मजबूर है तथा शुद्ध पेयजल के लिए पानी की केन/बोतल आदि पर निर्भरता बढ़ सकती है। किसानों को पराली जलाकर नई फसल के लिए खेतों की जमीन तैयार करने के अलावा कोई रास्ता भी नजर नहीं आ रहा है। स्थानीय स्तर पर कचरे का चोरी छुपे जलाने का सिलसिला थम नहीं रहा है। नदी, जलाशय आदि जल स्रोतों में कभी जनता द्वारा, कभी उद्योगों आदि द्वारा दूषित जल को छोड़ने की आदत में सुधार होता दिखाई नहीं दे रहा है। न ही जनता पानी के उपयोग के संदर्भ में मितव्ययिता का पाठ पढ़ने को तैयार है।

विकास के नाम पर पेड़-पौधे का कटना भी जारी है। चोरी-छिपे जंगलों से पेड़ों का कटना भी रूकने का नाम नहीं ले रहा है। इतना ही नहीं खाद्य पदार्थों का दूषित या मिलावटी रुप में बजारों में बिकना भी जारी है। कुल मिलाकर जो शुद्ध हवा, पानी, भूमि, वातावरण, खाद्य पदार्थ मतदाता और उनके परिवारों को जिंदा रखते हैं, स्वस्थ रखते हैं, उम्र में वृद्धि करते हैं, विभिन्न आवश्यक वस्तुओं को उपलब्ध कराते हैं, उन्ही की चर्चा चुनाव प्रचार से गायब दिखाई दे रही है। कोई भी प्रत्याशी और पार्टी पर्यावरण सुधार हेतु, प्रदूषण मुक्त शुद्ध प्राणवायु, जल, जमीन, उर्वरक, कृषि भूमि तथा खाद्य पदार्थों के लिए, खिसकते पहाड़ों के लिए, सिकुड़ते जंगल और कृषि भूमि के लिए, दम तोड़ती नदियों, सिमटते तालाबों-जलाशयों के लिए, साथ छोड़ते या यूं कहें और गहराई में उतरते भू-जल के लिए लोकसभा चुनाव 2024 में पर्यावरण आवाज बनेगा? क्या कोई प्रत्याशियों को, राजनीतिक पार्टियों को पर्यावरणीय समस्याओं के निदान के लिए रोडमैप के साथ, कारगर योजनाओं के साथ मतदाताओं के सामने जाने के लिए प्रेरित करने का साहस करेगा?

वस्तुतः इस लोकसभा चुनाव में पर्यावरण के मुद्दों को उठाना सही नजर आता है, क्योंकि हाल ही में स्विस संस्था द्वारा जारी विश्व के देशों की वायु प्रदूषण की रिपोर्ट ने सभी देशवासियों (भारतीयों) की चिंता बढ़ाई है। वहीं बैंगलोर में जल समस्या से निपटने के लिए दूसरे प्रदेशों के कर्मचारियों से घर से काम लेने के अनुरोध की चर्चा ने देश में गहराती पेयजल समस्या की ओर सभी छोटे-बड़े शहरों का ध्यान आकर्षित किया है।

अतः पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे को हल्के में न लेते हुए उसके स्थाई निदान के लिए चुनाव के दौरान और चुनाव के बाद भी निरंतर संवाद और प्रयास करते रहें। मतदाता और देश की जनता पर्यावरण विषय को चुनावी प्रचार में, चुनावी घोषणापत्र में प्रमुखता से जगह दिलाने में सफल हो जाते हैं तो भविष्य में इस समस्या का समाधान सुनिश्चित है।

## सोशल फोरम

# वोटों का खेल



मर्लिन मुनरो की कई मूर्तियां विदेशों में जगह-जगह लगी हुई हैं, जो अगर भारत मे लग जाएं तो हमारी संस्कृति खतरे में पड़ जाएगी। इसे हम पश्चिम की नकल करार दे इसकी भर्त्सना करेंगे, लेकिन क्या ये बात हैरान करने के साथ तकलीफ देने वाली नहीं है कि हर गली, मोहल्लों, कस्बों, शहरों के चौक-चौराहों पर धर्म स्थल बना अपनी संस्कृति बचाने का दिखावा करने वाले लोग दरअसल दुनिया में सबसे ज्यादा पोर्न देखने वाले लोग हैं।

1100 साल पूर्व चंदेल वंश के लोगों ने खजुराहो की मूर्तियां बनाई। देखा जाए तो उस समय के पश्चिम के मुकाबले हमारे पूर्वज बहुत खुले विचारों के रहे होंगे। अब सवाल है कि आखिर इतने खुले विचारों वाले लोग यहां तक कैसे पहुंच गए? शायद एक सोची समझी नीति के तहत खुली हुई विचारधारा की भारतीय संस्कृति पर इसके अतीत को लाद दिया गया और हमारा अतीत हम पर इतना भारी पड़ गया कि हम आजतक इससे पीछा नहीं छुड़ा पा रहे हैं। अब हाल ये है कि हम जो दिखते हैं, वो है नहीं और हम जो नहीं हैं, वही हम दिखते हैं। अपने संस्कृति प्रधान देश की हकीकत ये है कि इस देश में हर 15 मिनट में एक स्त्री के साथ बलात्कार होता है और छेड़छाड़ की घटनाएं तो इससे कहीं ज्यादा हैं। इसमे भी अधिकतर बलात्कार उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में होते हैं, जहां संस्कृति बचाने का दावा सबसे ज्यादा किया जाता है।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

बहरहाल मेरे एक मित्र का मानना है कि जिस दिन विदेशों जैसी मूर्तियां बनाने से वोट मिलने लग जाएंगे उस दिन विदेशी भी हमारी मूर्तियां देख शर्मा जाएंगे। आखिर हम वात्स्यायन के देश के लोग हैं। अपना हुनर भूले नही हैं। जरूरत पड़े तो हम इरोटिक में भी विश्व गुरु बनकर दिखा सकते हैं। फिलहाल तो जरूरत वोटों की है। खेल वोटों का है।

-फेसबुक वॉल से

# हमने एक दुनिया को मोबाइल में सिमटते देखा है



हफीज किदवई
लेखक

यह बदलाव जो हमने देखे हैं, देख रहे हैं और देखेंगे भी, वह हैं हमारी दास्तान। हम जिस दास्तान के तुर्रम खां बनते हैं, उस घूमती हुई दास्तान के एक हिस्सा भर हैं।

हमें लगता है धरती की सबसे किस्मत वाली जेनरेशन रहे हैं हम या फिर हम सबसे बड़े बदलावों को देखने वाले लोग हैं। हमने गांव में बिना लाइट के लालटेन और लैंप देखे, खाना पकाने को चूल्हे और अंगीठी देखी। पेट्रोमैक्स और स्टोव देखा। हीटर और गैस चूल्हा देखा। टेलीफोन देखा, पेजर देखा, मोबाइल की हर किस्म देखी। रेडियो सुना, पॉडकोस्ट सुने। बड़ी और मोटी-मोटी फिल्म के कैसेट देखी, वीसीआर देखा, पर्दा और प्रोजेक्टर देखा। सिंगल स्क्रीन सिनेमा से मल्टीस्क्रीन सिनेमाहॉल देखे। 7 डी फिल्में देखी। खेत से आए घर में उबले भुट्टे खाए, तो अमेरिकन भुट्टे भी देख लिए। ज्वार को खुद भुनवाया तो दुनिया का हर तरह का कॉर्न देख और खा लिया। पिसा कोयला, दातून, चूल्हे की पकी मिट्टी, गुल, हुक्के की राख, कोलगेट पाउडर, लालदंत मंजन और फिर तरह-तरह के टूथपेस्ट इस्तेमाल किए।

हम वह लोग हैं, जिन्होंने मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बने देखा। अब्दुल कलाम को राष्ट्रपति बने देखा। सुनीता विलियम्स और कल्पना चावला की चाल देखी। मदर टेरेसा, दलाई लामा, क्वीन एलिजाबेथ, सद्दाम हुसैन, यासर अराफात, जनरल गद्दाफी समेत दुनिया के तमाम टॉप लीडर देखे। अपने यहां सोमनाथ चटर्जी, मुलायम, लालू, काशीराम, शरद, करुणानिधि, बाल ठाकरे, मौलाना अली मियां, कल्बे सादिक तो न जाने कितने ही तरह के इतिहास बनाते लोग देखे। अमेरिका में दोनों तरह के बुश और लादेन के चैप्टर को देखा। हमने दुनिया को करवट लेते देखा है। तरक्की की तरफ बढ़ती अपनी मिट्टी को, धर्म के दलदल में फंसते देख रहे हैं। दुनिया को टेक्नोलॉजी में चैलेंज देने वाली अपनी पीढ़ी को नारे लगाकर भीड़ बनते देखा है। हमने दुनिया का नक्शा बनते बिगड़ते देखा है। हमने लता मंगेशकर, कपिल देव, इमरान खान, सचिन तेंदुलकर, पेले, मैराडोना, शारापोवा, विश्वनाथन आंनद, पंकज आडवाणी, हुसैन बोल्ट, जिदान, दिलीप कुमार, शाहरुख खान, हेलन, आशा पारिख, ऋषि कपूर, वहीदा रहमान, सलमान, आमिर, दिव्या भारती, श्री देवी, ऐश्वर्या को भी देखा है। हमारे सामने हैरी पॉटर आकर हिट हुई। हमने ही सुपर हीरो को बनते देखा है।

हम दुनिया की वह जेनरेशन है जिसने सिल बट्टे पर पिसी चटनी और मैकडोनाल्ड के पिज्जा, दोनों खाए हैं। हमें दोनों पसंद हैं। हमने तराने की तरह गा-गाकर पहाड़े याद किए हैं और अब हिसाब को चुटकियों में करने के लिए एआई का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। हमने तख्ती और खड़िया इस्तेमाल की है और फिर बोलकर आईपैड पर लिखा भी है। हमने कोडैक के कैमरारोल और रील का धुलना देखा है, फिर डिजिटल कैमरे, डीएसएल आर के साथ अपने हाथ में बेहतरीन कैमरे देखे हैं। हमने बैंक में तांबे का टोकन लेकर पैसे भी जमा किए हैं और अब ऑनलाइन ट्रांजेक्शन भी करते हैं। अपने कजिंस के साथ अंताक्षरी खेलकर रात-रात जागें भी हैं और अब रील देखकर उन्हीं कजिंस को इग्नोर भी करते देखा है। हमने जुगनू भी देखे हैं और अब उन्हें न देख पाने की तड़प भी देख रहा हूं। हम बैलगाड़ी पर भी बैठें हैं और दुनिया की तेज तरीन गाड़ियों पर भी हाथ आजमाए हैं। पोलियो को होते और उसे खत्म करते हुए देखा है। हमने बरगद के घने पेड़ को बोनसाई बनते देखा है। हमने एक भरी पूरी दुनिया को एक मोबाइल में सिमटते देखा है।

यह बदलाव जो हमने देखे हैं, देख रहे हैं और देखेंगे भी, वह हैं हमारी दास्तान। हम जिस दास्तान के तुर्रम खां बनते हैं, उस घूमती हुई दास्तान के एक हिस्सा भर हैं। हमने मौत की खबर को तार से जाते हुए और उसे सुनकर बेहोश होते इंसानों को देखा है और अब लाइव लोगों को मरते हुए देख जरा भी अफसोस न करने वाले उन्हीं लोगों को देख रहे हैं। हमने इंसान से हैवान बनते देखा है। हमने एक दुनिया को एक मोबाइल में सिमटते देखा है। हम है वह खुशकिस्मत लोग, जिन्होंने जिंदगी का हर जायका चखा है।

# अश्लीलता फैलाते ओटीटी प्लेटफार्म

विभिन्न ओटीटी प्लेटफार्म हमारे समाज को दूषित करने में लगे हुए हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर धड़ल्ले से अश्लीलता परोसी जाती है, जो कहीं न कहीं हमारे समाज की नैतिकता और मूल्यों को प्रभावित कर रही है। ओटीटी प्लेटफॉर्म के द्वारा इरोटिक कंटेंट के नाम पर लगातार पोर्न कंटेंट परोसा जा रहा है जिसका हमारे समाज पर बहुत ही नकारात्मक असर पड़ता है। इरोटिक का अर्थ सेक्स को मानवीय संवेदना के तौर पर पेश करना होता है, लेकिन पोर्न और इरोटिक के बीच के बारीक से फर्क को मिटाकर कलात्मक के नाम पर सिर्फ नग्नता और अश्लीलता को ओटीटी प्लेटफॉर्म के माध्यम से परोसा जा रहा है। यहां अश्लीलता का बाजार सज चुका है, जिस पर अंकुश लगाना बहुत जरूरी है।



सोनम लववंशी
स्वतंत्र लेखिका

बीते दिनों इसी दिशा में सरकार ने एक अहम फैसला लेते हुए देश के भीतर 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म को बैन कर दिया है। द ग्लोबल स्टैटिक्स डॉट कॉम की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 45 करोड़ ओटीटी सब्सक्राइबर्स हैं। ओटीटी कंटेंट में वल्गेरिटी, न्यूडिटी और ड्रग्स एब्यूज को इस हद तक ग्लैमराइज किया जा रहा है कि बच्चे इसके मोहजाल से खुद को रोक नहीं पाते हैं। आजकल ओटीटी पर प्रसारित होने वाली 10 में से 8 वेब-सीरीज या शो ऐसे होते हैं, जिन्हें हम परिवार के साथ नहीं देख सकते हैं। इन शो और वेब सीरीज में अश्लील दृश्यों के साथ-साथ अभद्र भाषा परोसी जा रही है। अब तो स्तर इस हद तक गिर गया है कि स्टूडेंट्स और टीचर्स तक के रिश्ते को भी असभ्य तरीके से दिखाया जा रहा है जिसका समाज पर नकारात्मक असर हो रहा है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार 2016 से 2020 के दौरान भारत में ओटीटी पर पोर्नोग्राफिक यानी अश्लील कंटेंट 1200 प्रतिशत से ज्यादा तेजी से बढ़े हैं, जो बालमन से लेकर बड़े-बुजुर्ग सभी को प्रभावित कर रहे हैं और जिसकी वजह से सामाजिक ताना-बाना बिगड़ रहा है। ऐसे में सरकार द्वारा ओटीटी प्लेटफॉर्म को इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट के तहत सेक्शन 67 और 67 (ए) के भारतीय दंड संहिता के सेक्शन 292 और महिलाओं के अश्लील प्रतिनिधित्व (निषेध) अधिनियम, 1986 की धारा 4 का उल्लंघन करने के आरोप में प्रतिबंधित किया गया है।

टेक्नोलॉजी की नित नई उपलब्धि से भले ही दुनिया हथेली में सिमट कर रह गई है, लेकिन इस टेक्नोलॉजी ने हमारे आसपास से क्या कुछ नहीं छीना है? गौर करेंगे तो हम देखते हैं कि इसी तकनीक ने बच्चों की मासूमियत को छीन लिया है। इसी तकनीक ने अब मानवीय मूल्यों से भी खेलना शुरू कर दिया है, जो एक सभ्य समाज के लिए बेहद दुखद और त्रासदीपूर्ण है। ऐसे में तकनीक ने भले हमें सक्षमता प्रदान की है, लेकिन इसी सक्षमता के साथ हम सभी मानसिक रूप से रुग्ण बनते जा रहे हैं। आज हमारे टीनएजर्स इसी तकनीक की वजह से मानसिक रूप से कमजोर और दूषित मानसिकता के शिकार हो रहें हैं। उनके भीतर अपराधिक प्रवृत्ति जन्म ले रही है। देखा जाए तो देश-दुनिया में इंटरनेट की लत से छुटकारा दिलाने की कोई बेहतर नीति नहीं है। इंटरनेट पर क्या देखा जा रहा है? कोई पता लगाने वाला नहीं है, यह खतरनाक स्थिति है।

वाराणसी में होली मिलन समारोहों के साथ चटख हुआ भाजपा का रंग, कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय बता रहे मैं काशी का बेटा

# काशी में केसरिया छटा गहराई डमरू के साथ बज रही शहनाई




मनोज त्रिपाठी, कानपुर

अमृत विचार। बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी में होली मिलन समारोहों में शहनाई और शास्त्रीय संगीत की सुर और ताल के बीच चुनावी रंग चटख हो गया है। हालांकि यहां मतदान सातवें चरण में पहली जून को होना है, लेकिन चारों ओर केसरिया छटा बिखर चुकी है । लोगों के घरों पर राम मंदिर की स्थापना के समय लगाए गए भगवा ध्वजों के साथ अब भाजपा के झंडे लहरा रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रत्याशिता घोषित होने पर शहर भर में रंग, गुलाल और आतिशबाजी के साथ होली और दीपावली एक साथ मनायी थी। नौ मार्च को मोदी के शहर आने पर लोगो ने पुष्पवर्षा करते हुए इस बार जीत की हैट्रिक ही नहीं, देश में सबसे बड़ी विजय होने का शंखनाद किया था। 2014 के चुनाव में वाराणसी सीट पर नरेंद्र मोदी को पौने छह लाख वोट मिले थे, 2019 में करीब पौने सात लाख वोट मिलने से उनकी जीत का आंकड़ा और बढ़ गया था। इस बार मोदी का मुकाबला करने तीसरी बार मैदान में उतरे गठबंधन प्रत्याशी यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को लेकर लोगों की उत्सुकता सिर्फ इतनी भर है कि वह कितने वोट बटोर पाएंगे । गौरतलब है कि वर्ष 2014 और 2019 के चुनाव में अजय राय तीसरे नंबर पर रहे थे। वर्तमान में वाराणसी जिले की सभी आठ विधान सभा सीटों पर भाजपा गठबंधन का कब्जा है। भाजपा के यहां बढ़ते ग्राफ को इसी से समझा जा सकता है कि 2009 में डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने 30.5% वोट शेयर के साथ जीत हासिल की थी, जो 2014 में नरेंद्र मोदी के लिए 56.4% और 2019 में 63.6% तक पहुंच गई थी इस बार भाजपा का लक्ष्य यहां तीन चौथाई से ज्यादा वोट हासिल करने का है।

वाराणसी की सभ्यता, संस्कृति और आस्था का जिस तरह काशी विश्वनाथ मंदिर और गंगा नदी से अटूट रिश्ता है, कुछ वैसी ही पहचान अब प्रधानमंत्री मोदी ने इस शहर से जोड़ ली है। शिव भक्त होने के साथ मोदी ने खुद को बनारसी कहकर यहां के लोगों का दिल जीत लिया है। वाराणसी को मंदिरों का शहर, देश की धार्मिक राजधानी, शिव की नगरी, ज्ञान नगरी जैसे नामों से भी जाना जाता है। हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत का बनारस घराना यहीं विकसित हुआ है। संत कबीर, संत रविदास, वल्लभाचार्य, मुंशी प्रेमचंद, जयशंकर प्रसाद, आचार्य रामचंद्र शुक्ल, पंडित रवि शंकर, गिरिजा देवी, पंडित हरि प्रसाद चौरसिया और उस्ताद बिस्मिल्लाह खां जैसे नामों ने इस शहर का मान-सम्मान और बढ़ाने के साथ देश को दिशा दिखाने का भी काम किया है। वाराणसी से पहले भी कई दिग्गज जैसे उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी, भाजपा नेता डॉ. मुरली मनोहर जोशी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के बेटे अनिल शास्त्री चुनाव जीतकर संसद पहुंचे हैं। लेकिन जिस तरह काशी के लिए कहा जाता है कि यहां कण-कण में शंकर बसते हैं, उसी तरह आज कहा जा सकता है कि जन-जन में मोदी बसते हैं। 2014 में वाराणसी से नामांकन पत्र भरते समय उन्होंने कहा भी था कि न मुझे किसी ने भेजा है, न मैं यहां आया हूं...मुझे तो मां गंगा ने बुलाया है।



### पिछली बार सपा और कांग्रेस के कुल वोटों से मोदी को मिले थे दोगुने वोट

- पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा से फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से ही उतरे। उनके सामने कांग्रेस ने अजय राय और सपा ने शालिनी यादव को उतारा। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने सपा प्रत्याशी शालिनी यादव को 4,79,505 मतों से बड़े अंतर से शिकस्त दी। इस चुनाव में नरेंद्र मोदी को 6,74,664 वोट मिले। सपा उम्मीदवार शालिनी को 1,95,159 और कांग्रेस के अजय राय को 1,52,548 वोट मिले थे। शालिनी यादव अब भाजपा का दामन थाम चुकी हैं, ऐसे में इस बार सपा और कांग्रेस की तरफ से अजय राय एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुकाबला करने उतरे हैं। मोदी के विरुद्ध यह उनका तीसरा जबकि लोकसभा सीट पर चौथा चुनाव है।

### नेचर, कल्चर और एडवेंचर की त्रिवेणी बनने की तरफ बढ़े कदम

मोदी के नेतृत्व में काशी का भव्य और सामर्थ्य स्वरूप विकास की नई राह पर लगातार आगे बढ़ रहा है। योजनाओं और परियोजनाओं की सौगात ने सुविधाओं के साथ जिस तरह समृद्धि के नए द्वार खोल दिए हैं, उसे देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी का यह कथन गलत नहीं लगता कि काशी नेचर, कल्चर और एडवेंचर का संगम बनने जा रही है। आज काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, फूड स्ट्रीट और रिवर फ्रंट देखकर लोग वाह वाह कर उठते हैं। मंदिरों और घाटों तक पहुंचने वाली तंग गलियों का चौड़ीकरण किया गया है। मंडुवाडीह फ्लाईओवर, कनवेंशन सेंटर, ऊर्जा गंगा पीएनजी परियोजना, रिंग रोड, बाबतपुर-वाराणसी फोरलेन, आईपीडीएस, कबीरचौरा के पास हेरिटेज वॉक ने शहर का नक्शा बदल दिया है। राम नगर में स्थापित आईडब्ल्यूटी मल्टी मॉडल टर्मिनल के द्वारा गंगा में जल परिवहन के जरिये बनारस से हल्दिया तक मालवाहक जहाजों का आवागमन संभव हुआ है। मल्टी मोडल टर्मिनल देश में इनलैंड वाटर परिवहन का पहला प्रोजेक्ट है। इसके अलावा जल संपूर्ति योजना, खूबसूरत पार्क, चौकाघाट लहरतारा फ्लाईओवर, 140 एमएलडी एसटीपी जैसी परियोजनाएं भी विकास की नई गाथा गढ़ रही हैं।

### केजरीवाल हो गए थे फेल अजय ने जमानत गंवाई

भाजपा के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नरेंद्र मोदी के खिलाफ 2014 में आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस से अजय राय मैदान में थे। मोदी ने केजरीवाल को 3,71,784 मतों से हरा दिया। इस चुनाव में नरेंद्र मोदी को 5,81,022 वोट मिले। दूसरे स्थान पर रहे अरविंद केजरीवाल के पक्ष में 2,09,238 लोगों ने वोट किया। कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय तीसरे स्थान पर रहे, उन्हें 75,684 मिले और जमानत नहीं बच सकी। सपा और बसपा के प्रत्याशियों की भी जमानत नहीं बची। बसपा के विजय प्रकाश जायसवाल को 60,579 और सपा के कैलाश चौरसिया को 45,291 मत मिले थे। नरेंद्र मोदी 2014 में वाराणसी के साथ ही वडोदरा सीट पर भी चुनाव लड़े थे। वहां से 5,70,128 मतों से जीत मिलने के बाद भी उन्होंने प्रतिनिधित्व के लिए वाराणसी को चुना।



## कांग्रेस व भाजपा दोनों एक-एक बार लगा चुकी हैं जीत की हैट्रिक





वाराणसी सीट पर अब तक दो बार जीत की हैट्रिक लग चुकी है। यहां से 1952, 1957 और 1962 में कांग्रेस के रघुनाथ सिंह लगातार जीते थे, उनके बाद भाजपा के शंकर प्रसाद जायसवाल 1996, 1998 और 1999 में तीन लगातार जीत का परचम फहरा चुके हैं। वर्ष 1967 के लोकसभा चुनाव में पहली बार वाराणसी सीट पर गैर कांग्रेसी उम्मीदवार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के एसएन सिंह ने कांग्रेस के रघुनाथ सिंह को 18,167 मतों से हरा दिया था। हालांकि 1971 के चुनाव में फिर कांग्रेस ने वापसी की। शिक्षाविद् राजाराम शास्त्री ने कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा और जनसंघ के कमला प्रसाद सिंह को 52,941 वोट से हराया। लेकिन 1977 की जनता लहर में कांग्रेस के राजाराम शास्त्री को लोकदल के टिकट पर उतरे चंद्रशेखर ने 1,71,854 वोट से मात दे दी। 1980 के चुनाव कांग्रेस से मैदान में उतरे प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी ने जनता पार्टी के प्रत्याशी समाजवादी नेता राज नारायण के खिलाफ 24,735 मतों से जीत दर्ज की। 1984 में भी कांग्रेस सीट बरकरार रखने में सफल रही। पार्टी के प्रत्याशी श्याम लाल यादव ने कम्युनिस्ट पार्टी के ऊदल को पराजित किया, पर 1989 में कांग्रेस के हाथ से यह सीट निकल गई। जनता दल के अनिल शास्त्री ने कांग्रेस के श्याम लाल यादव को 1,71,603 वोटों से हरा दिया।

### पहली बार 1991 के चुनाव में भाजपा ने यहां खिलाया कमल

वर्ष 1991 के चुनाव में पहली बार वाराणसी सीट पर भाजपा को जीत मिली। भाजपा के शीश चंद्र दीक्षित ने माकपा के राजकिशोर को 40,439 मतों से शिकस्त दी। इसके बाद 1996 में भाजपा के शंकर प्रसाद जायसवाल ने जीत दर्ज करते हुए 1998 और 1999 में भी पार्टी की जीत का सिलसिला कायम रखा। 2004 के चुनाव में 15 साल बाद कांग्रेस ने राजेश कुमार मिश्रा की जीत के साथ यहां फिर वापसी की।



### ... जब डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने माफिया मुख्तार अंसारी को हराया

- 2009 के लोकसभा चुनाव में वाराणसी सीट के परिणाम पर देश भर की नजरें लगी थीं। उस चुनाव में भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. मुरली मनोहर जोशी के मुकाबले बसपा ने बाहुबली मुख्तार अंसारी को उतार दिया था। प्रचार अभियान से लेकर मतदान के दिन तक भारी गहमागहमी रही। लेकिन जब नतीजे आए तो करीबी मुकाबले में डॉ. जोशी जीत दर्ज करने में सफल रहे। उन्होंने मुख्तार अंसारी को चुनाव में 17,211 वोटों से हरा दिया।

# चुनाव में रोजगार का दम खम, फिर भी युवा बेदम

- पहाड़ के काम न आ सकी जवानी और यहां का पानी
- चुनावों में मुद्दा बनाकर गुमराह करना बना सभी दलों का शगल

**अल्मोड़ा संसदीय सीट**

रमेश जड़ौत, अल्मोड़ा

**अमृत विचार** : कहते हैं पहाड़ का पानी और पहाड़ की जवानी कभी यहां के काम नहीं आती। इस कहावत को चरितार्थ देश के हिमालयी रीजन के पहाड़ी जिले करते हैं। बीते 75 सालों में देश के सियासतदार और नीति नियंता इस कहावत को झुठलाने में लगातार नाकाम साबित हुए हैं। आजादी के बाद हर चुनावों में रोजगार सिर्फ एक सियासी मुद्दा बनकर रह जाता है। सियासतदार बेरोजगारी नाम की इस नाव पर पांव रख अपनी वैतरणी तो पार कर लेते हैं। लेकिन युवाओं की उम्मीदें कभी परवान चढ़ती नहीं दिखती। 2024 के चुनावों में एक बार फिर राजनैतिक दल रोजगार देने का दम खम तो भर रहे हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि इन चुनावी वायदों के बीच आज पहाड़ का युवा बेदम हो चला है।

बात अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र की करें तो आजादी के बाद अब तक यहां अब तक कुल 18 और राज्य गठन के बाद से चार लोकसभा चुनाव हो चुके हैं और हर चुनावों में दलों ने बेरोजगारी को अपनी जीत के लिए ब्रह्मास्त्र की तरह प्रयोग किया। लेकिन चुनाव जीतने के बाद पहाड़ की जवानी की फिक्र करना हर कोई भूल गया। नतीजतन पहाड़ की जवानी के पास पहाड़ के बजाय महानगरों में पसीना बहाने के अलावा कोई चारा बाकी नहीं रहा। पिछले 18 लोकसभा चुनावों के परिणामों पर नजर डालें तो यहां मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच रहा और बेरोजगारी के मुद्दे को भुनाकर कई सियासतदारों ने फर्श से अर्श तक सफर भी तय कर लिया। लेकिन नहीं बदली तो यहां के बेराजगारों की किस्मत। इस लोकसभा के चार पहाड़ी जिलों की बात करें तो यहां सिर्फ सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत बेरोजगारों की संख्या करीब एक लाख अस्सी हजार के आसपास है। जबकि हजारों युवा ऐसे भी हैं जिन्होंने कभी सेवायोजन कार्यालय में अपने आप को पंजीकृत ही नहीं कराया। बीते पांच सालों में इनमें से अगर कुछ युवाओं को रोजगार मिला भी होगा तो वह संख्या चंद युवाओं की है। बाकी युवा या तो महानगरों में रोजी रोटी के लिए संघर्ष कर रहे हैं, या फिर पहाड़ों में अस्थायी रोजगार कर जैसे-तैसे अपना जीवन यापन कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में अब जबकि चुनाव एक बार फिर दहलीज पर हैं, सत्ताधारी भाजपा बेरोजगारी दर कम होने और स्वरोजगार को बढ़ावा देने का दम भर कर मैदान में उतरी है तो कांग्रेस युवाओं को रोजगार की गारंटी का शिगूफा दिखाकर आकर्षित करने की कोशिश में है।



### बेरोजगारों का जिलेवार आंकड़ा

| | |
|---|---|
| अल्मोड़ा | 72,053 |
| बागेश्वर | 33,104 |
| पिथौरागढ़ | 56,596 |
| चंपावत | 17,838 |

(यह आंकड़े जनवरी 2024 के हैं जो सेवायोजन कार्यालयों से लिए गए हैं)

### सेना की सेवा से भी हुआ मोहभंग

उत्तराखंड प्रदेश का सेना से गहरा नाता रहा है। एक दौर वह भी था कि जब पहाड़ के अधिकांश घरों का एक सदस्य सेना में जरूर भर्ती होता था। तब पहाड़ के युवाओं के लिए सेना भर्ती रोजगार का बेहतर अवसर भी हुआ करता था। लेकिन वर्तमान दौर में सेना की सेवाओं में आई तमाम तब्दीलियों के कारण अब सेना से भी युवाओं का मोहभंग होता जा रहा है। जिस कारण रोजगार के इस जरिए से भी उम्मीदें कम होती जा रही हैं।

# टेनी के सामने हैट्रिक का मौका, साख बचाने की चुनौती

**खीरी सीट का हाल**

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार**: नदियों और जंगलों की थाती समेटे लखीमपुर खीरी की धरती पर खीरी सीट का चुनाव इस पर कुछ अलग ही है। किसान आंदोलन के बाद जिस प्रकार का माहौल केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री के खिलाफ था, उसमें उनके टिकट पर संदेह जताया जा रहा था। भाजपा नेतृत्व के उन पर तीसरी बार भरोसा जताने के बाद अब अजय मिश्र टेनी के सामने हैट्रिक की चुनौती है। इस सीट पर भाजपा और सपा में सीधी टक्कर होने की उम्मीद है। भाजपा के सामने जहां प्रतिष्ठा बचाने की चुनौती है, वहीं सपा वापसी के लिए जोर आजमाइश कर रही है।

जिले में खीरी और धौरहरा दो लोकसभा सीटें हैं। खीरी सीट पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। 2014 के बाद 2019 में भी अजय मिश्र टेनी को जीत हासिल हुई। जुलाई 2021 में मोदी मंत्रिमंडल के विस्तार में टेनी को केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री बनाया गया। मंत्री बनने के बाद तीन महीने बाद खीरी के निघासन विधानसभा क्षेत्र के तिकुनिया में हुई घटना से पूरे देश की सियासत में उबाल आ गया। कृषि कानूनों के खिलाफ किसान प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान अजय मिश्र के बेटे आशीष मिश्रा की गाड़ी से कुचलकर चार किसान मारे गए। इस पर हिंसा भड़की तो चार अन्य की मौत हो गई। इस तरह आठ लोग मारे गए। किसान संगठनों से लेकर विपक्ष ने इसे मुद्द बनाकर सियरसी बढ़त लेने की कोशिश की लेकिन 2022 में विधानसभा चुनाव में जिले की आठों सीटों पर भाजपा ने परचम लहराकर विपक्ष को तगड़ा झटका दिया। खास बात यह रही कि सबसे बड़ी जीत निघासन विधानसभा में हुई, जहां घटना घटी थी। चर्चा होती रहीं, लेकिन कोई असर नहीं हुआ और टेनी का केंद्रीय मंत्री पद भी बरकरार रहा।

**किसान आंदोलन के दौरान बेटे का नाम आने पर झेला तीखा विरोध**

### कब-कौन यहां से चुनाव जीता

| वर्ष | प्रत्याशी | पार्टी |
|---|---|---|
| 1952 | रामेश्वर प्रसाद नेवटिया | कांग्रेस |
| 1957 | कुंवर खुशवक्त राय | प्रजातांत्रिक सोशलिस्ट पार्टी |
| 1962 | बालगोविंद वर्मा | कांग्रेस |
| 1967 | बालगोविंद वर्मा | कांग्रेस |
| 1971 | बालगोविंद वर्मा | कांग्रेस |
| 1977 | सूरत बहादुर शाह | भारतीय लोकदल |
| 1980 | बालगोविंद वर्मा | कांग्रेस |
| 1984 | ऊषा वर्मा | कांग्रेस |
| 1989 | ऊषा वर्मा | कांग्रेस |
| 1991 | गेंदन लाल कनौजिया | भाजपा |
| 1996 | गेंदनलाल कनौजिया | भाजपा |
| 1998 | रवि प्रकाश वर्मा | सपा |
| 1999 | रवि प्रकाश वर्मा | सपा |
| 2004 | रवि प्रकाश वर्मा | सपा |
| 2009 | जफ़र अली नकवी | कांग्रेस |
| 2014 | अजय मिश्र टेनी | भाजपा |
| 2019 | अजय मिश्र टेनी | भाजपा |


अजय मिश्र टेनी, भाजपा।

### लोकसभा चुनाव 2014 का परिणाम

| प्रत्याशी | पार्टी | वोट मिले |
|---|---|---|
| अजय मिश्र टेनी | भाजपा | 3,98,578 |
| अरविंद गिरि | बसपा | 2,88,304 |
| जफर अली नकवी | कांग्रेस | 1,83,940 |
| रवि प्रकाश वर्मा | सपा | 1,60,112 |

### लोकसभा चुनाव 2019 का परिणाम

| प्रत्याशी | पार्टी | वोट मिले |
|---|---|---|
| अजय मिश्र टेनी | भाजपा | 6,09,589 |
| पूर्वी वर्मा | सपा | 3,90,782 |
| जफर अली नकवी | कांग्रेस | 92,155 |

### खीरी लोकसभा में मतदाताओं का विवरण

| वि.स. क्षेत्र | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर | कुल |
|---|---|---|---|---|
| पलिया | 1,93,321 | 1,73,018 | 04 | 3,663,43 |
| निघासन | 1,88,373 | 1,62,933 | 0 | 3,51,306 |
| गोला गोकर्णनाथ | 2,11,418 | 1,90,917 | 24 | 4,02,359 |
| श्रीनगर | 1,73,998 | 1,52,150 | 04 | 3,26,152 |
| लखीमपुर | 2,20,534 | 1,95,765 | 10 | 4,16,309 |
| कुल | 9,87,644 | 8,74,783 | 42 | 18,62,469 |

### नौ बार रहा कब्जा, लेकिन पहली बार मैदान से बाहर वर्मा परिवार

1962 से लेकर 2019 तक हर लोकसभा चुनाव में खीरी सीट पर वर्मा परिवार मैदान में रहा। 2009 से पहले तक नौ बार इस परिवार का कब्जा रहा। आजादी के बाद यहां से वरिष्ठ नेता बाल गोविंद वर्मा लंबे समय तक कांग्रेस के सांसद रहे। उन्होंने हैट्रिक भी लगाई। जनता ने उन्हें चार पर चुना। उनके निधन के बाद उनकी पत्नी ऊषा वर्मा लगातार दो बार सांसद रहीं। उनके बाद उनके बेटे रवि प्रकाश वर्मा ने सपा का दामन थामा और हैट्रिक लगाई। 2019 में रवि प्रकाश वर्मा की बेटी डॉ. पूर्वी वर्मा को सपा-बसपा गठबंधन का प्रत्याशी बनाया लेकिन वे हार गईं। इस बार वह कांग्रेस से टिकट मांग रहीं थीं, लेकिन गठबंधन के कारण सपा को यह सीट मिली। बहरहाल, 62 साल में पहली बार वर्मा परिवार चुनावी लड़ाई के बाहर रहेगा।

**कल्पनाथ की तलाश** सपा ने दोबारा राजीव राय तो सुभासपा प्रमुख ने अपने बेटे अरविंद राजभर को मैदान में उतारा

# घोसी में बसपा के दांव पर टिके दोनों गठबंधन के भाव

विनय जायसवाल, मऊ

**अमृत विचार**। बुनकरों की नगरी मऊनाथ भंजन के मतदाता एक बार फिर घोसी संसदीय सीट से अपने रहनुमा का चुनाव करने को तैयार हैं। औद्योगिक नगरी के रूप में पूरे भारत में पहचान रखने वाले मऊ नगर के मतदाताओं को कल्पनाथ राय जैसे सांसद की तलाश है जो न सिर्फ उनके यहां विकास की गंगा बहा सके बल्कि उनके सुख- दुख का साथी बन सके। हर चुनाव में घोसी सीट के सभी दलों के उम्मीदवार कल्पनाथ राय जैसा विकास कराने की बात तो करते हैं पर जीतने के बाद वे मतदाताओं की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरते। इस बार बसपा अभी तक अपने उम्मीदवार का नाम तय नहीं कर सकी है तो भाजपा ने यह सीट अपनी सहयोगी दल सुभासपा को दी है। इंडिया गठबंधन में सपा ने यहां से राजीव राय को दूसरी बार मैदान में उतारा है। अब मतदाताओं के साथ ही सपा-कांग्रेस और भाजपा-सुभासपा को भी बसपा प्रमुख मायावती के निर्णय का इंतजार है। बसपा के उम्मीदवार को देखकर ही ये पार्टियां अपनी रणनीति तय करेंगी।

पांच विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर घोसी संसदीय क्षेत्र बना है। पूर्व के चुनावों में बाहुबली मुख्तार अंसारी का अच्छा खासा दखल यहां के चुनावों में हुआ करता था। मुस्लिम मतदाताओं को मुख्तार के फरमान का इंतजार रहता था। अब मुख्तार जेल में है। ऐसे में उसकी दखलंदाजी न के बराबर होगी। लेकिन यह साफ है कि जो दल भाजपा- सुभासपा के उम्मीदवार को हराने की स्थिति में होगा मुस्लिम मतदाता उसी के साथ जाएंगे चाहे वह सपा का उम्मीदवार हो या बसपा का। ऐसे में सपा और भाजपा से ज्यादा यहां के मुस्लिम मतदाताओं की निगाह बसपा के कदम पर लगी हुई है। 2014 की नरेंद्र मोदी लहर में भाजपा के हरिनारायण राजभर यहां से चुनाव जीतने में कामयाब रहे थे लेकिन पांच साल बाद जब 2019 में चुनाव हुए तो उन्हें बसपा के अतुल राय ने 1,22,568 वोटों से पटखनी दे दी। 2014 से पहले भाजपा इस सीट पर कभी नहीं जीती थी। इस चुनाव में जीत की वजह थी मुख्तार अंसारी का कौमी एकता दल से मैदान में उतरना। परिणाम यह हुआ कि यहां मुस्लिम वोट बड़े पैमाने पर मुख्तार के साथ गया और वह तीसरे स्थान पर रहा। बसपा के दारा सिंह चौहान को हराकर हरिनारायण राजभर सांसद बने थे, लेकिन 2019 में मुख्तार बसपा के साथ आए और नतीजा बसपा की जीत के रूप में सामने आया। इस सीट पर मुस्लिम मतदाताओं की तरह ही राजभर मतदाताओं की भूमिका भी अहम रहती है। यही वजह है कि सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर ने इस सीट से अपने बेटे अरविंद राजभर को मैदान में उतारा है। कयास लगाए जा रहे हैं कि बसपा यहां से किसी मुस्लिम चेहरे पर ही दांव लगा सकती है।

### भाकपा पांच बार, कांग्रेस चार बार, बसपा तीन मर्तबा जीती

इस संसदीय सीट पार भाकपा के उम्मीदवार पांच बार जीते तो कांग्रेस ने चार बार जीत दर्ज की है। सपा और भाजपा को एक- एक बार जीत मिली तो बसपा तीन बार यहां से अपने उम्मीदवार को संसद भेजने में कामयाब रही है।

### कल्पनाथ राय की वजह से सुर्खियों में रही सीट

एक दौर था जब यह सीट पूर्व केंद्रीय मंत्री कल्पनाथ राय की वजह से सुर्खियों में आई। वे तीन बार कांग्रेस से राज्यसभा के सदस्य भी रहे। 1989 में कल्पनाथ राय इस सीट से सांसद बने थे। इसके बाद जब 1991 में चुनाव हुआ तो वे फिर कांग्रेस के सिंबल से मैदान में उतरे और जीते। लेकिन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंहा राव के शासन में उन पर राज्यमंत्री के रूप में उन पर चीनी घोटाले का आरोप लगा और वे जेल गए। कांग्रेस से टिकट नहीं मिला तो वे 1996 में निर्दलीय मैदान में उतर गए। कल्पनाथ भारी मतों से जीते और कांग्रेस की इस सीट पर दुर्गति हो गई। इसके बाद वे समता पार्टी में शामिल हुए और पुनः 1998 में संसद पहुंचे। कल्पनाथ राय को मऊ जिले में विकास पुरुष के रूप में जाना जाता है और आज भी यहां के मतदाताओं को उनके वास्तविक उत्तराधिकारी की तलाश है जो विकास कर सके।

### संदेशखाली का संदेश


ये हैं पश्चिम बंगाल के उत्तर चौबीस परगना जिला की बशीरहाट लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की प्रत्याशी रेखा पात्रा। यह संदेशखाली घटना की प्रमुख पीड़ितों में शामिल हैं। रेखा जब प्रचार में निकलीं तो लोगों का समर्थन पाकर भावुक हो उठीं।

## चुनाव कमाल का

- लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है।इस दौरान यदि आप 50 हजार से अधिक धनराशि अपने साथ ले जाना चाहते चाहते हैं तो आपको बैंक साक्ष्य दिखाना पड़ेगा। यह सीमा अधिकतम दस लाख तक होगी। नकदी का स्रोत व प्रमाण पत्र न प्रस्तुत कर पाने की दशा में यह धनराशि जब्त की जा सकती है।आम लोगों और व्यापारियों को कैश ले जाने के कुछ रिकॉर्ड साथ में जरूर रखने चाहिए। जैसे कि ये पैसा किस लिए ले जाया जा रहा है और इसका सोर्स क्या है।इसके अलावा बड़े डिजिटल ट्रांजेक्शन पर भी नजर रखी जाती है। चुनाव आयोग के निर्देश पर किसी भी यूपीआई आधारित पेमेंट ऐप से रोजाना पचास हजार रुपये तक का ट्रांजेक्शन हो सकता है।

# अटल सीट पर जीत का अंतर बढ़ाने की 'अटल' कोशिश

**2014** में भाजपा प्रत्याशी को 5 लाख 61 हजार 106 मत और 2019 में मिले थे 6 लाख 33 हजार 26 मत

**लखनऊ संसदीय सीट से भाजपा ने राजनाथ सिंह को बनाया है उम्मीदवार**

**स्वास्थ्य शिविर, रोजगार मेला, विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत योजनाओं का लाभ दिला हर वर्ग के लोगों तक पहुंचने का किया प्रयास**

राजीव शुक्ला, लखनऊ





**अमृत विचार:** यूं तो भारतीय जनता पार्टी के बारे में कहा जाता है कि मौजूदा नेतृत्व हर वक्त चुनावी मोड में रहता है। ऐसे में जब चुनावी दुंदुभी बज चुकी हो तो भाजपा अन्य दलों से कहां पिछड़ने वाली है।

चाहे वह तैयारियां हों या फिर पार्टी कार्यक्रम अथवा जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने की बात। जहां विपक्ष अभी टिकट बंटवारे के पेच में उलझा हुआ है, वहीं भाजपा विपक्षी दलों से कहीं आगे निकलती दिख रही है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ के संसदीय क्षेत्र को ही ले लीजिए।

देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की सीट। यहां पिछले वर्ष से ही भाजपा ने लोगों के बीच पैठ बढ़ा लोकसभा का रास्ता आसान करने की दिशा में जमीन पर अपना काम शुरू कर दिया था। यह जानते हुए भी कि मतदाताओं का स्नेह इस ''अटल'' सीट पर हमेशा जीत के ''अटल विश्वास'' पर कायम रहा है। बावजूद इसके पार्टी कार्यकर्ता जीत के इस अंतर को रिकार्ड की ओर ले जाना चाहते हैं। इसकी तैयारियां पिछले वर्ष से ही भाजपा ने शुरू कर दी थीं। मतदाता बढ़ाए जाने के चुनावी अभियान का श्रीगणेश तो किया ही पार्टी नेताओं ने लोगों के घरों तक पहुंचना भी शुरू कर दिया। भले की बहाना मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फार्म भरवाने का हो। प्रक्रिया पूरी हुई तो घरों तक इसकी जानकारी पहुंचाने में भी किसी तरह की कोताही नहीं बरती।

### लक्ष्य छूते रहे, योजनाओं को घर-घर तक पहुंचा बढ़ते रहे आगे

यही नहीं केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान किया। भाजपाइयों को जिले में दो लाख लोगों को ''नमो एप'' से जोड़ने का लक्ष्य दिया गया। लक्ष्य मिलने के साथ ही महानगर इकाई सक्रिय हुई। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की टीम जीत के अंतर को बढ़ाने के मैदान में उतर पड़ी। लक्ष्य छुआ तो ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' में प्रदेश में ''पहला स्थान'' प्राप्त किया। मन की बात के प्रचार-प्रसार की बात आई तो दूसरा स्थान हासिल कर न केवल राजधानी की बल्कि प्रदेश की धमक भी बनाए रखी। फिर शुरू हुआ विधानसभा में ''प्रवास कार्यक्रमों'' का सिलसिला। लोगों के बीच बैठक कर उनकी समस्याएं जानीं और सुलझाने में लगे। इसका स्पष्ट आंकड़ा तो नहीं है लेकिन इन प्रयासों से जनता के बीच ''भरोसा'' बनाने में पार्टी सफल रही। विभिन्न अस्पतालों के सहयोग से ''स्वास्थ्य शिविर'' आयोजित किए गए। चुनाव की तिथियां घोषित होने से पहले लखनऊ ''विश्वविद्यालय'' में ''रोजगार मेले'' का आयोजन कर युवाओं को भी जोड़ने का सीधा प्रयास किया। माना जा रहा है कि चुनावी रणनीति के तहत ही भाजपा ने समाज के हर वर्ग से सीधे जुड़ने का प्रयास किया। 20 मई को लखनऊ संसदीय सीट पर मतदान होना है और चार जून को चुनाव परिणाम आएंगे। फिलहाल भाजपाइयों की मेहनत क्या रंग लाई यह तो आने वाला परिणाम ही बताएगा कि लखनऊ संसदीय सीट से प्रत्याशी राजनाथ सिंह के जीत का अंतर और मत प्रतिशत कितना बढ़ा।

**तैयारी जीत की : वीआईपी सीट लखनऊ**

**2019 के चुनाव में लखनऊ संसदीय सीट पर प्रत्याशियों को मिले मत**

| प्रत्याशी | पार्टी | मिले मत |
|---|---|---|
| राजनाथ सिंह | भाजपा | 633026 |
| पूनम सिन्हा | सपा | 285274 |
| आचार्य प्रमोद कृष्णम | कांग्रेस | 180011 |

**वर्ष 2014 के चुनाव में लखनऊ संसदीय सीट पर प्रत्याशियों को मिले मत**

| प्रत्याशी | पार्टी | मिले मत |
|---|---|---|
| राजनाथ सिंह | भाजपा | 561106 |
| अभिषेक मिश्रा | सपा | 56771 |
| रीता बहुगुणा जोशी | कांग्रेस | 288357 |
| नकुल दुबे | बसपा | 64449 |
| सैय्यद जावेद अहमद जाफरी | आप | 41429 |

### मेरठ से भावनात्मक है मेरा रिश्ता : अरुण गोविल



अभिनेता अरुण गोविल

**मेरठ।** दूरदर्शन पर प्रसारित हुए लोकप्रिय धारावाहिक 'रामायण' में भगवान राम की भूमिका निभाने वाले मेरठ से भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल ने इस शहर के साथ अपने भावनात्मक संबंधों को जाहिर करते हुए बुधवार को कहा कि उनका जन्म मेरठ में हुआ था। उनके जीवन के शुरुआती 17 साल इसी शहर में बीते। गोविल ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, ''मैं यहीं (मेरठ में) पैदा हुआ था। मैंने अपना बचपन यहीं बिताया। मेरे जीवन के पहले 17 साल इसी शहर में बीते। मैंने मेरठ में पढ़ाई की। मैं सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल का छात्र था। उसके बाद मैंने सरकारी इंटर कॉलेज में दाखिला लिया।" इस सवाल पर कि अगर वह मेरठ से लोकसभा चुनाव जीत गये तो क्या यहां की जनता को उनके फिर से दर्शन होंगे, गोविल ने कहा कि ''यह तो समय ही बताएगा।'' हालांकि उन्होंने यह भी कहा, ''मैंने अपने जीवन में कभी ऐसा कुछ नहीं किया, जिसके लिए कोई मुझे दोषी ठहरा सके। आज तक मैंने जो भी किया, जो भी करता रहा, वह सेवा का ही एक रूप था। अब यह लोगों की सेवा का ही एक और रूप होगा।'' राम मंदिर से जुड़े एक सवाल के जवाब में गोविल ने कहा कि रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के बाद आज पूरा देश और दुनिया राममय हो गई है। एक अन्य सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इतना काम किया है कि कोई उनका मुकाबला नहीं कर सकता। गोविल मंगलवार शाम को मेरठ पहुंचे और स्थानीय पार्टी नेताओं एवं भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय के पदाधिकारियों से मुलाकात की। गोविल पार्टी पदाधिकारियों के साथ औघड़नाथ मंदिर भी गए, जहां उन्होंने भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया। गोविल ने कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत द्वारा अभिनेत्री कंगना रनौत पर की गई कथित टिप्पणी पर कुछ कहने से इनकार कर दिया, और कहा कि "उनकी बात मेरे से मत पूछिये, उनकी बात उनसे ही पूछिये।

### 'एम-वाई' फैक्टर से जीतेंगे उप्र की सभी सीटें : रवि किशन



सांसद रवि किशन

**गोरखपुर।** गोरखपुर से भारतीय जनता पार्टी के सांसद रवि किशन ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी "एम-वाई" फैक्टर की मदद से प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतेगी। उत्तर प्रदेश की राजनीतिक भाषा में 'एम-वाई' फैक्टर का तात्पर्य मुस्लिम और यादव समुदाय से है, जिन्हें पारंपरिक तौर पर गैर-भाजपा मतदाता माना जाता है। रवि किशन ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा, "लोग मुझसे एम-वाई फैक्टर के बारे में कहते हैं कि वे भाजपा को वोट नहीं देंगे। देश में एक बहुत प्रमुख 'एम-वाई' फैक्टर है, जिसके बारे में आप नहीं जानते हैं, और वह है मोदी-योगी फैक्टर। यह 'एम वाई' फैक्टर राज्य की सभी 80 सीटों पर जीत सुनिश्चित करेगा। भारतीय जनता पार्टी ने रवि किशन को एक बार फिर गोरखपुर से लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, "हमारी नीतियों से हर समुदाय के लोगों को लाभ हुआ है। इसे असली राम राज्य कहा जाता है। आप सभी ध्यान दें कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है, प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे, राजग गठबंधन देश में 400 सीटें और उप्र में सभी 80 सीटें जीतेगा।

# जितिन प्रसाद, संजीव बालियान व आजम की प्रतिष्ठा दांव पर

**भाजपा सांसदों की हैट्रिक तय करेगी पीएम मोदी की तीसरी ताजपोशी**

**मुरादाबाद व रामपुर में जेल से ही आजम ने दिखाई पार्टी को ताकत**

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ









**लोकसभा चुनाव का पहला चरण**

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण की आठ सीटों पर नामांकन के आखिरी दिन प्रत्याशियों की तस्वीर साफ हो गई है। भाजपा से केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ संजीव बालियान और प्रदेश के कैबिनेट जितिन प्रसाद की प्रतिष्ठा दांव पर है।

साथ ही जेल से ही आजम खान ने ऐसा दांव चला कि मुरादाबाद और रामपुर में आजम ने सपा में अपनी हैसियत का एहसास करा दिया।

#### मुजफ्फरनगर: बालियान की हैट्रिक अहम

मुजफ्फरनगर से लगातार दो बार सांसद रहने और दोनों बार मंत्री पद की जिम्मेदारी संभालने वाले डॉ संजीव बालियान को इस बार पीएम मोदी की तीसरी ताजपोशी के लिए खुद हैट्रिक लगानी होगी। पश्चिम उत्तर प्रदेश की मुजफ्फरनगर सीट जाट बेल्ट में आती है। 2013 के दंगों ने यहां भाजपा को क्लीन स्वीप का मौका दिया। इसबार भाजपा के साथ रालोद के आ जाने से मुख्य टक्कर सपा के हरेंद्र सिंह मलिक से मिलने वाली है। हालांकि बसपा के दारा सिंह प्रजापति भी कुछ कम नहीं हैं।

#### सहारनपुर: इंडिया-बसपा की लड़ाई में भाजपा को राघव पर भरोसा



बसपा के कब्जे से सहारनपुर सीट हासिल करने के लिए भाजपा ने लगातार तीसरी बार राघव लाल शर्मा पर भरोसा जताया है। राघव लाल पहली बार 2014 में भाजपा के टिकट पर यहीं से सांसद बने थे। जिन्हें 2019 में सपा-बसपा गठबंधन में बसपा के हाजी फजलुर्रहमान हराया। इसबार हालात थोड़े बदले हुए हैं, सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने बसपा का दामन छोड़ दिया है, इसलिए बसपा ने माजिद अली को यहां से प्रत्याशी बनाया है। जबकि इंडिया गठबंधन से सीट कांग्रेस के खाते में जाने से इमरान मसूद तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। आज तक उनको जीत का स्वाद नहीं मिला है। भाजपा को यहां कांग्रेस व बसपा की मुस्लिम वोटों की लड़ाई में राघव पर भरोसा है।

#### मुरादाबाद: इतिहास दोहराएंगे सर्वेश या सपा बचा लेगी सीट

भाजपा के लिए चुनौतियों से भरपूर मुरादाबाद सीट मुस्लिम बहुल होने के नाते सपा और कांग्रेस के प्रत्याशी ही जीतते आए हैं। हालांकि 2014 में भाजपा के सर्वेश सिंह ने सभी समीकरण तोड़ते हुए जीत दर्ज की थी। मगर, 2019 में उनको हार का सामना करना पड़ा। इस बार भाजपा ने फिर से सर्वेश पर भरोसा जताया है। सपा से सोमवार को नामांकन करने वाले सांसद डॉ. एसटी हसन को बुधवार रामपुर जान के लिए कहा गया, लेकिन वहां मोहिबुल्लाह नदवी के पक्ष में प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम चार्टर प्लेन से अधिकृत फार्म लेकर पहुंचे और नामांकन कराया। रुचि वीरा ने मुरादाबाद से बतौर सपा प्रत्याशी दावा करते हुए नामांकन किया। अब डॉ. हसन कहते हैं कि उन्हें बी फॉर्म मिल गया है। टिकट काटे जाने की पार्टी की तरफ से अधिकृत जानकारी नहीं दी गई है। उधर, बसपा ने मुहम्मद इरफान सैफी को उताकर मुकाबला को रोचक बना दिया है। सपा का अंतरविरोध और बसपा की लड़ाई में वोटों का बंटवारा हुआ तो भाजपा की राह आसान हो सकती है।

#### कैराना सीट: बनेंगे नए रिकार्ड या बचेगी साख

कभी कैराना पलायन के मुद्दे पर देशभर में गरमाया हुआ था, लेकिन योगी सरकार में यहां गुंडई बीते दिनों की बात हो गई है। इस सीट पर भाजपा के प्रदीप चौधरी सांसद हैं। उनके सामने लगातार दो बार भाजपा सांसद रहे हरपाल सिंह के रिकॉर्ड की बराबरी करने की तो सपा की इकरा हसन के सामने विरासत को आगे बढ़ाने की चुनौती है। जबकि पहली बार चुनाव लड़ रहे बसपा के श्रीपाल सिंह राणा के सामने अपनी साख बचाना चुनौती होगी।

#### बिजनौर सीट: मिशन- 80 में रालोद को दिखाना होगा दम

इस सीट पर 2009 व 2014 में असफल रहे बसपा के मलूक नागर सांसद हैं। लेकिन इसबार मैदान में नहीं उतरे, उनकी जगह बसपा ने विजेंद्र सिंह पर दांव लगाया है। नागर एक बिजनेसमैन हैं, अक्टूबर 2020 में उनकी रियल एस्टेट से जुड़ी समूह कंपनियों और उनके सहयोगियों के खिलाफ आयकर छापे मारे गए थे। लोकसभा अध्यक्ष रहीं मीरा कुमार और मुख्यमंत्री रहीं मायावती भी इस सीट का एक-एक बार प्रतिनिधित्व कर चुकी है। इसबार भाजपा गठबंधन से रालोद प्रत्याशी चंदन चौहान मैदान में हैं। सपा ने दीपक सैनी को उतारा है। यहां रालोद को दिखाना होगा कि मिशन : 80 में उसका कितना दम है।

#### रामपुर सीट: अखिलेश पर दबाव बनाकर आजम ने साधे कई निशाने



ब्रिटिश साम्राज्य के दौरान सितंबर 1774 में रामपुर रियासत का उदय हुआ। यहां पर 1949 तक कुल 10 नवाबों ने शासन किया है। देश की आजादी के बाद 1952 में हुए आम चुनाव में देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद यहीं से चुनकर संसद तक पहुंचे थे। यहां नवाब खानदान के अलावा भाजपा के मुस्लिम चेहरे मुख्तार अब्बास नकवी, अभिनेत्री जयाप्रदा और सपा के फायर ब्रांड नेता आजम खान जीत हासिल कर चुके हैं। भाजपा ने सपा नेता आजम खान की गढ़ बन चुकी रामपुर सीट को उपचुनाव में घनश्याम सिंह लोधी को खड़ा करके फतह किया था। उन्हें फिर मैदान में उतारकर चुनौती पेश की है। मौजूदा दौर में आजम खान, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम और पत्नी तजीन फात्मा जेल में हैं और चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित भी है। फिर भी आजम ने सीतापुर जेल से दबदबा दिखाते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर दबाव बनाकर एक तीर से कई निशाने साधे। रामपुर लोकसभा सीट से स्वार क्षेत्र के रजा नगर निवासी व दिल्ली पार्लियामेंट स्ट्रीट की जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी सपा के अधिकृत प्रत्याशी बन गए।

#### पीलीभीत सीट: जितिन प्रसाद की प्रतिष्ठा दांव पर



पीलीभीत लोकसभा सीट पर मतदाताओं की संख्या 18 लाख से ज्यादा है। भाजपा ने इसबार सांसद वरुण गांधी का टिकट काटकर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को उतारा है। यहां करीब 5 लाख मुसलमान और दो लाख कुर्मी निर्णायक माने जाते हैं, लेकिन गांधी परिवार की बहू मेनका गांधी ने जबसे कुर्मी बिरादरी के भानु प्रताप को हराया, तबसे लगातार जीतती आ रही भाजपा ने इसे हाट सीट बना दिया। मेनका गांधी के बाद उनके बेटे वरुण गांधी यहां से जीते। इसबार सपा ने कुर्मी बिरादरी के भगवत शरण गंगवार को उतारकर जितिन प्रसाद को कड़ी चुनौती पेश की है। बसपा के अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू सपा की रणनीति में सेंधमारी करते दिख रहे हैं।

#### नगीना सीट: बदलते मिजाज में जातीय समीकरण हावी

नगीना लोकसभा सीट परिसीमन के दौरान वर्ष 2009 में गठित हुई थी। तबसे वोटरों के मिजाज को अभी तक कोई समझ नहीं पाया है। यहां न मोदी मैजिक काम आता दिखा हैं, न राष्ट्रीय राजनीति के मुद्दे। अब तक हुए तीन लोकसभा चुनाव में मतदाताओं ने हर बार अलग-अलग पार्टी के प्रत्याशी को जीत दिलाई है। जातीय समीकरणों से अबतक भाजपा, सपा और बसपा एक-एक बार जीत दर्ज कर चुकी है। यह सीट इसबार इसलिए खास है क्योंकि चर्चित दलित नेता चंद्रशेखर यहां से अपनी सियासी जमीन की तलाशने पहली बार चुनावी मैदान में हैं। भाजपा ने ओम कुमार, तो सपा ने मनोज कुमार को अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं, बसपा ने सुरेंद्र सिंह मेनवाल को अपना प्रत्याशी बनाया है।

**सांसद बृजभूषण शरण सिंह के टिकट पर टिकी राजनीतिक दलों की निगाहें**

# भाजपा प्रत्याशी के इंतजार में सपा-बसपा में खामोशी

उमानाथ तिवारी, गोंडा

**अमृत विचार:** कैसरगंज से बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह का इंतजार बढ़ता ही जा रहा है। पार्टी से उनके टिकट को लेकर अभी सस्पेंस बरकरार है। इस सस्पेंस ने कैसरगंज सीट को प्रदेश की सबसे हॉट सीट की कतार में लाकर खड़ा कर दिया है। भाजपा प्रत्याशी का ऐलान न होने से विरोधी पार्टियों ने भी अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं। समाजवादी पार्टी व बहुजन समाज पार्टी ने प्रत्याशी चयन को लेकर खामोशी ओढ़ रखी है। माना जा रहा है कि सपा व बसपा की दावेदारी भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चयन पर निर्भर है। इसलिए दोनों ही पार्टियां अपना प्रत्याशी घोषित करने से परहेज कर रही हैं। पार्टियों की यह खामोशी चुनाव लड़ने वाले दावेदारों के साथ साथ उनके समर्थकों की धड़कनें बढ़ा रही है।

कैसरगंज लोकसभा सीट से बृजभूषण शरण सिंह भारतीय जनता पार्टी से मौजूदा सांसद हैं। बृजभूषण शरण सिंह पार्टी के कद्दावर नेता हैं। अलग अलग सीटों से छह बार सांसद चुने जा चुके हैं। वर्ष 1999 से वह एक भी चुनाव नहीं हारे हैं और पिछले दो चुनावों में वह कैसरगंज से जीत हासिल कर चुके हैं, लेकिन इस लंबे राजनैतिक जीवन के बावजूद इस बार उनकी दावेदारी संकट में है। पार्टी ने अभी तक उनकी दावेदारी का ऐलान नहीं किया है। राजनैतिक हलकों में चर्चा है कि इस बार उनका टिकट कट सकता है। इसके पीछे महिला पहलवानों की तरफ से लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोप और उनका बड़बोलापन माना जा रहा है। पार्टी के अंदर खाने में यह चर्चा है कि अगर बृजभूषण शरण सिंह को भाजपा टिकट देती है तो इससे महिलाएं नाराज हो सकती हैं।

महिला शक्ति के दम पर चुनाव लड़ रही पार्टी इस आधी आबादी को नाराज नहीं करना चाहती। इसके अलावा समय समय पर उनके तरफ से दिए गए विवादास्पद बयान भी टिकट में बाधा बने हैं। इधर भाजपा प्रत्याशी का ऐलान न होने से सपा व बसपा भी खामोश बैठी हैं। दोनों पार्टियां भाजपा उम्मीदवार का इंतजार कर रही हैं। अगर भाजपा अपने मौजूदा सांसद को टिकट नहीं देती और उनके स्थान पर किसी नए चेहरे को चुनाव मैदान में उतारती है तो सपा बृजभूषण शरण सिंह को मौका दे सकती है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव इस बात को एक प्रेस कांफ्रेंस में कह भी चुके हैं। हालांकि सांसद बृजभूषण शरण सिंह की तरफ से इस संबंध में कुछ नहीं कहा गया है। वह भाजपा से अपनी दावेदारी को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त हैं। अपने समर्थकों के साथ लगातार क्षेत्र भ्रमण कर रहे हैं, बावजूद इसके सपा और बसपा वेट एंड वॉच की स्थिति में है और वह बीजेपी उम्मीदवार का इंतजार कर रही हैं।



बृजभूषण शरण सिंह, सांसद -कैसरगंज

### प्रत्याशी नदारद, जनता के बीच हो रही चुनावी चकल्लस

**अमृत विचार :** सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा के साथ साथ समाजवादी पार्टी व बहुजन समाज पार्टी ने भले ही अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं लेकिन कैसरगंज की जनता के बीच चुनावी चकल्लस चरम पर है। हर कोई मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के राजनैतिक भविष्य पर चर्चा करता दिखाई दे रहा है। चौक चौराहों पर उम्मीदवार की ही चर्चा है। भाजपा किसे टिकट दे रही है तो सपा से उम्मीदवार कौन होगा इस पर आम जनता भी बहस कर रही है। करनैलगंज के रहने वाले राम सुरेमन का कहना है कि जो भी उन्हे पार्टी से कोई मतलब नहीं है। प्रत्याशी ईमानदार और साफ स्वच्छ छवि कि होना चाहिए ताकि वह आम लोग उससे आसानी से मिल सकें और क्षेत्र का विकास हो। वहीं परसपुर के बृजमन सिंह का कहना है कि अब सभी दलों को अपना पत्ता खोल देना चाहिए। देरी से उम्मीदवारों को नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**वीआईपी सीट कैसरगंज**

**कैसरगंज लोकसभा सीट पर मतदाताओं की संख्या**

| विधानसभा | कुल मतदाता | महिला | पुरुष | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| पयागपुर | 387399 | 204829 | 18254 | 16 |
| कैसरगंज | 389690 | 206010 | 183676 | 04 |
| कटरा बाजार | 396936 | 211098 | 185825 | 13 |
| कर्नलगंज | 334203 | 177854 | 156327 | 22 |
| तरबगंज | 371773 | 198148 | 173607 | 18 |
| योग- | 1880001 | 997939 | 881989 | 73 |

**कैसरगंज से कब कौन बना सांसद**

| | | |
|---|---|---|
| 1952 | शकुंतला नायर | भारतीय जन संघ |
| 1957 | भगवान दीन मिश्रा | कांग्रेस |
| 1952 | शकुंतला नायर | भारतीय जन संघ |
| 1957 | भगवान दीन मिश्रा | कांग्रेस |
| 1962 | बसंत कुंवरि | स्वतंत्र |
| 1967 | शकुंतला नायर | भारतीय जन संघ |
| 1971 | शकुंतला नायर | भारतीय जनसंघ |
| 1977 | रुद्रसेन चौधरी | जनता पार्टी |
| 1980 | राणा वीर सिंह | कांग्रेस |
| 1984 | राणा वीर सिंह | कांग्रेस |
| 1989 | रुद्रसेन चौधरी | भाजपा |
| 1991 | एलएनमणि त्रिपाठी | भाजपा |
| 1996 | बेनी प्रसाद वर्मा | सपा |
| 1998 | बेनी प्रसाद वर्मा | सपा |
| 1999 | बेनी प्रसाद वर्मा | सपा |
| 2004 | बेनी प्रसाद वर्मा | सपा |
| 2009 | बृजभूषण शरण सिंह | सपा |
| 2014 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |
| 2019 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |

# वोट कैसे डालें, बताएगी वोटर गाइड

**प्रत्येक परिवार को बीएलओ कराएंगे उपलब्ध, निर्वाचन आयोग करा रहा मुहैया**

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में मतदाता पर्ची के साथ हर घर पर एक वोटर गाइड भी दी जाएगी। यह बीएलओ हर घर तक पहुंचाएगा। इस वोटर गाइड में बताया गया है कि वोट कैसे डालें। इस बार जिला प्रशासन को यह वोटर गाइड सीधे निर्वाचन आयोग से मिलेगी। अभी तक इस गाइड को स्थानीय स्तर पर छपवाया जाता था। इस गाइड के साथ ही मतदाता पर्ची भी घरों तक पहुंचेगी।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव 2024 में प्रत्येक परिवार के लिए मतदाता मार्गदर्शिका (वोटर गाइड) तैयार की है। मतदाता मार्गदर्शिका मतदान से पहले प्रत्येक परिवारों को घर-घर जाकर बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के माध्यम से वितरित की जाएगी। मतदाता मार्गदर्शिका (वोटर गाइड) का वितरण मतदाता शिक्षा और निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) की दृष्टि से मतदाताओं को जागरूक करने और निर्वाचन प्रक्रिया से भलीभांति अवगत कराने के लिए किया जाएगा। मतदाता मार्गदर्शिका (वोटर गाइड) में 'मतदान कैसे करें' व मतदान के लिए 'अनुमोदित पहचान अभिलेख' क्या होंगे, इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही वोटर गाइड में ईवीएम और वीवी पैट का उपयोग करते हुए वोट देने की प्रक्रिया भी बताई जाएगी तथा मतदान केंद्र के आसपास व मतदान के दौरान 'क्या करें' और 'क्या न करें' के संबंध में मतदाताओं को जानकारी मिलेगी। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील पांडेय ने बताया कि वोटर गाइड सीधे आयोग से छपकर आ रही है। उन्होंने बताया कि अब इसे प्रति परिवार मतदाता पर्ची के साथ वितरित कराया जाएगा जिससे लोगों को इसकी मदद मिल सके।

### मतदान केंद्र पर आधारभूत सुविधा बताई जाएंगी

मतदाता मार्गदर्शिका के माध्यम से मतदान केंद्रों पर उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं की जानकारी भी मतदाताओं को दी जाएगी। मतदाता मार्गदर्शिका में मतदाता की जानकारी के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट एवं हेल्पलाइन के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण नंबर व पोर्टल की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। मतदाता सूची में अपना नाम ढूंढने तथा अपना पोलिंग स्टेशन पहुंचाने के लिए भी मतदाता को शिक्षित करने के लिए मतदाता मार्गदर्शिका में वेबसाइट एवं पोर्टल की जानकारी प्रदान की जाएगी।

### मतदाता पर्ची पर होगा बूथ का नजरी नक्शा

मतदाताओं की सुविधा के लिए निर्वाचन आयोग ने मतदाता पर्ची के पीछे पोलिंग बूथ का नजरी नक्शा भी प्रिंट कर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। मतदाता पर्ची का साइज भी पहले की तुलना में बड़ा होगा। मतदाता पर्ची के पीछे पोलिंग बूथ के नजरी नक्शा के अलावा, बूथ नंबर, चुनाव की तिथि एवं समय, हेल्पलाइन नंबर, बीएलओ का नाम एवं मोबाइल नंबर सहित मतदाता के मार्गदर्शन के लिए महत्वपूर्ण सूचनाएं मुद्रित की जा सकेंगी। यह मतदाता पर्ची मतदान तिथि से एक हफ्ते पहले बीएलओ वोटर गाइड के साथ घर-घर पहुंचाएंगे।




इस तरह की होगी वोटर गाइड।

## आश्रम पद्धति विद्यालय के लिए 36,778 ने किया आवेदन

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में संचालित 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं में दाखिले के लिए गुरुवार को परीक्षा होगी। दाखिले के लिए 6790 सीटों के सापेक्ष 36778 आवेदन आए हैं। अप्रैल से शुरू होने वाले जौनपुर के दो और अयोध्या के एक विद्यालय के लिए भी परीक्षा होगी। बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं और इसमें लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि कक्षा छह, सात, आठ, नौ और 11वीं में रिक्त सीटों के लिए दाखिला परीक्षा होगी। उन्होंने बताया कि जौनपुर में दो और अयोध्या में एक नए आश्रम पद्धति विद्यालय में भी कक्षा छह, सात और आठ में दाखिले के लिए परीक्षा होगी। सबसे अधिक आवेदन कक्षा छह के लिए आए हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विद्यालय के हिसाब से 70 बच्चों का दाखिला भी होगा।

# एसबीआई में ग्राहकों के खातों से करोड़ों की हेराफेरी, हंगामा

## शाखा प्रबंधक ने जालसाजी कर ग्राहकों के डिपोजिट के अगेंस्ट लोनिंग करके निकाला पैसा

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** एसबीआई की लीलापुर शाखा में ग्राहकों के फिक्स्ड डिपॉजिट, म्यूचुअल फंड, एसबीआई इंश्योरेंस के अगेंस्ट लोनिंग करके शाखा प्रबन्धक ने करोड़ों रुपये की हेराफेरी की। मामले कि जानकारी होने पर तत्कालीन मैनेजर पर आरोप लगाते हुए ग्राहकों ने बैंक पहुंचकर जमकर हंगामा किया। इस दौरान गुस्साए लोग पुलिस से भिड़ गए। सीओ के आने पर बताया गया कि मैनेजर को निलंबित कर विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। करीब चार घंटे हंगामे के बाद लोग शांत हुए।

लीलापुर स्थित एसबीआई की शाखा में ग्राहकों ने फिक्स्ड डिपॉजिट, म्यूचुअल फंड, एसबीआई इंश्योरेंस में अपने पैसे जमा किये हैं। लीलापुर थाना के घरौरा निवासी हनुमान प्रसाद तिवारी ने इस बैंक में अपना 20 लाख रुपए फिक्स्ड कर रखा है।



एसबीआई लीलापुर में प्रदर्शन करते ग्राहक व हाथ जोड़कर एसओ से कार्रवाई की मांग करते ग्राहक। ● अमृत विचार

जमीन आदि के काम से वह 18 मार्च को बैंक पहुंचे और अपने फिक्स्ड डिपॉजिट की रकम के भुगतान की बात मैनेजर जयनाथ सरोज से की। आरोप है कि मैनेजर ने कुछ कागज पर हस्ताक्षर कराया और उनके फिक्स्ड डिपॉजिट पर लोनिंग की बात करने लगे। आशंका होने पर पीड़ित ने विरोध जताया तो उसके फिक्स्ड डिपॉजिट पर 18 लाख का लोन होने और ओडी के जरिए भुगतान हो जाने की बात उजागर हुई। जानकारी होते ही हनुमान ने यह बात अन्य ग्राहकों को बताई। खाताधारकों की छानबीन में बृजेश, सविता, निशा, नरेंद्र, मो. असफाक, सुभाष समेत कई ग्राहकों के साथ 10 करोड़ से अधिक की जमा रकम पर ब्रांच मैनेजर द्वारा उक्त तरीके से हेराफेरी की बात सामने आई। शिकायत मुख्य शाखा तक पहुंची तो 20 मार्च को ब्रांच मैनेजर जयनाथ सरोज को निलंबित करके विभागीय जांच शुरु हो गई। इसके बाद शिखर अग्रवाल को कार्यभार दिया गया। एक गार्ड का भी ट्रांसफर कर दिया गया। फेराफेरी का यह मामला अन्य ग्राहकों तक पहुंचने ओर बुधवार को बैंक खुलते ही बड़ी संख्या ग्राहक पहुंचे और हंगामा करने लगे। लोग ब्रांच मैनेजर के चैंबर में घुसकर उनसे अपने अपने खाते का डिटेल मांगने लगे। हंगामे की सूचना पर एसओ लीलापुर नरेंद्र सिंह पहुंचे और ग्राहकों को बाहर निकालने का प्रयास किया तो लोगों की उनसे नोकझोंक हुई। सीओ राम सूरत सोनकर ने ग्राहकों किसी तरह शांत कराया। करीब चार घंटे बाद हंगामा शांत हुआ। इस संबंध में राम सूरत सोनकर, सीओ लालगंज ने बताया कि फिक्स डिपॉजिट को शाखा प्रबन्धक ने लोन में तब्दील कर दिया है, खाते का पैसा शून्य है। इस बात को लेकर ग्राहक हंगामा कर रहे थे। एसओ की सूचना पर पहुंचकर शाखा प्रबन्धक शिखर अग्रवाल से बात की। उन्होंने बताया कि मामला उच्च अधिकारियों को बता दिया गया है। विभागीय मीटिंग चल रही है, इसके बाद निर्णय लिया जाएगा। आरोपी ब्रांच मैनेजर जयनाथ सरोज को निलंबित कर दिया गया है। इसके बाद ग्राहकों से बातकर उन्हें समझाया गया। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### सपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ने किया ट्वीट

एसबीआई में लीलापुर में हेराफेरी की बात सामने आने पर कुछ ग्राहकों ने समाजवादी पार्टी से विधानसभा विश्वनाथगंज से प्रत्याशी रहे सौरभ सिंह से मामले को अवगत कराया। ग्राहकों से बात करने के बाद सौरभ ने फोन पर अफसरों से बात की। अफसरों ने बताया कि ग्राहकों का पैसा जाने नहीं पायेगा, सभी के साथ न्याय होगा। सौरभ ने शासन - प्रशासन को एक्स समेत अन्य सोशल साइट पर ट्वीट किया।

## सार-संक्षेप

### आईपीएस पीवी रामाशास्त्री की मूल कॉडर में वापसी

**लखनऊ, अमृत विचार :** 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी एवं यूपी में एडीजी कानून-व्यवस्था जैसी जिम्मेदारी संभाल चुके पीवी रामाशास्त्री को केंद्र सरकार द्वारा उनके मूल कॉडर में वापस भेज दिया गया है। पीवी रामाशास्त्री बीएसएफ में स्पेशल डीजी (ऑपरेशंस) के पद पर तैनात थे। उनका कार्यकाल पूरा होने से पहले वापस भेजा गया है। हालांकि पुलिस मुख्यालय के सक्षम अफसरों द्वारा इसकी पुष्टि नहीं की गई है। सूत्रों के मुताबिक पीवी रामाशास्त्री बृहस्पतिवार को राजधानी आकर डीजीपी मुख्यालय में अपनी ज्वाइनिंग देंगे। तत्पश्चात उन्हें किसी महत्वपूर्ण पद पर तैनाती दी जा सकती है। केंद्र सरकार द्वारा कार्यमुक्त करने के 48 घंटे के भीतर उनके वापसी करने को लेकर भी तमाम अटकलें लग रही हैं। चर्चा है कि उन्होंने खुद यूपी वापस जाने की इच्छा जताई थी। गौरतलब हो कि पीवी रामाशास्त्री आईपीएस अधिकारियों की वरिष्ठता सूची में पांचवें स्थान पर हैं।

### उद्योगों के विकास को उत्पादों का समय पर भुगतान जरूरी

**लखनऊ, अमृत विचार :** सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों द्वारा आपूर्ति किए गए माल का भुगतान समय से न मिलने की गंभीर समस्या है। यदि उद्यमियों को भुगतान समय से मिल जाए तो वे अपने उद्योगों का विस्तार कर पाएंगे। जिससे नए रोजगार उत्पन्न होंगे और सरकार का राजस्व भी बढ़ेगा। यह बात बुधवार को इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने फैसिलिटेशन काउंसिल मेंबर्स के ओरिएंटेशन विषयक एक दिवसीय सेमीनार में कही। उन्होंने कहा कि सूक्ष्म एवं लघु उद्यम फैसिलिटेशन काउंसिल के कामकाज में कुछ खामियां हैं। इन खामियों को खत्म करने के लिए सेमीनार में सुझाव आए हैं। इन सुझावों की रिपोर्ट बनाकर राज्य सरकार को सौंपी जाएगी ताकि उद्यमियों को समस्याओं से छुटकारा मिल सके। मुख्य वक्ता सुरेश ढोले ने विभिन्न कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों की सहायता के लिए बहुत सख्त अधिनियम है।

### बैंकों में लंबित पशु पालन के केसीसी, 19 जिले पीछे

**लखनऊ, अमृत विचार :** ऋण देकर पशु पालन को बढ़ावा देने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड बनाने में 19 जिले पीछे है। सबसे ज्यादा खराब प्रगति सीतापुर, सोनभद्र, फिरोजाबाद व मिर्जापुर की है। इन जिलों में पूरे वित्तीय वर्ष से पशु पालकों के आवेदन लंबित हैं। जिन्हें वर्ष समाप्ति से पहले स्वीकृत करने के निर्देश दिए गए हैं। फसल की तरह पशु पालन के लिए भी किसान क्रेडिट कार्ड बनाकर ऋण देना है। इसका जिलों को लक्ष्य मिला था। समीक्षा की गई तो 19 जिलों की प्रगति खराब मिली। इसमें सोनभद्र में लक्ष्य के सापेक्ष 5 .43 फीसद केसीसी, सीतापुर 5 .55, फिरोजाबाद 7 .23, मिर्जापुर 9 .59, गोंडा 11 .33, मैनपुरी 12 .33, लखीमपुर खीरी 13 .61, बांदा 13 .76, फर्रुखाबाद 13 .76, बलरामपुर 16 .39, भदोही 16 .86, हमीरपुर 17 .74, चित्रकूट 18 .36, एटा 20 .58, बहराइच 23 .73, मुरादाबाद 26 .30, आगरा 28 .22, बुलंदशहर 29 .75 व कानपुर देहात में 29 .78 फीसद केसीसी बनाए गए। जबकि, पूरे वित्तीय वर्ष आवेदन बैंकों में लंबित पड़े हैं। संस्थागत वित्त, बीमा एवं वाह्य सहायतित परियोजना महानिदेशालय की सहायक निदेशक निधि श्रीवास्तव ने वित्तीय वर्ष समाप्ति से पहले बैंकों को आवेदन निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं।

### इंडिया गठबंधन देश की जरूरतः स्वामी प्रसाद मौर्य

**लखनऊ, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि इंडिया गठबंधन देश की जरूरत है। उनकी पार्टी गठबंधन को मजबूत करेगी। आजाद समाज पार्टी व अन्य क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन की चर्चाओं को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि वह चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में गरीबों, अनुसूचित व पिछड़े वर्ग के लोगों के साथ अन्याय हो रहा है। महंगाई चरम पर है। लोकतंत्र व संविधान खतरे में है। विपक्षी दलों के नेताओं को फर्जी मुकदमों में जेल भेजा जा रहा है।

# चुनाव आयोग की पाबंदियों का दिखा असर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **11 दिनों में अब तक कुल 85 करोड़ कीमत के उपहार, शराब और नगदी बरामद**
- **2014 में 1200 करोड़ तो 2019 में 3449 करोड़ के उपहार और नगदी बरामद हुई थी**

**अमृत विचार :** 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान आचार संहिता के अनुपालन में चुनाव आयोग लगातार कार्रवाइयां कर रहा है। अबतक लगभग 85 करोड़ रुपए की बहुमूल्य धातुएं, उपहार और नगदी बरामद की जा चुकी है। लेकिन विगत दो लोकसभा चुनावों को अगर गौर किया जाए तो इस बार इस तरह की अवैध गतिविधि कम नजर आ रही है। चुनाव प्रचार का आरंभिक दौर होने के कारण अभी अंतिम रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता, लेकिन कार्रवाइयों और परिणामों से प्रतीत हो रहा है कि आयोग ने मतदाताओं को अवैध नगदी और उपहार के लेनदेन में काफी अंकुश लगाया है।

आयोग के आंकड़ों पर गौर किया जाए तो 2014 के लोकसभा चुनावों के दौरान छापेमारी और बैरियर लगाकर जो बरामदगी की गई थी, वह 12 सौ करोड़ थी। आयोग के मुताबिक इन 12 सौ करोड़ रुपए में बहुमूल्य वस्तुएं, शराब और नगदी थी। जबकि 2019 के चुनाव में यह आंकड़ा अप्रत्याशित रूप से बढ़कर 3449 करोड़ पहुंच गया। यह आश्यर्चजनक इसलिए भी था क्योंकि चुनाव के कुछ समय पहले ही नोटबंदी हुई थी।

ऐसे में इतने बड़े पैमाने पर बरामदगी हर किसी को चौंका रही थी। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी आयोग के निर्देश पर पूरे प्रदेश भर में लगातार धर-पकड़ हो रही है। आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक लगभग 85 करोड़ रुपए कीमत की बहुमूल्य उपहार, शराब और नगदी बरामद की जा चुकी है। पूर्व में हुए चुनावों के आंकड़ों से अगर तुलना करें, तो इस रकम से यह प्रतीत हो रहा है कि आयोग की सख्ती का असर हो रहा है।

प्रत्याशियों में आयोग का भय बढ़ा है। विगत सोमवार को आयोग द्वारा की गई कार्रवाई के बाद जारी किए गए आंकड़ों पर अगर गौर करें तो नगदी बांटने एवं अन्य मामलों में 13 एफआईआर दर्ज कराए गए। लेकिन बरामदगी का आंकड़ा नहीं बताया गया। इसका मतलब है कि कोई खास बरामदगी नहीं हुई। हालांकि बुधवार की देर शाम जारी आंकड़ों के मुताबिक अब तक कुल 85 करोड़ रुपए कीमत के उपहार, शराब और नगदी बरामद की जा चुकी है। प्रथम चरण के मतदान को कुल 22 दिन शेष रह गए हैं। इन 22 दिनों तक अगर आयोग ऐसे ही सख्ती कर ले गया तो चुनावों में नगदी और उपहार बांटने के सिलसिले में काफी अंकुश लग जाएगा। यह एक सकारात्मक संदेश भी है।

## राज्यपाल ने पांच ग्राम न्यायालयों में की जजों की नियुक्ति

- **बहराइच, हरदोई, कासगंज, रामपुर और गोंडा की एक-एक तहसील में तैनाती का आदेश**

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्यपाल की ओर से हाईकोर्ट से परामर्श करने के बाद पांच ग्राम न्यायालयों सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) संवर्ग के अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। शासन ने इसकी जानकारी शासन ने अधिसूचना जारी करके दी है। प्रमुख सचिव न्याय विनोद सिंह रावत की ओर से जारी की गई अधिसूचना के मुताबिक बहराइच जनपद के तहसील मुख्यालय महसी स्थित ग्राम न्यायालय में पंकज कमार द्वितीय, हरदोई से संडीला में प्रवीण कुमार गौतम, कासगंज के पटियाली में अनुराग प्रथम, रामपुर के बिलासपुर में श्रीमती बिंदू यादव और गोंडा के करनैलगंज तहसील में अरूण कुमार गौतम को ग्राम न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

## सपा के प्रत्याशी को लेकर नाराज हैं आजम, डैमेज कंट्रोल करेंगे शिवपाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** जेल के भीतर रहते हुए भी आजम खां सपा प्रमुख अखिलेश यादव का सिरदर्द बने हुए हैं। हालांकि ऐन चुनाव पर अपनी तुनकमिजाजी दिखाना मो. आजम के स्वभाव में है, लेकिन इस बार वह जेल हैं, बावजूद इसके उन्होंने पहले अखिलेश को और अब पार्टी के बड़े नेता शिवपाल को अपने पास बुलाने को मजबूर कर रहे हैं।

दरअसल, रामपुर सीट पर अब सपा के अधिकृत प्रत्याशी मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी और मो. आजम के चहेते आसिम रजा आमने-सामने हैं। ऐसे में रामपुर सीट पर पेच फंस गया है। इस मुद्दे पर आजम खान और अखिलेश यादव के बीच भी तनातनी से इंकार नहीं किया जा सकता। इस स्थिति में डैमेज कंट्रोल के लिए शिवपाल सिंह यादव सीतापुर जेल आजम खान से मिलने जा रहे हैं। इससे पहले रामपुर में मंगलवार को आजम खान के करीबियों ने पत्रकारवार्ता कर चुनाव का बहिष्कार करने का घोषणा की थी। इसी से नाराज होकर सपा प्रमुख ने मोहिबुल्लाह नदवी को रामपुर सीट से प्रत्याशी बना दिया। नदवी मूल रूप से रामपुर जिले के रहने वाले हैं और तुर्क बिरादरी से संबंध रखते हैं। सूत्रों की मानें तो आजम खान मोहिबुल्लाह नदवी को पसंद नहीं करते हैं। इसलिए आसिम राजा ने आज नामांकन पत्र खरीद लिया है।

## अपराधियों के विरुद्ध शिकंजा बनेगा मुख्य मुद्दा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **भाजपा नेताओं ने जारी किए तुलनात्मक आंकड़े**

**अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनावों में यूपी की समस्त 80 सीटों पर बीजेपी की विशेष नजर है। ऐसे में यूपी में अपराधियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई को यूपी सरकार की उपलब्धियों में विशेष रूप से गिनाया जाएगा। भाजपा नेताओं का दावा है कि अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते उत्तर प्रदेश में विगत 7 वर्षों में एक भी सांप्रदायिक हिंसा की घटना नहीं हुई।

भाजपा प्रवक्ताओं के मुताबिक यूपी में पहले जंगलराज हुआ करता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। नवंबर 2019 से नवंबर 2023 के बीच प्रदेश के कुल 68 चिन्हित माफिया अपराधी व गैंग के सदस्यों द्वारा अवैध कृत्यों से अर्जित 3723 करोड़ से अधिक की संपत्तियों का जब्तीकरण व ध्वस्तीकरण किया गया। अन्य विभिन्न माफिया की जनवरी 2021 से अक्टूबर 2023 तक गैंगस्टर अधिनियम के अंतर्गत 4268 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति के जब्तीकरण की कार्रवाई सुनिश्चित की गई। गैंगस्टर अधिनियम के अंतर्गत मार्च 2017 से नवंबर 2023 तक कुल 22,301 अभियोग पंजीकृत किए गए, जबकि 70,879 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए। इसके साथ ही 120 अरब रुपए से अधिक की संपत्ति जब्त की गई। इस दौरान 192 अपराधी मुठभेड़ में मारे गए, जबकि 5800 घायल हुए।

## मायावती के साथ प्रचार की कमान संभालेंगे आकाश

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में बसपा के चुनाव प्रचार की बागडोर प्रमुख मायावती के साथ राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनन्द भी संभालेंगे। इसकी शुरूआत एक अप्रैल से होगी। एक माह पार्टी की तरफ से प्रदेश में 25 चुनावी रैलियां होंगी, जिसमें आकाश आनन्द 6 अप्रैल से प्रचार की कमान थामेंगे।

लोकसभा चुनाव में प्रथम चरण के चुनाव का नामांकन खत्म हो चुके हैं। अन्य पार्टियों की तरह बसपा ने भी अपने प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी रैलियों का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। कार्यक्रम में तहत, प्रचार की शुरूआत पश्चिम उप्र से मायावती खुद करेंगी। प्रदेश में पहली बार नेशनल कॉआर्डिनेटर आकाश आनन्द को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## प्लाटून कमांडर के घायल होने के मामले की तस्वीर साफ नहीं

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** संदिग्ध हालात में श्रीराम जन्मभूमि परिसर में मंगलवार शाम एके-47 की गोली लगने से घायल पीएससी प्लाटून कमांडर के मामले में अभी तस्वीर पूरी तरह साफ नहीं हो पाई है। पीएसी के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) सुजीत कुमार पांडेय व आईजी मध्य क्षेत्र अपर्णा कुमार समेत अन्य अधिकारियों ने बुधवार को परिसर पहुंकर विस्तार से घटनाक्रम की जांच की। परिसर के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगलवाया। आईजी प्रवीण कुमार व एसएसपी राजकरन नय्यर ने भी घटनाक्रम की जानकारी ली।

घटना के 24 घंटे बाद भी जांच-पड़ताल जारी होने के बात कही जा रही है। वहीं छाती पर बायीं तरफ गोली लगना और गोली का सीधे आर-पार हो जाना कई सवाल खड़े कर रहा है। घायल प्लाटून कमांडर की हालत खतरे से बाहर है।

### छानबीन में क्या निकला कोई बोलने को तैयार नहीं

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना के समय पोस्ट पर लालचंद सिंह और एक आंकिक शाखा का कर्मचारी मौजूद था। पुलिस दोनों से किसी स्थान पर पूछताछ कर रही है। एसएसपी राजकरन नय्यर ने मंगलवार रात 12 बजे के बाद बयान जारी कर गन की सफाई के दौरान ड्यूटी पर मौजूद प्लाटून कमांडर के घायल होने तथा छानबीन जारी होने की बात कही थी, लेकिन छानबीन में क्या निकला? इस पर अभी कोई खुलासा नहीं किया है।

## वर्ग पहेली-22

**बाएं से दाएं**

3. 1. गोपनीय बात का प्रकट हो जाना 2. भेद प्रकट हो जाना, रहस्य प्रकट हो जाना।

4. थोड़ा या थोड़े से कुछ अधिक।

7. 1. सुरीले स्वरवाला 2. (संगीत) जिसका स्वर शास्त्रीय पद्धति के अनुरूप हो 3. महीन और मीठा (स्वर)।

8. परंपरागत रूप से शिव के लिए प्रयोग किया जाने वाला शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. गुड़गुड़ शब्द होना।

2. 1. दूर किया या हटाया हुआ 2. एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाया हुआ 3. जिसे कोई भगा या हर ले गया हो।

3. जिसे भांग पीने की लत हो, भांग का नशा करने वाला, भंगेड़ी।

5. 1. निकटता, नज़दीकी 2. उपस्थिति, विद्यमानता 3. सम्मुखता, सामना।

6. (संगीत में) सरगम या सप्तक का 'प' के रूप में पांचवां स्वर जिसे कोयल की कूक का स्वर भी माना जाता है।



### वर्ग पहेली -21 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 दू | ■ | ■ | ■ | 2 रू | ■ | 3 वि |
| का | ■ | 4 दु | ■ | हा | ■ | रो |
| न | ■ | नि | ■ | 5 नि | बो | ध |
| ■ | 6 ह | या | ल | य | ■ | ■ |
| ■ | ■ | दा | ■ | 7 त | 8 मा | चा |
| 9 अ | भि | र | त | ■ | निं | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 10 दा | द | रा |

### सुडोकू-101

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | 7 | | | 2 | | |
| 8 | | | | 2 | | 6 | | |
| | 3 | | | | 6 | | | |
| 6 | | 8 | | | | | 2 | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | | 4 | | | 3 | | 9 |
| | 6 | 4 | | | | | 7 | |
| | | 1 | | 6 | | | | 2 |
| | | | | | 8 | | 5 | |

### सुडोकू -100 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 4 | 8 | 2 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 2 | 1 | 4 |
| 2 | 3 | 5 | 1 | 4 | 9 | 8 | 6 | 7 |
| 6 | 2 | 1 | 9 | 7 | 3 | 5 | 4 | 8 |
| 4 | 9 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 3 | 6 |
| 8 | 5 | 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 | 6 | 7 | 9 |
| 5 | 7 | 9 | 4 | 6 | 2 | 3 | 8 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 मार्च, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 18 .56 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 18 .38 तक तत्पश्चात विशाखा।

**मेष** - आज जीवनसाथी आपसे पुरानी दबी हुई इच्छा को प्रकट करेगा। वैवाहिक जीवन काफी सुखमय रहने वाला है। अपने सहकर्मियों से ईर्ष्या न करें। व्यापार में कुछ नया प्रयोग कर सकते हैं। महंगी वस्तुओं पर धन खर्च करेंगे।

**वृष** - आज सोशल मीडिया का व्यावसायिक प्रयोग लाभप्रद सिद्ध होगा। सरकार की अच्छी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। अपने विकास के लिए आपको थोड़ा स्वार्थी बनना होगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए अतिरिक्त श्रम करना पड़ेगा।

**मिथुन** - आज घर के खर्चे बढ़ने के कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा। दोपहर के बाद स्थिति सामान्य होगी। इंजीनियरिंग के छात्रों की पढ़ाई में काफी बाधाएं आएंगी। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों के साथ मैत्री संबंध स्थापित करने से बचें।

**कर्क** - आज किसी से असहमत होने पर उसका अपमान न करें। जोड़ों में दर्द और अकड़न जैसी समस्या हो सकती है। अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए दिन बहुत अच्छा है। कमीशन के कारोबार से जुड़े लोग सावधान रहें।

**सिंह** - आज कारोबारी यात्रा हो सकती है। बेरोजगार युवा नौकरी के लिए इन्टरव्यू दे सकते हैं। पुराने निवेश से आपको अचानक लाभ प्राप्त होगा। दिन का प्रारम्भिक हिस्सा आपके लिये बेहद शुभ रहने वाला है। विशेष विषयों के अध्ययन को लेकर रुचि जागृत होगी।

**कन्या** - आज फाइनेंस संबंधी कार्यों में अपेक्षानुसार परिणाम नहीं मिलेंगे। भविष्य की योजनाओं को लेकर उत्साहित रहेंगे। पड़ोसियों के साथ संबंध खराब हो सकते हैं। आपके द्वारा बोले गए कटु वचनों से प्रियजनों का मन व्यथित न हो इसका ध्यान रखें।

**तुला** - आज शोध कार्यों में अपेक्षित सफलता मिलने से मन प्रफुल्लित रहेगा। रुके हुए कार्यों में तीव्रता आएगी। आध्यात्मिक विचारों का आपके ऊपर काफी प्रभाव रहेगा। आपका व्यवहार लोगों के लिए प्रेरणा बनेगा।

**वृश्चिक** - आज लोग आपके ऊपर बेवजह के आरोप लगा सकते हैं। यात्रा के दौरान अपना सामान सुरक्षित रखें। प्रेम संबंधों को लेकर आप काफी प्रसन्न रहेंगे। किसी मित्र को उधार देना पड़ सकता है। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को बॉस की डांट खानी पड़ सकती है।

**धनु** - आज आप काफी आशावादी रहेंगे। जल्दबाजी में काम पूरा करने से गलतियां हो सकती है। शरीर में थोड़ी थकावट रहेगी इसीलिए आराम पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें। मित्रों के सहयोग से रुका हुआ काम गतिशील हो जाएगा।

**मकर** - आज संतान की शिक्षा पर ध्यान देना काफी आवश्यक है। सरकारी मामलों में सावधानी बरतें। करियर को लेकर चिंता के भाव उत्पन्न होंगे। धन-संपत्ति के मामलों में सफलता मिलेगी। लोग आपकी प्रतिभा और क्षमताओं का सम्मान करेंगे।

**कुंभ** - आज तनाव लेने के बजाय विवेक और धैर्य से काम लेना उचित होगा। धर्म-कर्म को लेकर मन में विपरीत विचार उत्पन्न हो सकता है। छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे।

**मीन** - आज सरकारी सहयोग से आपके काम पूरे हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध बिगड़ सकते हैं। मन अशांत होने की संभावना है। किसी सहकर्मी के साथ आपको विवाद का सामना करना पड़ेगा। अपने खर्चों को नियंत्रित रखने का प्रयास करें।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- बादशाह — सुबह : 11.00
- वीरगति — रात : 07 .00

&pictures
- एक विवाह ऐसा भी — सुबह : 11.03
- गजनी — शाम : 04 .18

Sony Pix
- रेडी प्लेयर वन — सुबह : 10 .09
- जिओस्ट्राम — रात : 09 .00

Zee Cinema
- नो प्रॉब्लम — सुबह : 09 .05
- डॉन — रात : 08 .25

Colors Cineplex
- ब्रदर्स — सुबह : 09 .47
- दसवीं — रात : 07 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08 .25 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बालक अपने पड़ोस में जाता है और दरवाजे की घंटी बजाता है, महिला दरवाजा खोलती है।
महिला-बेटा क्या हुआ?
बालक- आंटी मम्मी ने एक कटोरी चीनी मंगाई है।
महिला (मुस्कुराकर उसका सिर सहलाते हुए कहती है)-अच्छा और क्या कहा है तेरी मम्मी ने ?
बालक -कहा है कि अगर वो डायन न दे तो सामने वाली चुड़ैल से ले आना।

पप्पू साइकिल से जा रहा था।
अचानक एक लड़की से भिड़ गया।
लड़की- घंटी नहीं मार सकता था बे
पप्पू-अबे मैंने पूरी साइकिल मार दी अब क्या घंटी अलग से मारूं!

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव:**

**दाल चना** : 75 से 76 रुपये
**मसूर** : 88 से 90 रुपये
**मलका** : 82 से 85 रुपये
**अरहर** : 118 से 125 रुपये
**उड़द** : 95 से 101 रुपये
**धोआ उड़द** : 110 से 120 रुपये
**मूंग धोआ** : 104 - 106 रुपये मूंग
**छिलका** : 102 रुपये मूंग
**साबुत** : 100 रुपये
**चना देसी** : 80 रुपये
**चना कावली** : 145 से 160 रुपये
**राजमा लाल** : 155 रुपये
**राजमा चित्ता** : 145 रुपये
**लोबिया लाल** : 94 रुपये
**लोबिया सफेद** : 98 रुपये।

# पिछले एक वर्ष के दौरान कृषि विपणन सुधार से मंडियों को मिली रफ्तार

## केंद्र के निर्धारित मानकों पर उत्तर प्रदेश ने पूरा कर हासिल किए 100 अंक

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश की मंडी समितियां किसानों से उपज खरीदने के साथ उनकी बेहतर मार्केटिंग करने में अन्य राज्यों से आगे पहुंच गई हैं। पिछले एक वर्ष में कृषि विपणन में तेजी से सुधार हुआ है।

परिणाम यह है कि केंद्र से कृषि विपणन सुधार के निर्धारित किए गए अधिनियम व मानक दोनों को उत्तर प्रदेश ने पूरा कर 100 में 100 अंक हासिल किए हैं। जबकि अन्य राज्यों को 90 से 96 फीसद अंक मिले हैं। इससे उत्तर प्रदेश कृषि विपणन के

**• अधिनियम व नियम दोनों में मिले प्रदेश को 10-10 अंक**

साथ केंद्र के निर्धारित मानकों को पूरा करने में पहले स्थान पर है। इससे किसानों को फायदा होने से मंडी कारोबार को रफ्तार मिली है। इसका किसानों को लाभ मिलेगा और आगे मंडी परिषद नवाचार अपनाएगा।

**इनमें बिंदुओं पर मिले 10-10 अंक** : निजी बाजार, मंडियों के बाहर थोक व्यापार, वेयर हाउस, कोल्ड स्टोर, साइलो, ई-ट्रेडिंग, एक बाजार शुल्क, एकीकृत लाइसेंस, मंडी शुल्क

केंद्र ने कृषि विपणन में सुधार के लिए सभी राज्यों के लिए मानक निर्धारित किए थे। उस पर उत्तर प्रदेश की मंडियों ने काम कर 100 फीसद मानक पूरे किए हैं। इसका किसानों को और लाभ मिलेगा। इसी तरह किसान हित में जो भी मानक आएंगे वह पूरे करेंगे।

**- अंजनी कुमार सिंह, निदेशक, मंडी परिषद।**

### शुल्क कम तो ई-ट्रेडिंग से आई बेहतरी

सिस्टम एनालिस्ट सतेंद्र तिवारी ने बताया कि वैसे तो मंडी समितियों पर कृषि विपणन के क्षेत्र में कई काम हुए। इसमें केंद्र के निर्धारित मानकों को पूरा करने में खास निजी बाजार, मंडियों के बाहर सीधे कारोबार की स्वीकृति देना व वेयर हाउस, साइलो व कोल्ड स्टोर को मार्केट यार्ड घोषित करना है। इसी तरह ई-ट्रेडिंग के जरिये किसानों को ऑनलाइन खरीद-बिक्री का प्लेटफार्म मिला। व्यापारियों को एक कर व एकीकृत लाइसेंस की सुविधा के साथ मंडी, बाजार व कमीशन शुल्क कम होने से राहत मिली। इससे विपणन को बढ़ावा मिला है।

## आरबीआई ने एमपीसी बैठकों का कार्यक्रम जारी किया

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को नये वित्त वर्ष (2024-25) के लिए मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की दो महीने पर होने वाली बैठकों के कार्यक्रम की घोषणा की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, पहली बैठक तीन से पांच अप्रैल को होगी। अगली बैठक पांच जून को शुरू होगी जबकि मौद्रिक समीक्षा की घोषणा सात जून को होगी। आमतौर पर, छह सदस्यीय समिति के सदस्य बैठक के तीसरे दिन एक प्रस्ताव पर मतदान करते हैं और आरबीआई गवर्नर मतदान पूरा होने के बाद बैठक के नतीजों की घोषणा करते हैं। समिति के सदस्य बैठक के पहले दो दिन मौद्रिक नीति से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श करते हैं। संबंधित क्षेत्रों के विशेषज्ञ अपनी बातें रखते हैं।

# भारतीय गेमिंग बाजार का राजस्व 2028 तक दोगुना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाला मोबाइल गेमिंग बाजार है और इस उद्योग का वार्षिक राजस्व 2023 के 3.1 अरब डॉलर से लगभग दोगुना होकर 2028 तक छह अरब डॉलर हो सकता है। इंटरएक्टिव एंटरटेनमेंट एंड इनोवेशन काउंसिल और ऑनलाइन गेमिंग कंपनी विंजो की एक संयुक्त रिपोर्ट में बुधवार को यह बात कही गई।

आईईआईसी विश्लेषण और द्वितीयक आंकड़ों के आधार पर 'इंडिया गेमिंग रिपोर्ट 2024' के तहत 2023 में गेम के लिए भुगतान करने वाले 14.4 करोड़ उपयोगकर्ताओं की तुलना में 2028 में यह संख्या 24 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया, भारतीय गेमिंग उद्योग में 1,400 से अधिक गेमिंग

### छह अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान

कंपनियां शामिल हैं, जिनमें 500 गेमिंग स्टूडियो भी शामिल हैं। गेमिंग का वार्षिक कारोबार 2028 तक छह अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।" रिपोर्ट में कहा गया, भारत में गेम डाउनलोड केवल चार साल में (2019 से 2023 तक) 5.65 अरब से बढ़कर 9.5 अरब हो गया। इस वृद्धि ने 2023 में वैश्विक गेम डाउनलोड में भारत की हिस्सेदारी को 16 प्रतिशत तक बढ़ा दिया। इसके बाद क्रमशः 4.5 अरब (7.6 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी) डाउनलोड के साथ ब्राजील और 4.4 अरब (7.4 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी) डाउनलोड के साथ अमेरिका का स्थान रहा।

# टाटा का चार्जिंग स्टेशन लगाने को एचपीसीएल से गठजोड़

नयी दिल्ली, एजेंसी

टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने इस साल के अंत तक देशभर में 5,000 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के साथ गठजोड़ किया है। टाटा मोटर्स की इकाई टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (टीपीईएम) ने बुधवार को बयान में कहा कि इस गठजोड़ के तहत एचपीसीएल के पेट्रोल पंप पर चार्जिंग स्टेशन लगाये जाएंगे।

ये स्टेशन उन स्थानों पर लगाये जाएंगे जहां 1.2 लाख से अधिक टाटा इलेक्ट्रिक वाहनों के मालिक प्रायः आते हैं। कंपनियां सह-ब्रांडेड आरएफआईडी कार्ड के माध्यम से एक सुविधाजनक भुगतान प्रणाली शुरू करने की संभावना भी टटोल रही हैं। एचपीसीएल के पास 21,500 से अधिक पेट्रोल पंप का नेटवर्क है। कंपनी का दिसंबर, 2024 तक 5,000 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य है। टीपीईएम के मुख्य रणनीति अधिकारी बालाजी राजन ने कहा, ''एचपीसीएल के साथ यह रणनीतिक साझेदारी भारत के ईवी परिवेश को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## सेंसेक्स 526 अंक चढ़कर 72,996 पर बंद हुआ

**मुंबई।** शेयर बाजार में आज यानी 27 मार्च को तेजी देखने को मिली है। सेंसेक्स 526 अंक की बढ़त के साथ 72,996 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 118 अंक की तेजी देखने को मिली, ये 22,123 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 में तेजी और 11 में गिरावट देखने को मिली है। आज बैंकिंग और ऑटो शेयर्स में ज्यादा बढ़त रही। रिलायंस इंडस्ट्री के शेयर में 3.49% की तेजी रही। मारुति सुजुकी का शेयर 2.53% चढ़कर बंद हुआ।

# पवन दावुलुरी बने माइक्रोसॉफ्ट विंडोज और सर्फेस के चीफ

नई दिल्ली, एजेंसी

आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्र पवन दावुलुरी को माइक्रोसॉफ्ट विंडोज और सर्फेस का चीफ बनाया गया है। दावुलुरी ने लंबे समय से प्रोडक्ट हेड रहे पैनोस पानाय का जगह लिया है। पानाय ने पिछले साल अमेजन जॉइन करने के लिए डिपार्टमेंट छोड़ दिया था।

दावुलुरी इससे पहले सरफेस ग्रुप को हेड करते थे, जबकि मिखाइल पारखिन विंडोज डिपार्टमेंट के हेड थे। इन दोनों के पद छोड़ने के बाद, पवन ने विंडोज़ और सरफेस दोनों डिपार्टमेंट्स का कार्यभार संभाल लिया है। दावुलुरी करीब 23 साल पहले माइक्रोसॉफ्ट से जुड़े थे। इससे पहले उन्होंने मैरीलैंड यूनिवर्सिटी से पोस्ट ग्रेजुएशन किया था। वे अब कंपनी के एक्सपीरियंस एंड डिवाइसेस हेड राजेश झा को रिपोर्ट करेंगे। राजेश झा ने इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि इस बदलाव के रूप में हम विंडोज एक्सपिरिएंस और विंडोज प्लस डिवाइसेज के टीम को एक्सपीरिएंस प्लस डिवाइसेज डिवीजन के कोर पार्ट को एक साथ ला रहे हैं।

# सात प्रतिशत के दायरे में देश की आर्थिक वृद्धि दर बेहतर : सान्याल

नयी दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने बुधवार को कहा कि जब तक वैश्विक माहौल में सुधार नहीं होता, भारत को मौजूदा वृद्धि दर से संतुष्ट रहना चाहिए। उन्होंने सात प्रतिशत के दायरे में आर्थिक वृद्धि को बेहतर बताया। सान्याल ने यह भी कहा कि वृहद आर्थिक मोर्चे पर कड़ी मेहनत से जो स्थिरता हासिल की गयी है, उसे बनाये रखना जरूरी है।



सान्याल ने एक सम्मेलन में कहा, ''...हमारे लिए दहाई अंक में वृद्धि हासिल करना संभव है, लेकिन मैं वास्तव में इसको लेकर सावधान हूं। यह पूरा खेल वृद्धि पर वृद्धि को लेकर है।'' भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2023 के अंतिम तीन महीनों में उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत रही है, जो पिछले डेढ़ साल की सबसे तेज रफ्तार है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में अच्छी वृद्धि दर से चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि दर अनुमान बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत कर दिया गया है। उन्होंने कहा, ''अर्थव्यवस्था की अभी जो वृद्धि दर है, फिलहाल उससे अधिक बढ़ाने का प्रयास नहीं करना चाहिए। अगर वैश्विक वातावरण में नाटकीय रूप से सुधार नहीं होता है, तब क्या होगा, हमारे बाह्य खाते, मुद्रास्फीतिक दबाव पड़ेगा।''



## एक नजर

### चारा घोटाला: 89वें गवाह का बयान कलमबंद

**पटना, एजेंसी।** बिहार के बहुचर्चित करोड़ो रुपये के चारा घोटाला से जुड़े एक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आज विशेष अदालत में अपने 89वें गवाह का बयान कलमबंद करवाया। चारा घोटाला मामलों की सुनवाई कर रही विशेष अदालत के न्यायाधीश महेश कुमार की अदालत में सीबीआई ने 89वें गवाह के रूप में बिहार विधानसभा के एक पूर्व अधिकारी फूल झा को पेश किया था। गवाह का मुख्य परीक्षण पूरा हुआ और बचाव पक्ष के द्वारा प्रति परीक्षण किया गया। अदालत ने मामले में 03 अप्रैल 2024 की अगली तिथि निश्चित की है।

### हाथ काट देने वाला बयान देकर घिरे कांग्रेस विधायक

**झाबुआ, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के कांग्रेस विधायक वीर सिंह भूरिया ने एक चुनावी सभा में आदिवासी संगठन जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) का नाम लेकर समर्थकों से कथित तौर पर कहा कि वे पार्टी के वोट काटने की बात करने वाले लोगों के हाथ काट दें। जयस का पश्चिमी मप्र के आदिवासी बहुल इलाकों में प्रभाव है। माना जाता है कि इस संगठन के समर्थित उम्मीदवारों के चुनावी मैदान में उतरने से कांग्रेस के परंपरागत वोट बैंक में सेंध लगती है। भूरिया ने रतलाम-झाबुआ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की उम्मीदवार अनीता चौहान पर निशाना साधते हुए भिलाला समुदाय को कथित तौर पर "चोर और डाकू" भी कहा।

# आप विधायकों का दावा- भाजपा में शामिल होने को पैसे की पेशकश

## तीन विधायकों का दावा- अंतर्राष्ट्रीय नंबर से 20 से 45 करोड़ देने की बात की

चंडीगढ़, एजेंसी

आप के तीन विधायकों ने बुधवार को दावा किया कि उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए पैसे देने की पेशकश की गई थी। पंजाब से आप के एकमात्र लोकसभा सदस्य और एक विधायक के बुधवार को भाजपा में शामिल होने के बाद इन विधायकों ने दावा किया कि उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए पैसे देने की बात फोन पर कही गई।

आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने पंजाब में 'फिर से ऑपरेशन लोटस' शुरू कर दिया है और वह अरविंद केजरीवाल की पार्टी को तोड़ने की कोशिश कर रही है। भाजपा की ओर से इन आरोपों पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। जलालाबाद से आप विधायक जगदीप कंबोज गोल्डी ने दावा किया कि उन्हें मंगलवार को एक अंतर्राष्ट्रीय नंबर से सेवक सिंह नामक व्यक्ति ने भाजपा में शामिल होने के प्रस्ताव के साथ फोन किया था। कंबोज ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने उनसे भाजपा में शामिल होने के लिए कहा और कहा, हम 20-25 करोड़ रुपये दे देंगे। मैंने कहा कि मुझे इसकी जरूरत नहीं है। इसी तरह के दावे बल्लुआना से विधायक अमनदीप सिंह और लुधियाना दक्षिण विधायक राजिंदर पाल कौर छीना ने भी किए। उन्होंने कहा कि वे पार्टी नहीं छोड़ेंगे। कंबोज ने आरोप लगाया कि भाजपा केजरीवाल और आप से डरी हुई है। उन्होंने कहा, अरविंद केजरीवाल वह नेता हैं जिन्होंने राजनीति में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी और हमेशा काम की राजनीति की। लेकिन झूठे मामले दर्ज किए गए और आप के कई नेताओं को बिना किसी सबूत के जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा, यदि वे खरीद-फरोख्त करना चाहते हैं, तो देश में चुनाव प्रणाली की क्या आवश्यकता है? पंजाब एक क्रांतिकारी राज्य है। दिल्ली के बाद, पंजाब के लोगों ने बदलाव को चुना। लुधियाना दक्षिण से विधायक छीना ने भी दावा किया कि उन्हें सेवक सिंह नामक व्यक्ति का फोन आया था और यह कॉल एक अंतर्राष्ट्रीय नंबर से आई थी। बल्लुआना के विधायक अमनदीप सिंह ने कहा कि उन्हें 45 करोड़ रुपये की पेशकश की गयी।



बुधवार को जम्मू में गुड फ्राइडे और ईस्टर के उपलक्ष्य में एक जुलूस में हिस्सा लेते ईसाई श्रद्धालु। • एजेंसी

# साजिश का आरोप अधिसूचित अपराध से संबंधित नहीं है तो पीएमएलए लागू नहीं किया जा सकता: सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने अपने उस फैसले पर पुनर्विचार संबंधी याचिका खारिज कर दी, जिसमें उसने कहा था कि किसी व्यक्ति के खिलाफ कथित आपराधिक साजिश रचने से संबंधित भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा-120बी लागू करके धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज नहीं किया जा सकता है, यदि कथित आपराधिक साजिश पीएमएलए के तहत अधिसूचित अपराध से संबंधित नहीं है। आईपीसी की धारा 120बी में आपराधिक साजिश के लिए सजा का प्रावधान है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने 29 नवंबर, 2023 के उस फैसले की समीक्षा संबंधी अर्जी खारिज कर दी, जिसमें कहा गया था कि यह जरूरी नहीं है कि जिस व्यक्ति के खिलाफ पीएमएलए की धारा-तीन के तहत अपराध का आरोप है, उसे अधिसूचित अपराध में आरोपी के रूप में दिखाया जाए। पीठ ने अपने हालिया आदेश में कहा, ''खुली अदालत में पुनर्विचार याचिकाओं की सुनवाई संबंधी अर्जी खारिज की जाती है।''

### अमेठी और रायबरेली सीट के बारे में कांग्रेस नेतृत्व करेगा फैसला

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बुधवार को हुई बैठक में उत्तर प्रदेश की अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीट को लेकर चर्चा नहीं हुई और अब इस बारे में पार्टी नेतृत्व फैसला करेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता वाली बैठक में पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और सीईसी के कई अन्य सदस्य शामिल हुए।

# सभी दलों ने चुनावी बॉन्ड को भुनाया : सीतारमण

नयी दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने चुनावी बॉन्ड भुनाए हैं। इस मामले में किसी को कुछ भी कहने का नैतिक अधिकार नहीं है क्योंकि यह सब वैध और कानून के मुताबिक था। उन्होंने यह भी कहा कि चुनावी बॉन्ड के खिलाफ उच्चतम न्यायालय के फैसले के मद्देनजर, चुनावों के वित्तपोषण के लिए बेहतर प्रणाली लाने को लेकर और अधिक चर्चा की जरूरत है। सीतारमण ने एक समाचार चैनल के सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा कि कानून को शीर्ष अदालत ने अब खारिज कर दिया है।

### निर्मला सीतारमण ने कहा, लोकसभा चुनाव नहीं लड़ूंगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि वह लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी और यह बात पार्टी को बता दी गयी है। यहां एक कार्यक्रम में बोलते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि उनके पास चुनाव लड़ने के लिए आवश्यक धनराशि नहीं है, इसके अलावा जीतने के कई अन्य कारक भी अनुकूल नहीं हैं। एक कार्यक्रम में सीतारमण ने कहा, "मुझसे पूछा था, लेकिन एक हफ्ते या 10 दिनों तक इस पर सोचने के बाद मैं यह कहने के लिए वापस आई, शायद नहीं।"

# जम्मू कश्मीर से अफस्पा हटाने का वादा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर किया गया : उमर अब्दुल्ला

श्रीनगर, एजेंसी

नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि जम्मू कश्मीर से सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (अफस्पा) हटाने का वादा आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर किया गया है और उन्हें डर है कि जिस तरह लद्दाख के लोगों को छठी अनुसूची के वादे के सिलसिले में ठगा गया है, उसी तरह यहां भी लोगों को ठगा जाएगा। वह मीडिया की इस खबर पर प्रतिक्रिया दे रहे थे जिसमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र भविष्य में जम्मू कश्मीर से अफस्पा हटाने पर निश्चित ही विचार करेगा।



अब्दुल्ला ने बडगाम जिले में संवाददाताओं से कहा, ''मैं 2011 से इस दिन का इंतजार कर रहा हूं। (जब वह मुख्यमंत्री थे) तब हमने भी अफस्पा हटाने की काफी कोशिश की, लेकिन मुझे डर है कि जिस तरह लद्दाख के लोगों को छठी अनुसूची के वादे पर गुमराह किया और ठगा गया, उसी तरह जम्मू कश्मीर के लोगों को गुमराह किया जाएगा एवं ठगा जाएगा, क्योंकि यहां चुनाव हैं।'' पूर्व केंद्रीय मंत्री अब्दुल्ला ने कहा कि समस्याग्रस्त क्षेत्रों में सुरक्षाबलों को अभियोजन से पूर्ण छूट और उन्हें व्यापक अधिकार प्रदान करने वाले इस कानून को जम्मू कश्मीर में स्थिति सामान्य हो जाने के केंद्रीय नेताओं के बयानों को देखते हुए तत्काल हटा दिया जाना चाहिए। उन्होंने सवाल किया, ''जहां तक अफस्पा हटाने की बात है तो आज से ही शुरू कीजिए। जब वे कहते हैं कि स्थिति सामान्य है, आतंकवाद खत्म हो गया है, अब अलगाववादी विचार नहीं बचा है तो फिर वे किस बात का इंतजार कर रहे हैं?''

## कोलकाता हवाई अड्डे पर एक दुर्घटना में दो विमानों के पंख क्षतिग्रस्त

**कोलकाता।** कोलकाता हवाई अड्डा पर बुधवार को एक दुर्घटना में दो विमानों के पंख आपस में टकराने से क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार विमानन कंपनी 'इंडिगो' के एक विमान के पंख 'एयर इंडिया एक्सप्रेस' के विमान से टकराये जिसमें दोनों विमानों के पंख क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने कहा कि नागर विमानन महानिदेशालय ने इस दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है और हादसे में शामिल इंडिगो के पायलट को उड़ान कार्य में नहीं लगाने को कहा है। हवाई अड्डा के सूत्रों ने बताया कि रनवे के पास के 'टैक्सीवे' पर करीब 11 बजे पूर्वाह्न के समय यह दुर्घटना हुई।

# केजरीवाल के इस्तीफे की मांग पर भाजपा का प्रदर्शन

नयी दिल्ली/तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) और विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने बुधवार को दिल्ली विधानसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया तो आप विधायकों तथा उनके समर्थकों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी की।

केजरीवाल को ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया है। इस आबकारी नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था। दोनों ही दलों ने एक ही समय पर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने हाथों में तख्तियां लेकर मार्च निकाला। पीली टी-शर्ट पहने आप नेता और कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भाजपा के विधायकों के पीछे-पीछे हो लिये। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। बिधूड़ी ने कहा, ''मुख्यमंत्री को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन पर भ्रष्टाचार के लगभग 12 आरोप हैं। अगर आबकारी नीति विश्वस्तरीय थी तो उन्होंने इसे वापस क्यों लिया? हम केजरीवाल के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।'' भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भी दोपहर 12 बजे के आसपास विधानसभा परिसर के प्रवेश द्वार के बाहर मयूर विहार के लगभग 100 पार्टी कार्यकर्ताओं के एक समूह, पार्टी की महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ प्रदर्शन किया और केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की। काले कपड़े पहने भाजपा कार्यकर्ता विधानसभा प्रवेश द्वार पर एकत्र हो गए और नारेबाजी करने लगे।

### कुर्सी का मोह नहीं छोड़ पा रहे केजरीवाल : अनुराग

**श्रीनगर/शिमला।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि जेल में रहकर भी केजरीवाल मुख्यमंत्री की कुर्सी का मोह नहीं छोड़ रहे हैं। ठाकुर आज जम्मू-कश्मीर प्रवास पर थे। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम उधमपुर में आयोजित बाइक रैली में भाग लिया और इसके बाद उधमपुर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित सांगठनिक बैठक में शामिल हुए। ठाकुर ने राष्ट्रीय जनता दल के नेता लालू प्रसाद यादव का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस समय लालू यादव चारा घोटाले में फंसे हुए थे उस समय तत्कालीन मुख्यमंत्री राबड़ी देवी उनकी तरफ से घोषणाएं करती थी, फिर धीरे-धीरे उन्होंने लालू यादव की गद्दी संभाल ली। उन्होंने कहा कि अब केजरीवाल के मामले में भी यही हो रहा है।



## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.979 |
| राजस्थान रॉयल्स | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +1.000 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.675 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +0.200 |
| पंजाब किंग्स | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.025 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | -0.180 |
| गुजरात टाइटंस | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | -1.425 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -0.455 |
| मुंबई इंडियंस | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | -0.925 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -1.000 |



ट्रैविस हेड



अभिषेक शर्मा



हेनरिक क्लासेन

# हेड, अभिषेक-क्लासेन के तूफान में उड़ी मुंबई

## सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस को 31 रनों से हराया, हैदराबाद की ओर से मैच में 18 छक्के और 19 चौके लगाए गए

**हैदराबाद, एजेंसी**

चोटी के बल्लेबाजों की तूफानी पारियों के दम पर रिकॉर्ड स्कोर बनाने वाले सनराइजर्स हैदराबाद ने बुधवार को यहां मुंबई इंडियंस को 31 रन से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अपना खाता खोला। सनराइजर्स हैदराबाद के तीन विकेट पर 277 रनों के जवाब में मुंबई की टीम ने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन अच्छी शुरुआत मिलने के बावजूद उसकी टीम पांच विकेट पर 246 रन ही बना पाई।

सनराइजर्स की तरफ से ट्रेविस हेड ने 24 गेंद पर नौ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 62 रन बनाए जबकि अभिषेक शर्मा ने 23 गेंद पर 63 रन बनाए जिसमें तीन चौके और सात छक्के शामिल हैं।

### हैदराबाद ने बनाया आईपीएल का रिकॉर्ड स्कोर

**हैदराबाद, एजेंसी।** सनराइजर्स हैदराबाद ने चोटी के बल्लेबाजों की तूफानी पारियों के दम पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ बुधवार को यहां तीन विकेट पर 277 रन बनाए, जो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नया रिकॉर्ड है। सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने शुरू से लेकर आखिर तक ताबड़तोड़ रन बटोरे जिससे उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के 2013 में पुणे वारियर्स के खिलाफ बनाए गए पांच विकेट पर 263 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने में सफल रही। मैच में कुल 523 रन बने जो आईपीएल का रिकॉर्ड है। यही नहीं इस मैच में 38 छक्के लगे जो टी20 क्रिकेट में नया रिकॉर्ड है।

इन दोनों के आउट होने के बाद हेनरिक क्लासेन (34 गेंद पर नाबाद 80 रन, चार चौके, सात छक्के) और एडेन मार्कराम (28 गेंद पर नाबाद 42, दो चौके, एक छक्का) ने 55 गेंद पर 116 रन की अटूट साझेदारी की। मुंबई ने भी तेज शुरुआत की। उसकी तरफ से तिलक वर्मा ने 34 गेंद पर सर्वाधिक 64 रन बनाए जिसमें दो चौके और छह छक्के शामिल हैं। टिम डेविड ने 22 गेंद पर नाबाद 42 रन बनाकर हार का अंतर कम किया। मुंबई ने भी पावर प्ले में दो विकेट पर 76 रन बनाए लेकिन इस बीच उसने दोनों सलामी बल्लेबाज इशान किशन (13 गेंद पर 34 रन) और रोहित शर्मा (12 गेंद पर 26 रन) के विकेट गंवाए जिन्होंने परिस्थितियों के अनुरूप ताबड़तोड़ शुरुआत की। रोहित ने अपनी पारी में तीन जबकि किशन ने चार छक्के लगाए जिसने भुवनेश्वर कुमार के एक ओवर में लगाए गए तीन छक्के भी शामिल हैं। मुंबई की टीम भी आठवें ओवर में 100 रन के पार पहुंचने में सफल रही। वर्मा ने शाहबाज अहमद के एक ओवर में तीन छक्के लगाए जिससे मुंबई 10 ओवर के बाद दो विकेट पर 141 रन बनाकर अच्छी स्थिति में था। वर्मा ने जयदेव उनादकट पर चौका लगाकर 24 गेंद पर अपना अर्ध शतक पूरा किया। इस बीच उन्होंने नमन धीर (14 गेंद पर 30 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी की। कप्तान हार्दिक पंड्या (20 गेंद पर 24 रन) ने मयंक मार्कंडेय पर छक्का और चौका लगाकर शुरुआत की। लेकिन इसके बाद भुवनेश्वर ने पारी के 13वें ओवर में केवल पांच रन दिए। कमिंस ने ऐसे में वर्मा को डीप मिड विकेट पर कैच करा कर मुंबई की परेशानी बढ़ा दी। जब रन और गेंदों के बीच अंतर बढ़ रहा था तब हार्दिक और डेविड अपेक्षित तेजी से नहीं बना पाए। इस बीच 18 गेंद तक कोई चौका या छक्का नहीं लगा। मुंबई को अंतिम चार ओवर में 88 रन की दरकार थी और तब डेविड ने भुवनेश्वर पर दो छक्के लगाकर चुप्पी तोड़ी। लेकिन उनादकट ने हार्दिक को पवेलियन की राह दिखा दी। इससे पहले हेड जब पांच रन पर थे तब हार्दिक पंड्या की गेंद पर टिम डेविड ने उनका कैच छोड़ा। ऑस्ट्रेलिया के इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 17 वर्षीय क्वेना मफाका पर लगातार दो छक्के और दो चौके जड़कर इसका जश्न मनाया जिससे सनराइजर्स तीन ओवर में 40 रन बनाने में सफल रहा।

**हैदराबाद 277/3** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 19

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| मयंक अग्रवाल का डेविड बो हार्दिक | 11 | 13 | 1/0 |
| ट्रैविस हेड का नमन धीर बो कोएत्जी | 62 | 24 | 9/3 |
| अभिषेक शर्मा का नमन धीर बो चावला | 63 | 23 | 3/7 |
| एडन मार्कराम नाबाद | 42 | 28 | 2/1 |
| हेनरिक क्लासेन नाबाद | 80 | 34 | 4/7 |

**गेंदबाजी :** मफाका 4-0-66-0, हार्दिक 4-0-46-1, बुमराह 4-0-36-0, कोएत्जी 4-0-57-1, चावला 2-0-37-1, मुलानी 2-0-33-0

**मुंबई 246/5** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 11

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा कैच अभिषेक बोल्ड कमिंस | 26 | 12 | 1/3 |
| ईशान किशन कैच मारक्रम बोल्ड शाहबाज | 34 | 13 | 2/4 |
| नमन धीर कैच कमिंस बोल्ड उनादकट | 30 | 14 | 2/2 |
| तिलक वर्मा कैच मयंक बोल्ड कमिंस | 64 | 34 | 2/6 |
| हार्दिक पांड्या कैच क्लासन बोल्ड उनादकट | 24 | 20 | 1/1 |
| टिम डेविड नाबाद | 42 | 22 | 2/3 |
| रोमारियो शेफर्ड नाबाद | 15 | 06 | 2/1 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर कुमार 3-0-53-0, जयदेव उनादकट 4-0-47-2, शाहबाज अहमद 3-0-39-1, पैट कमिंस 4-0-35-2, उमरान मलिक 1-0-15-0, मयंक मार्कंडेय 4-0-52-0

## तेंदुलकर ने रोहित को 200 नंबर की जर्सी दी उपहार



**हैदराबाद, एजेंसी।** दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस के लिए 200वें मैच खेल रहे रोहित शर्मा को 200 नंबर लिखी जर्सी उपहार में दी है। आज यहां आईपीएल के आठवें मुकाबले में मुंबई इंडिया की ओर से सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलने मैदान में उतरे ही रोहित शर्मा मुंबई के लिए 200वां मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी बन गये है। मैच से पहले सचिन ने रोहित को 200 नवंबर की जर्सी भेंट करते हुए उनके शानदार करियर के लिए बधाई दी। रोहित शर्मा ने आईपीएल में कुल 245 मुकाबले खेले हैं। उन्होंने कुल छह हजार से भी ज्यादा रन बनाए हैं।

## खेल डायरी

### बोपन्ना-एबडेन मियामी ओपन के सेमीफाइनल में

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका)।** भारत के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने यहां मियामी ओपन में नीदरलैंड के सेम वर्बीक और ऑस्ट्रेलिया के जॉन-पैट्रिक स्मिथ को हराकर साल के तीसरे पुरुष युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीतने वाले बोपन्ना और एबडेन ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए 3-6 7-6 10-7 से जीत दर्ज की। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी बोपन्ना को इस जीत से एटीपी युगल रैंकिंग में शीर्ष 10 में रहने और जुलाई-अगस्त में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में मदद मिलेगी।

### मुख्य कोच के लिए ल्यूक रोंची के संपर्क में पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) राष्ट्रीय टीम के नए मुख्य कोच के लिए ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ल्यूक रोंची से बात कर रहा है। पीसीबी के एक सूत्र ने बुधवार को बताया कि 42 वर्षीय रोंची के साथ 'विस्तृत चर्चा' हुई। रोंची पाकिस्तान सुपर लीग टीम इस्लामाबाद यूनाईटेड के भी कोच रहे हैं। सूत्र ने कहा, ''कोई भी बड़ा कोच पीसीबी के लिए काम करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है क्योंकि उनमें से ज्यादातर पहले से ही विभिन्न लीग के साथ प्रतिबद्ध हैं या उन्हें पाकिस्तान क्रिकेट में काम करने को लेकर आशंका है इसलिए कोच की तलाश रोंची तक पहुंची है।''

### जोकोविच ने कोच इवानिसेविच से नाता तोड़ा

**लंदन।** शीर्ष रैंकिंग के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने 2018 से उनके कोच रहे गोरान इवानिसेविच से अलग होने का फैसला किया है। इवानिसेविच के साथ रहते हुए सर्बिया के खिलाड़ी जोकोविच ने 12 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। जोकोविच रिकॉर्ड 24 खिताब के साथ पुरुष वर्ग में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले खिलाड़ी हैं। जोकोविच ने बुधवार को 'इंस्टाग्राम' पर लिखा कि उन्होंने 'कुछ दिन पहले से' इवानिसेविच के साथ काम करना छोड़ दिया था। जोकोविच ने लिखा, ''कोर्ट पर हमारे रिश्तों में कई उतार-चढ़ाव रहे लेकिन हमारी दोस्ती हमेशा काफी मजबूत रही।''

### सिंधू की मैड्रिड मास्टर्स में विजयी शुरुआत

**मैड्रिड।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू बुधवार को यहां कनाडा की वेन यू झांग पर सीधे गेम में जीत के साथ मैड्रिड स्पेन मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंच गईं। पिछले सत्र में इस टूर्नामेंट की उपविजेता रहीं सिंधू ने विश्व रैंकिंग में 49वें स्थान पर काबिज झांग को एकतरफा मुकाबले में 21-16, 21-12 से शिकस्त दी। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू का अगला मुकाबला चीनी ताइपे की हुआंग यू-हसुन से होगा। लगभग आधे घंटे तक चले इस मुकाबले की शुरुआत में झांग ने सिंधू पर 4-2 की बढ़त बनायी। दोनों खिलाड़ियों ने इसके बाद एक-दूसरे को पछाड़ना जारी रखा और स्कोर एक समय 14-14 की बराबरी पर था। सिंधू ने इसके बाद कनाडा की खिलाड़ी को ज्यादा मौके नहीं दिये।

# रॉयल्स के खिलाफ सत्र की पहली जीत दर्ज करने उतरेगी दिल्ली

**जयपुर, एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स गुरुवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल सत्र की पहली जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा तो सभी की नजरें कप्तान ऋषभ पंत पर टिकी होंगी जबकि टीम को बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

गंभीर कार दुर्घटना के कारण 453 दिन बाहर रहने के बाद पंत पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर में उनके नए घरेलू मैदान पर वापसी करते हुए सिर्फ 13 गेंद (18 रन) टिक पाए थे। पंत ने हालांकि विकेट के पीछे प्रभावित किया और जितेश शर्मा को स्टंप भी किया। अपने पहले मैच की शुरुआती घबराहट से उबरने के बाद पंत जल्द ही लय हासिल करने को बेताब होंगे क्योंकि उन्हें ट्रेंट बोल्ट, रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल जैसे अनुभवी गेंदबाजों का सामना करना है। मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने पहले मैच में डेविड वार्नर और मिशेल मार्श से पारी का आगाज कराने का विकल्प चुना था जिससे कि यह जोड़ी पर्याप्त रन बनाकर मध्य क्रम में पंत के ऊपर से दबाव कम कर दे। ये दोनों हालांकि अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे और दबाव पंत पर आ गया। विकेटकीपर बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने हालांकि नाबाद 32 रन की तेजतर्रार पारी खेली जिससे दिल्ली की टीम एक समय सात विकेट पर 138 रन बनाकर मुश्किल में घिरी होने के बावजूद नौ विकेट पर 174 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा करने में सफल रही।

**राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, प्रसिद्ध कृष्णा, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान।

**दिल्ली कैपिटल्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश धुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्तवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा और शाई होप।

**समय :** मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

## शुभमन गिल पर धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख का जुर्माना

**चेन्नई।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान टीम की धीमी ओवर गति के लिए बुधवार को 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। आईपीएल के एक बयान में कहा गया, ''आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए गिल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।'' गिल की अगुवाई वाली टीम को पहली हार का सामना करना पड़ा जब मंगलवार को यहां गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने उसे 63 रन से हरा दिया। पहली बार किसी आईपीएल फ्रेंचाइजी का नेतृत्व कर रहे गिल की अगुआई में टाइटंस ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहला मैच छह रन से जीता था।

# फिर कप्तान बन सकते हैं बाबर आजम : सूत्र

**लाहौर, एजेंसी**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करने के लिए शान मसूद और शाहीन शाह अफरीदी की क्षमता पर भरोसा नहीं रह गया है और उसे लगता है कि पूर्व कप्तान बाबर आजम एक बार फिर टीम की कप्तानी के लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प हैं। पिछले साल भारत में एकदिवसीय विश्व कप के दौरान पाकिस्तान के ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाने के बाद बाबर ने सभी प्रारूपों में टीम की कप्तानी छोड़ दी थी। मसूद को जहां टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया तो वहीं शाहीन को टी20 टीम का कप्तान बनाया गया।



पीसीबी थिंक टैंक के सूत्रों ने कहा कि बोर्ड इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि कोई व्यावहारिक विकल्प उपलब्ध नहीं होने के कारण बाबर फिर से टीम का नेतृत्व करने के लिए सबसे अच्छा विकल्प हैं। एक सूत्र ने बताया, ''मजेदार बात यह है कि ऐसा प्रतीत होता है कि बोर्ड के अध्यक्ष में बदलाव के साथ ही पदाधिकारियों ने टेस्ट और टी20 प्रारूपों में राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करने की शान मसूद और शाहीन शाह अफरीदी की क्षमता पर भरोसा खो दिया है।''

## बॉलीवुड हलचल

# 'गेमचेंजर' के लिए सुपरस्टार रामचरण ने ली 100 करोड़ फीस



**मुंबई, एजेंसी।** आरआरआर जैसी ब्लॉकबस्टर मूवी देने वाले साउथ के सुपरस्टार राम चरण अपना 39वां जन्मदिन मना रहे हैं। राम चरण साउथ फिल्मों के उन सितारों में से हैं, जिन पर अपने पिता का स्टारडम हावी नहीं हुआ और उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई। उन पर फिल्माया गए गाने नाटू नाटू ने 2023 में ऑस्कर जीता था। आरआरआर में काम करने के लिए उन्हें डायरेक्टर एसएस राजामौली ने 45 करोड़ रु. फीस दी थी। मगर अपनी अगली फिल्म 'गेम चेंजर' के लिए रामचरण 100 करोड़ फीस चार्ज कर रहे हैं। वैसे, रामचरण की गिनती साउथ के सुपरस्टार्स में होती है, लेकिन उन्होंने बॉलीवुड की एक ही फिल्म की है। रामचरण ने 2007 में पुरी जगन्नाथ की फिल्म 'चिरुथा' से करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उन्होंने चरण नाम के युवक की भूमिका निभाई थी जो अपने माता-पिता के हत्यारों को खोज रहा होता है। फिल्म के डायरेक्टर और राइटर पुरी जगन्नाथ थे। इसमें नेहा शर्मा, प्रकाश राज, आशीष विद्यार्थी भी नजर आए थे। पहली ही फिल्म में रामचरण बेस्ट मेल डेब्यू का फिल्मफेयर साउथ अवॉर्ड जीतने में कामयाब रहे थे।



# कपिल से विवादों पर सुनील ने सात साल बाद तोड़ी चुप्पी

**मुंबई, एजेंसी।** 'द कपिल शर्मा शो' में गुत्थी और डॉक्टर गुलाटी का रोल प्ले करने वाले सुनील ग्रोवर जल्द ही कपिल शर्मा के साथ स्क्रीन स्पेस एक बार फिर से शेयर करते हुए नजर आने वाले हैं। दोनों ने नेटफ्लिक्स के शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के जरिए पर्दे पर लंबे समय के बाद वापसी कर रहे हैं। इन्हें साथ में देखने के लिए फैंस बेताब हैं। सात साल पहले फ्लाइट में झगड़ना होने की वजह से इनके बीच मनमुटाव हो गया था, जिसके बाद कॉमेडियन ने कपिल का शो छोड़ दिया था। ऐसे में अब वापसी और विवादों पर सुनील ग्रोवर ने रिएक्शन दिया है। चलिए बताते हैं उन्होंने क्या कुछ कहा। दरअसल, 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का हाल ही में प्रीमियर रखा गया था, जिसमें कपिल और सुनील साथ में पहुंचे थे। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में विवादित लड़ाई के बारे में दोनों ने खुलकर बात की थी। इस दौरान कॉमेडियन सुनील ग्रोवर ने कपिल के साथ अपनी लड़ाई का मजाक उड़ाया। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि इसकी सालों पहले प्लानिंग बना ली गई थी। सुनील ग्रोवर ने कहा कि वो जब फ्लाइट में बैठे तो उन्हें पता चला कि नेटफ्लिक्स इंडिया आ रहा है तो कुछ पब्लिसिटी स्टंट हो।

# अदिति राव हैदरी ने साउथ एक्टर सिद्धार्थ से रचाई शादी



**मुंबई, एजेंसी।** साउथ एक्टर सिद्धार्थ और अदिति राव हैदरी ने शादी कर ली है। दोनों ने तेलंगाना के श्री रंगानायक स्वामी मंदिर में शादी रचाई है। हालांकि अभी तक फोटोज सामने नहीं आई हैं। ग्रेट आंध्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सिद्धार्थ और अदिति राव हैदरी ने तेलंगाना के श्रीरंगापुरम जिले के रंगानायक स्वामी मंदिर में गुपचुप तरीके से शादी की है। दोनों पिछले कई साल से एक दूसरे को डेट कर रहे थे। सिद्धार्थ और अदिति ने एक साथ 2021 की तमिल-तेलुगु फिल्म महासमुद्रम में काम किया था। तभी से इन दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गईं। सिद्धार्थ ने बॉलीवुड की फेमस फिल्मों जैसे रंग दे बसंती और चश्मेबद्दूर में काम किया है। अदिति राव हैदरी साउथ के साथ हिंदी फिल्मों की भी जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। उन्होंने पद्मावत, बॉस, रॉकस्टार और मर्डर-3 जैसी फिल्मों में काम किया है। अदिति का जन्म 28 अक्टूबर 1986 को हैदराबाद में एहसान हैदरी और विद्या राव के घर हुआ था। अदिति हैदराबाद के निजाम रहे मो. साहेल अकबर हैदरी की पड़पोती हैं। अदिति के नाना राजा जे.रामेश्वर राव तेलंगाना के वनापर्थी के राजा थे। अदिति ने अपने करियर की शुरुआत बतौर भरतनाट्यम डांसर के तौर पर की थी। उन्होंने फेमस भरतनाट्यम डांस लीला सैमसन के डांस ग्रुप में भी काम किया था। यहां काम करने के बाद उन्होंने एक्टिंग की तरफ रुख किया था। उन्होंने पहली बार 2007 की तमिल फिल्म श्रृंगारम में एक्टिंग की थी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## जज रितु ने लोकपाल के न्यायिक सदस्य के रूप में ली शपथ

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति रितु राज अवस्थी ने बुधवार को लोकपाल के न्यायिक सदस्य के रूप में शपथ ली। लोकपाल के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर ने उन्हें शपथ दिलाई। भारतीय लोकपाल कार्यालय में आयोजित समारोह में पंकज कुमार और अजय तिर्की ने भी लोकपाल सदस्य के रूप में शपथ ली। बता दें, नई नियुक्तियां न्यायमूर्ति पी.के. मोहंती और न्यायमूर्ति अभिलाषा कुमारी व अन्य का 26 मार्च को कार्यकाल पूरा होने के बाद की गईं हैं। अवस्थी ने हिजाब पर फैसला सुनाने वाली कर्नाटक हाईकोर्ट की पीठ का नेतृत्व किया था। इससे पहले अवस्थी विधि आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे।



## केरल के मुख्यमंत्री की बेटी के खिलाफ ईडी ने दर्ज किया केस

- सीएम पिनरई विजयन के करीबियों पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन की बेटी वीणा विजयन, उनकी आईटी कंपनी और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया है। सूत्रों के अनुसार, एजेंसी ने धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है और सभी लोगों के खिलाफ समन जारी होने की संभावना है।

केंद्रीय कॉर्पोरेट मंत्रालय की जांच शाखा, गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) द्वारा शिकायत दर्ज करने के बाद ईडी ने केस दर्ज किया है। यह मामला आयकर विभाग की जांच से निकला है। आयकर विभाग ने बताया कि कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल) नाम की एक प्राइवेट कंपनी ने वीणा पिनरई की कंपनी को 2018 से 2019 के बीच 1.72 करोड़ रुपये का अवैध भुगतान किया। बता दें कि कर्नाटक हाई कोर्ट ने पिछले महीने एसएफआईओ द्वारा शुरू की गई जांच के खिलाफ एक्सलॉजिक सॉल्यूशंस द्वारा दायर याचिका खारिज कर दी थी। सीपीआई (एम) के प्रदेश सचिव एम वी गोविंदन ने ईडी की आलोचना की। उन्होंने पूछा कि क्या एजेंसी की कोई विश्वसनीयता है।



## एनआईए, बीपीआरडी और एनडीआरएफ में डीजी की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को बड़ी नियुक्तियों को हरी झंडी दिखाई। इसके तहत एनआईए, बीपीआरडी और एनडीआरएफ में नए महानिदेशकों (डीजी) की नियुक्ति की गई है। इससे जुड़ा आदेश भी जारी कर दिया गया है।

अधिसूचना के मुताबिक, आईपीएस सदानंद वसंत को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया। इसके अलावा आईपीएस पीयूष आनंद को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और आईपीएस राजीव कुमार शर्मा को बीपीआरडी के महानिदेशक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। केंद्र ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) में संयुक्त निदेशक के रूप में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सुप्रिया पाटिल यादव का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया।

## लोकसभा में बीते पांच साल में कुल 222 विधेयक पास

*संसद में हंगामे अक्सर सुर्खियां बटोरते हैं। देश की विधायिका पर बड़ा दारोमदार कानून बनाना और इसके लिए विधेयकों पर चर्चा के बाद इन्हें संसद के दोनों सदनों से पारित कराना है। कानूनों में संशोधन की प्रक्रिया भी संसद से होकर गुजरती है। खास बात ये कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सरकार ने बीते एक दशक में हजारों पुराने कानूनों को खत्म करने का दावा किया है। ताजा घटनाक्रम में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) की रिपोर्ट के मुताबिक 17वीं लोकसभा में 222 विधेयक पारित कराए गए। बीते पांच साल के दौरान 222 में से 45 विधेयक ऐसे हैं जो उसी दिन पारित हो गए जिस दिन इन विधेयकों को सदन में पेश किया गया।*



### 45 विधेयकों को पेश किए जाने वाले दिन ही मंजूरी दी गई

एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक जिन 45 विधेयकों को मंजूरी दी गई है इनमें विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, विनियोग विधेयक, जम्मू-कश्मीर विनियोग (नंबर-दो) विधेयक, केंद्रीय वस्तु और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2023 और चुनाव कानून (संशोधन) विधेयक, 2021 जैसे बिल शामिल हैं। एडीआर की इस रिपोर्ट में 17वीं लोकसभा के दौरान हुए विधायी कामकाज का विश्लेषण किया गया है।

### 11 विधेयक वापस लिए गए, सांसदों के औसत प्रदर्शन का भी आकलन हुआ

17वीं लोकसभा के पांच साल के कार्यकाल में 240 बिल पेश किए गए। इनमें से 222 पारित हुए। इसके अलावा 2019 से 2024 की अवधि में 11 बिल वापस ले लिए गए। छह विधेयक लंबित हैं। केवल एक विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली। सांसदों के प्रदर्शन को लेकर एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि एक सांसद ने औसतन 165 सवाल पूछे। सदन की कुल 273 बैठकों में से 189 में भाग लिया। छत्तीसगढ़ के सांसदों की औसत उपस्थिति सबसे अधिक रही। राज्य के 11 सांसदों ने 273 बैठकों में से 216 में भाग लिया। सबसे कम के पैमाने पर अरुणाचल प्रदेश रहा। यहां के सांसद की औसत उपस्थिति सबसे कम रही। अरुणाचल से निर्वाचित दो सांसदों ने केवल 127 बैठकों में भाग लिया।

# मलयेशिया के पीएम से मिले जयशंकर भारत के बहुआयामी संबंध होंगे मजबूत

### यात्रा के तीसरे और आखिरी चरण में मलयेशिया पहुंचे विदेश मंत्री, अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर गहन चर्चा

कुआलालंपुर, एजेंसी

भारत और मलयेशिया के बीच द्विपक्षीय संबंधों में मजबूती आ रही है। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की मुलाकात के बाद मलयेशिया के विदेश मंत्रालय द्वारा यह आधिकारिक बयान जारी किया गया है। दरअसल बुधवार को भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मलयेशिया में अपने समकक्ष मोहम्मद बिन हाजी के साथ मुलाकात की। इस दौरान पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर गहन चर्चा की गई।

आपको बता दें कि भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर सिंगापुर, फिलीपींस और मलयेशिया के दौरे पर हैं। इस यात्रा का तीसरा और आखिरी चरण मलयेशिया है। इससे पहले फिलीपींस और सिंगापुर में भी जयशंकर द्वारा यात्राएं और सार्थक मुलाकातें की गई हैं। बातचीत के दौरान जयशंकर ने पीएम मोदी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय विकास पर उनके मार्गदर्शन और अंतर्दृष्टि से लाभ हुआ। गौरतलब है कि जयशंकर सिंगापुर, फिलीपींस और मलेशिया की अपनी तीन देशों की यात्रा के तीसरे और आखिरी चरण में कुआलालंपुर में हैं। इससे पहले जयशंकर ने अपने मलेशियाई समकक्ष मोहम्मद बिन हाजी हसन से मुलाकात की।



कुआलालंपुर में मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम के साथ मौजूद जयशंकर।

### मुलाकात में इन मुद्दों पर हुई चर्चा

भारत और मलयेशिया के विदेश मंत्रियों ने सातवीं संयुक्त आयोग की बैठक आयोजित कराने पर भी चर्चा की। इससे पहले हसन द्वारा पदभार संभालने के बाद दिसंबर 2023 में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की मुलाकात हुई थी। इस बार इस यात्रा का उद्देश्य भारत और मलयेशिया के बीच सहयोग को मजबूत करना है। इसके साथ ही साझा चुनौतियों और अवसरों की समझ को बढ़ाना है। मलेशिया के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, 2023 में भारत ने मलयेशिया के 12वें सबसे बड़े वैश्विक व्यापार भागीदार की भूमिका अदा की थी। यह व्यापार कुल मिलाकार 16 .53 बिलियन डॉलर था।

### पीएम इब्राहिम से की द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से मुलाकात की। जयशंकर ने कहा कि इससे भारत और मलेशिया संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलेगी। सोशल मीडिया पोस्ट साझा करते हुए उन्होंने कहा कि मलयेशिया के प्रधानमंत्री से मुलाकात करना सम्मान की बात है। जयशंकर ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, मलेशिया के प्रधानमंत्री से मुलाकात सम्मान की बात है। पारंपरिक और नए युग दोनों क्षेत्रों में मजबूत भारत-मलयेशिया संबंधों के लिए उनका दृष्टिकोण, हमें रिश्ते के लिए एक अधिक महत्वाकांक्षी एजेंडा तैयार करने में मदद करेगा। क्षेत्रीय विकास पर उनके मार्गदर्शन और अंतर्दृष्टि से लाभ हुआ है।

## केंद्रीय विवि की छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में प्रोफेसर गिरफ्तार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में छात्रा से बलात्कार के आरोप में केंद्रीय विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर को गिरफ्तार किया गया है। शोधार्थी छात्रा ने अपने ही प्रोफेसर पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। छात्रा की शिकायत के आधार पर शाहपुर पुलिस थाना में प्रोफेसर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

बुधवार को आरोपी केमिस्ट्री' के प्रोफेसर राजेंद्र कुमार (44) को गिरफ्तार कर लिया गया है। एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर ने पुष्टि करते हुए बताया कि छात्रा ने अपनी शिकायत में बताया है प्रोफेसर ने शाहपुर के एक निजी होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करके प्रोफेसर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रोफेसर को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 30 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। वहीं दुष्कर्म को लेकर विद्यार्थियों ने सीयू परिसर में तालाबंदी कर प्रदर्शन किया। विद्यार्थी आरोपी प्रोफेसर को निलंबित करने की मांग पर अड़े रहे। वहीं, विवि प्रशासन ने आरोपी प्रोफेसर को निलंबित कर दिया है।

## राजनीतिक इच्छाशक्ति हो तो दुश्मन के घर में कार्रवाई कर सकती है वायुसेना: वीआर चौधरी

- वायुसेना प्रमुख बोले- भारत को भविष्य के लिए अभी से तैयार रहने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने बुधवार को कहा कि बालाकोट जैसे अभियानों ने साफ कर दिया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति हो तो दुश्मन की सीमा से परे जाकर हवाई ताकत दिखाई जा सकती है।

'भविष्य के संघर्षों में हवाई शक्ति' विषय पर एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए वायुसेना प्रमुख ने कहा कि जैसे-जैसे देश तेजी से अंतरिक्ष-आधारित संसाधनों पर निर्भर हो रहे हैं, अंतरिक्ष का सैन्यीकरण अपरिहार्य वास्तविकता बन गई है। वायुसेना ने 14 फरवरी को हुए पुलवामा आतंकी हमले के जवाब में 26 फरवरी, 2019 को पाकिस्तान के बालाकोट इलाके में जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकी प्रशिक्षण शिविर पर हमला बोला था। पाकिस्तान की वायुसेना ने अगले दिन ही जम्मू-कश्मीर में अनेक सैन्य प्रतिष्ठानों पर निशाना साधा था, लेकिन वे असफल रहे थे। उन्होंने कहा, मानव इतिहास में आकाश को अक्सर आश्चर्य और अन्वेषण का क्षेत्र माना गया है। यहां सपने उड़ान भरते हैं और सीमाएं विशाल नीले विस्तार में विलीन हो जाती हैं।




नई दिल्ली में बुधवार को आयोजित सेमिनार में मौजूद एयर मार्शल अनिल चोपड़ा और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी

### राजनाथ दो अप्रैल को भविष्य की रक्षा चुनौतियों पर करेंगे मंथन

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो अप्रैल को सेना के कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करेंगे। भारतीय सेना की प्रगति और भविष्य की तैयारियों को लेकर यहां वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व गहन चर्चा करेंगे और इस सत्र के दौरान समूचे देश की सुरक्षा का मूल्यांकन किया जाएगा। सैन्य कमांडरों का यह सम्मेलन वर्चुअल मोड में 28 मार्च को होगा और सशरीर उपस्थिति एक और दो अप्रैल को अनिवार्य होगी। 28 मार्च को थलसेना अध्यक्ष जनरल मनोज पांडेय नई दिल्ली में सैन्य कमांडरों को आनलाइन संबोधित करेंगे। एक और दो अप्रैल को नई दिल्ली में सैन्य कमांडरों की बैठक होगी जिसमें थलसेना अध्यक्ष पांडेय के अलावा सेना के सभी वरिष्ठ अफसर उपस्थित होंगे। इस अवसर पर भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयारी का मूल्यांकन किया जाएगा। सेना में शोध की संस्कृति को बढ़ावा देने और नई परिस्थितियों में ढलने के लिए विशेष प्रशिक्षण और निवेश संबंधी कार्यक्रमों पर जोर दिया जाएगा। दो अप्रैल को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कमांडरों की सभा को संबोधित करने के साथ ही वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व से परिचर्चा करेंगे। इस अवसर पर सीडीएस जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर .हरि कुमार और वायुसेना प्रमुख वीआर चौधरी भी सैन्य कमांडरों को संबोधित करेंगे।

## एक नजर



### अरुणाचल में एक वोट के लिए 39 किमी पैदल सफर करेंगे अफसर

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के मालोगम में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के वोटिंग के लिए पोलिंग अफसरों की टीम सिर्फ एक वोट लेने जाएगी। इसके लिए वे 39 किमी पैदल सफर करेंगे। चीन सीमा के पास स्थित मालोगम में सिर्फ एक महिला वोटर है। 44 साल की महिला का नाम सोकेला तायांग है। अधिकारियों ने बताया कि मालोगम में गिने-चुने परिवार रहते हैं। सोकेला को छोड़कर सभी का नाम दूसरे मतदान केंद्र पर दर्ज है। सोकेला किसी अन्य मतदान केंद्र पर नहीं जाना चाहती हैं। उनका वोट लेने के लिए अफसरों, सुरक्षाकर्मियों के साथ एक पोलिंग टीम हेयुलियांग से दुर्गम पहाड़ी इलाकों से होते हुए मालोगम जाएगी। चुनाव अधिकारी ने बताया कि हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि सभी लोगों अपनी बात कहने का मौका मिले।



### कश्मीर में अंजी ब्रिज पर रेल ट्रैक बिछाने का काम जारी

**श्रीनगर।** कश्मीर को देश से जोड़ने वाले अंजी ब्रिज का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। यहां पर रेलवे ट्रैक बिछाने का काम जारी है। इस ब्रिज का निर्माण अंजी नदी पर किया गया है, जो चिनाब की एक सहायक नदी है। नदी के तल से लगभग 331 मीटर ऊपर लटके इस पुल का नजारा बेहद खूबसूरत है। इसमें 96 केबल्स को सपोर्ट देकर फिक्स किया गया है। इस ब्रिज को रिकॉर्ड 11 माह में पूरा किया गया है। यह केबल ब्रिज सुरंग टी-2, कटड़ा और सुरंग टी-3 और रियासी छोर को भी भी जोड जोड़ता है। जो उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक प्रोजेक्ट का हिस्सा है। अफसरों का कहना है कि ब्रिज पर ट्रेन 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ सकेगी।

## भारत ने भूटान को पांच अरब डॉलर की मदद भेजी

- ग्यालसुंग परियोजना के लिए जारी की दूसरी किस्त, अब तक 10 अरब रुपये की भेजी मदद

नई दिल्ली, एजेंसी

भूटान की मदद के लिए भारत की तरफ से 5 अरब डॉलर की दूसरी किश्त भेजी गई है। इस किश्त की मदद से भूटान में ग्यालसुंग परियोजना से संबंधित बुनियादी ढांचे का विकास होगा। भूटान में भारत के राजदूत सुधाकर दलेला ने भूटान के विदेश मंत्री ल्योनपो डी.एन. धुंगयेल से मुलाकात कर किश्त सौंपी।

भूटान में भारतीय दूतावास ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि इस किश्त के साथ ही भारत ने भूटान के साथ हुए समझौते के तहत शाही सरकार के लिए कुल दस अरब रुपये जारी कर दिए हैं। इससे पहले 28 जनवरी 2024 को भी भारत ने भूटान के लिए पांच अरब रुपये की किश्त जारी की थी। दरअसल भारत और भूटान के बीच जनवरी 2024 में एक एमओयू पर हस्ताक्षर हुए थे। इस एमओयू के अनुसार भारत द्वारा भूटान को 15 अरब रुपये की मदद की जाएगी। यह अतिरिक्त मदद भूटान के ग्यालसंग में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए दी जा रही है। जनवरी 2023 में भी भारत ने डेसुंग फॉर ग्यालसंग कार्यक्रम के लिए दो अरब रुपये का अनुदान दिया था। भूटान में भारतीय दूतावास ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि भूटान के साथ साझेदारी करना भारत के लिए सौभाग्य की बात है।



### भारत-अमेरिका सैन्य अभ्यास में जवान आजमा रहे ताकत-तकनीक

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच तीनों सेनाओं का संयुक्त सैन्य अभ्यास हो रहा है। इसका मकसद युद्ध कौशल निखारना और जटिल चुनौतियों से निपटने के प्रभावी तरीके विकसित करना है। अभ्यास में शामिल भारतीय सेना के बटालियन समूह में 700 से अधिक कर्मी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत और अमेरिका के बीच चल रहे ट्राई सर्विस एक्सरसाइज - 'टाइगर ट्रायम्फ -24' में भाग ले रहे सैनिक पूर्वी समुद्री तट पर सैन्य अभ्यास कर रहे हैं। 14 दिवसीय अभ्यास दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है। इसमें विशाखापत्तनम में बंदरगाह चरण और उसके बाद काकीनाडा में समुद्री चरण शामिल है। सेना ने कहा, 18-31 मार्च तक चलने वाले इस सैन्य अभ्यास का मकसद सैनिकों को मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) के लिए और बेहतर तरीके से तैयार करना है। सेना के मुताबिक थल सेना, वायुसेना और नौसेना के बीच कैसे अंतरसंचालन को बेहतर बनाया जाए, इसकी संभावनाएं भी तलाशी जा रही हैं।

## हवाई अड्डे पर आपस में टकराए इंडिगो-एयर इंडिया के विमान

- बाल-बाल बचे यात्री, हादसे के वक्त दोनों विमानों में सवार थे 294 यात्री

कोलकाता, एजेंसी

कोलकाता हवाई अड्डे पर बुधवार को एक बड़ा हादसा टल गया। इंडिगो विमान का पंख एयर इंडिया के एयर क्राफ्ट के पंख से जा टकराया। इंडिगो की फ्लाइट टैक्सी वे से गुजर रही थी, तभी एयरक्राफ्ट का हिस्सा एयर इंडिया के एयर क्राफ्ट से टकरा गया।

हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बता दें, इंडिगो की उड़ान में 131 लोग सवार थे, जबकि एयर इंडिया एक्सप्रेस विमान में 163 यात्री मौजूद थे। इंडिगो का विमान क्लीयरेंस का इंतजार कर रहा था। इंडिगो ने बयान जारी कर इसकी जानकारी दी है। इंडिगो प्रवक्ता ने कहा कि कोलकाता हवाई अड्डे पर इंडिगो के एक विमान और दूसरे वाहक के विमान के बीच मामूली टक्कर की सूचना मिली। प्रोटोकॉल के अनुसार, विमान निरीक्षण और आवश्यक कार्रवाई के लिए खाड़ी में लौट आया। नतीजतन, कोलकाता और दरभंगा के बीच इंडिगो की उड़ान 6ई 6152 में देरी हुई है।

इंडिगो प्रवक्ता ने बताया कि यात्रियों को देरी और असुविधा को कम करने के लिए एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की गई है। इंडिगो हर चीज से ऊपर यात्री सुरक्षा को प्राथमिकता देती है। प्रोटोकॉल के अनुसार, घटना की रिपोर्ट उचित समय पर डीजीसीए को सौंपी जाएगी। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने बुधवार को इंडिगो एयरलाइंस के पायलटों को पद से हटा दिया है।

**विज्ञान** एरिजोना विवि के अल्फी नॉरविले जेम एंड मिनरल संग्रहालय समेत कई अन्य देशों में किया गया प्रदर्शित

## क्षुद्रग्रह 'बेन्नु' के नमूनों को संग्रहालयों में रखा

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** ब्रह्मांड में पृथ्वी के समान कंकड़ व मिट्टी के अनगिनत भंडार हैं। हाल में एक क्षुद्रग्रह से लाए नमूनों से इसका पता चलता है। इस क्षुद्रग्रह का नाम बेन्नु है। इन दुर्लभ नमूनों को एरिजोना विश्वविद्यालय के अल्फी नॉरविले जेम एंड मिनरल संग्रहालय समेत कई अन्य देशों में प्रदर्शित किया गया है।

छोटे से कंकड़ को अंतरिक्ष से पृथ्वी पर लाने के लिए इतनी मसक्कत क्यों? यह प्रश्न स्वाभाविक है, लेकिन वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अनमोल है। जिसे हासिल करने में नासा ने अरबों डाल खर्च कर दिए और सात वर्ष से अधिक समय इसके पीछे लगा दिया। नासा के ओएसआईआरआईएस-आरईएक्स नामक मिशन को इस कार्य में लगाया गया था।

वर्ष 2016 में इस मिशन को क्षुद्रग्रह बेन्नु पर लॉन्च किया गया था, जो सात साल की यात्रा के बाद 2023 में पृथ्वी पर वापस लौटा। यह एक रोमांचक अंतरिक्ष सफर रहा। जिसमें यान ने 6.8 बिलियन किमी की यात्रा पूरी की। अंतरिक्ष यान द्वारा क्षुद्रग्रह बेन्नू से लाए गए टुकड़ों को यूटा रेगिस्तान पर गिराया था।

इसके बाद नमूनों को तुरंत विश्लेषण के लिए ह्यूस्टन के एक साफ कमरे में ले जाया गया। जिन्हें अब एरिज़ोना, टेक्सास और वाशिंगटन डी.सी. में बेन्नू दुर्लभ नमूनों को संग्राहलय में आमजन के अवलोकन के लिए सुसज्जित कर दिया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि प्रारंभिक विश्लेषण से पता चलता है कि यह क्षुद्रग्रह एक छोटे ग्रह जैसे पिंड का अवशेष है, जो शायद कभी समुद्री दुनिया रही होगी।



ओरिजोन के संग्रहालय में रखा अंतरिक्ष से लाया गया दुर्लभ कंकड़।

### शनि के चंद्रमा एन्सेलाडस जैसा है बेन्नु

बेन्नू के नमूनों के विश्लेषण से पता चलता है कि यह पानी, मिट्टी, कार्बन, नाइट्रोजन, सल्फर, फास्फोरस, कैल्शियम, मैग्नीशियम और फॉस्फेट से समृद्ध है। यह एक छोटे ग्रह जैसे पिंड का बचा हुआ टुकड़ा है। जिसमें एक महासागर था। यह शनि के चंद्रमा एन्सेलाडस के समान प्रतीत होता है। ग्रहों की दुनिया के शोध में बन्नू के नमूने मील का पत्थर साबित होंगे।

## बाल्टीमोर हादसे में लापता छह लोगों को मृत माना, तलाशी अभियान थमा

बाल्टीमोर, एजेंसी

अमेरिका के मैरीलैंड प्रांत के बाल्टीमोर में पटाप्सको नदी पर बने ऐतिहासिक फ्रांसिस स्कॉट ब्रिज एक जहाज के टकराने के बाद नदी में गिर गया है। इस हादसे के बाद लापता हुए छह लोगों को मृत मान लिया गया है।

अमेरिकी कोस्ट गार्ड का कहना है कि बाल्टीमोर में एक पुल ढहने के बाद लापता छह लोगों की तलाश को रोक दिया गया है। रियर एडमिरल शैनन गिलरेथ ने कहा कि हमने इस खोज अभियान को रोक दिया है। अब इस बात की कम ही उम्मीदें है कि हादसे के बाद लापता हुए छह लोग जीवित होंगे।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बाल्टीमोर में एक मालवाहक जहाज फ्रांसिस स्कॉट ब्रिज से टकरा गया था। इस हादसे के दौरान कई लोग और कारें नदी में गिर गई थी। मैरीलैंड के गवर्नर वेस मूर के अनुसार, मालवाहक जहाज के चालक द्वारा हादसे से पहले मदद भी मांगी गई थी। आशंका जताई जा रही है कि बिजली की समस्या के कारण मालवाहक जहाज पुल से टकराया है।



### भारतीय दूतावास ने घटना पर जताया दुख, हेल्पलाइन जारी

अमेरिका में भारतीय दूतावास ने मैरीलैंड राज्य के बाल्टीमोर शहर में हुए दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया। हादसे का शिकार हुए जहाज में चालक दल के सभी 22 सदस्य भारतीय थे। ये सभी सुरक्षित हैं। अमेरिका में भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों के लिए एक हेल्पलाइन जारी की है। उसका कहना है कि यह हेल्पलाइन उन लोगों के लिए हैं, जो इस हादसे से प्रभावित हो सकते हैं या सहायता की आवश्यकता हो सकती है। वहीं, दूतावास पोत के चालक दल के संबंध में ब्यौरे का भी पता लगा रहा है।